हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का सामान्य कूपन
कल के अंक में देखें।

खबर संक्षेप



हुमायूं कबीर ने लिया राजनीति से संन्यास

कोलकाता। आम जनता उन्नयन पार्टी के प्रमुख और विधायक हुमायूं कबीर ने बुधवार को रेजीनगर विधानसभा उपचुनाव के नतीजे आने से पहले ही राजनीति से संन्यास की घोषणा कर दी। बंगाल में बाबरी मस्जिद की नींव रखने के कारण चर्चा में रहे कबीर यह कहते हुए फूट-फूट कर रो पड़े। उन्होंने कहा कि भाजपा भारी मतों से जीतेगी, लेकिन इसे जनादेश नहीं माना जा सकता, क्योंकि प्रशासन का इस्तेमाल कर वोटों की चोरी की गई है।

▸▸पढ़ें पेज 02 भी

बतौर पीएम-सीएम 25 साल पूरे, रिकॉर्ड बनाया

प्रधानमंत्री मोदी 50 मिनट के संबोधन में 19 बार बोले - वी विल डू इट

भारत के विकसित होने तक न थकूंगा, न रुकूंगा



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री ने कहा, *बुद्ध से लेकर विवेकानंद तक, जो राष्ट्र वैचारिकी का अनुष्ठान करता रहा हो, उस राष्ट्र की सेवा करते हुए मुझे कभी अकेलापन नहीं लगा*

'वी विल डू इट... हम करके दिखाएंगे।' पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अपने सार्वजनिक जीवन के 25 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में इस नारे का 19 बार जिक्र किया। उन्होंने नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प सभा' को संबोधित करते हुए कहा, 'जब तक भारत विकसित नहीं होता, तब तक न थकूंगा, न रुकूंगा।' उन्होंने कहा, 'मैं महत्वाकांक्षा नहीं, मिशन के लिए जीता हूं। जिसने मुझे गिराया, उसी ने खड़ा होना सिखाया। जिसने मेरा विरोध किया, उसने लोकतंत्र की शक्ति समझाई।' उन्होंने कहा कि 25 साल पीछे मुड़कर देखने पर उपलब्धियों से ज्यादा कृतज्ञता का भाव आता है। हर घटना ने कुछ सिखाया और नम्र होना सिखाया। ईश्वर से यही मांगा कि सीखने की इच्छा कभी कम न हो। मोदी ने कहा, हमने इस राष्ट्र में जन्म लिया है, ये अहसास ही अमृत है। इसके सामने सत्ता सुख कुछ नहीं है। पद-प्रतिष्ठा तो कहीं भी मिल सकती है, लेकिन ▸▸शेष पेज 4 पर

मैं महत्वाकांक्षा नहीं मिशन के लिए जीता हूं। जिसने मुझे गिराया, उसी ने खड़ा होना सिखाया

25 सालों का आकलन इससे नहीं होगा कि मैं कहां पहुंचा, बल्कि इससे होगा कि मेरा देश कहां पहुंचा?



पीएम मोदी ने स्टेडियम में सभी का अभिवादन किया

मैं जो भी हूं, जनता की वजह से हूं

पीएम मोदी ने कहा कि आज मैं जो भी हूं, जहां भी हूं, जिस दायित्व पर हूं, इसमें जनता का सबसे बड़ा योगदान है। मेरे लिए जनता जनार्दन ही भगवान है। देश ने बहुत कुछ दिया है, इसलिए देश के लिए दायित्व भी बहुत बड़ा है। उन्होंने कहा कि चुनाव ने सिखाया कि साधन-संसाधन भले ही कम हों, लेकिन हौसले और सपने बड़े होने चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, बुद्ध से लेकर विवेकानंद तक, जो राष्ट्र वैचारिकी का अनुष्ठान करता रहा हो, उस राष्ट्र की सेवा करते हुए मुझे कभी अकेलापन नहीं लगा। कभी लगा ही नहीं कि मैं अकेला हूं। मुझे स्वयंसेवकों का भी भरपूर साथ मिला है। हम सेवक हैं मानवता के, सेवा धर्म हमारा है, दीन-दुखी की सेवा करना, निश्चित कर्म हमारा है।

मैं अधिक ऊर्जा से काम और जनता की सेवा कर सकूं

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह जनता के आशीर्वाद का परिणाम है। उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी और एनडीए पर विश्वास रखने वाली सभी राजनीतिक पार्टियों का आभार। मैं जनता के चरणों में शीश झुकाकर नमन करता हूं। विधानसभा और लोकसभा के चुनाव में जनता ने मुझे अपनी सेवा के लिए चुना। मैंने सुबह परमात्मा से 140 करोड़ देशवासियों के लिए प्रार्थना की कि मुझे इतनी शक्ति और ताकत दें कि मैं अपने देश के लिए और अधिक ऊर्जा से काम कर सकूं और उनकी सेवा कर सकूं।



पीएम मोदी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी से उनके घर जाकर मुलाकात की और यह तस्वीर एक्स पर शेयर भी की



शिवलिंग पर जल चढ़ाया

प्रार्थना कि विघ्नहर्ता की कृपा से सबका कल्याण हो और देश निरंतर प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ता रहे

मंदिर में प्रसाद भी ग्रहण किया

प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली के श्री विनायक मंदिर में की पूजा-अर्चना

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली के सरोजिनी नगर स्थित श्री विनायक मंदिर में भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की। यह अवसर सरकार के मुखिया के रूप में उनके 25 वर्ष पूरे होने का था। प्रधानमंत्री ने मंदिर में भगवान श्री गणेश के दर्शन किए, प्रसाद ग्रहण किया और परिसर में विभिन्न स्थलों पर प्रार्थना भी की। इस दौरान उन्होंने देशभर के लोगों की सुख-समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि नरेंद्र मोदी ने 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। तब से वे लगातार सत्ता में हैं। पहले गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में और 2014 से देश के प्रधानमंत्री के रूप में। उन्हें इस जिम्मेदारी को निभाते हुए ठीक 25 वर्ष पूरे हो गए हैं। अपने सोशल मीडिया पोस्ट ▸▸शेष पेज 4 पर

पीएम मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष

सेवा-सुशासन और गरीब कल्याण को 'समर्पित' रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



मुख्यमंत्री ने राष्ट्र निर्माण की इस अविराम यात्रा के गौरवपूर्ण पड़ाव के लिए प्रदेशवासियों को दी बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सेवा-सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के राष्ट्र निर्माण के संकल्प की यह अविराम यात्रा 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुई। जनसेवा की यात्रा आज 25 वर्षों के गौरवपूर्ण पड़ाव पर पहुंच रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को उज्जैन में सेवा ज्योति कलश यात्रा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह ▸▸शेष पेज 4 पर

'एमपी ट्रैवल मार्ट' सीएम की मौजूदगी में महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर एवं लेटर ऑफ अवॉर्ड प्रदान

पर्यटन निवेशकों के साथ वन-टू-वन हजारों करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'एमपी ट्रैवल मार्ट' के दौरान मप्र में पर्यटन क्षेत्र को नई ऊंचाई देने और निजी निवेश को गति प्रदान करने के उद्देश्य से देश-विदेश के प्रमुख पर्यटन निवेशकों, हॉस्पिटैलिटी समूहों और स्टेकहोल्डर्स के साथ वन-टू-वन बैठकें कीं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र प्राकृतिक सौंदर्य, समृद्ध वन्यजीव संपदा, ऐतिहासिक धरोहरों और आध्यात्मिक पर्यटन की दृष्टि से असीम संभावनाओं का केंद्र है। राज्य सरकार पारदर्शी नीतियों, त्वरित अनुमतियों और सिंगल-विंडो सिस्टम के माध्यम से निवेशकों को हरसंभव सहयोग देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'एमपी ट्रैवल मार्ट' के दौरान मप्र में पर्यटन क्षेत्र को नई ऊंचाई देने और निजी निवेश को गति प्रदान करने के उद्देश्य से देश-विदेश के प्रमुख पर्यटन निवेशकों, हॉस्पिटैलिटी समूहों और स्टेकहोल्डर्स के साथ वन-टू-वन बैठकें कीं। इस दौरान प्रदेश में पर्यटन अधोसंरचना, धरोहर संरक्षण, कौशल विकास, फिल्म पर्यटन ▸▸शेष पेज 4 पर

सीहोर के रामगढ़ में 848.40 करोड़ का बड़ा निवेश एमओयू, इससे करीब 920 से अधिक नौकरियां बनेंगी



कौशल विकास, हेरिटेज संरक्षण और फिल्म पर्यटन में एमओयू

पर्यटन विकास, योजना और क्षमता निर्माण के क्षेत्र में कई अन्य महत्वपूर्ण एमओयू भी संपन्न हुए। फिल्म पर्यटन के क्षेत्र में एसीएडी, इंदौर के साथ फिल्म निर्माण शिक्षा, पर्यटन एवं कंटेंट निर्माण के लिए समझौता हुआ। ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के तहत स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए), नई दिल्ली के साथ ओरछा के ऐतिहासिक परिसर की समेकित प्रबंधन योजना तैयार करने के लिए ▸▸शेष पेज 4 पर

सीएम डॉ.यादव ने कहा

- ▸▸ पर्यटन की दृष्टि से असीम संभावनाओं का केंद्र है मप्र
- ▸▸ पर्यटन निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध

हॉस्पिटैलिटी और लक्जरी रिसॉर्ट्स के क्षेत्र में आए निवेश प्रस्ताव

वन-टू-वन बैठकों के दौरान हॉस्पिटैलिटी और लक्जरी रिसॉर्ट्स के क्षेत्र में बड़े निवेश प्रस्ताव आए। एटमॉस्फियर ग्रुप के प्रबंध निदेशक सौभाग्य महापात्रा ने उज्जैन, इंदौर और प्रमुख वन्यजीव सर्किटों में लक्जरी हॉस्पिटैलिटी विस्तार के लिए 500 करोड़ के निवेश की योजना साझा की। रेनी ग्रुप के निदेशक पंकज फुलवानी ने मांडू में 350 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक लुनेरा सराय को 'वेलकमहोटल बाय आईटीसी' (130 करोड़) के रूप में विकसित करने, खजुराहो में कुटनी डैम के सामने वॉटरफ्रंट रिसॉर्ट (125 करोड़), सीधी में 'स्टोरी बाय आईटीसी' (35 करोड़) और मैहर में रिसॉर्ट सहित कुल 290 करोड़ रुपए के निवेश की जानकारी दी।

रेपो रेट में 25 बेसिस प्वाइंट की बढ़ोतरी करते हुए इसे 5.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दिया

छह सदस्यों वाली मौद्रिक नीति समिति ने इस फैसले के पक्ष में एकमत से वोट दिया

होम और कार लोन की ईएमआई 'बढ़ना' तय रिजर्व बैंक ने 3.5 साल बाद बढ़ाई रेपो रेट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

घर या गाड़ी की ईएमआई चुका रहे लोगों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने बड़ा फैसला लिया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति ने रेपो रेट में 25 बेसिस प्वाइंट की बढ़ोतरी करते हुए इसे 5.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दिया। करीब साढ़े तीन साल बाद यह पहला मौका है, जब रिजर्व बैंक ने प्रमुख ब्याज दर बढ़ाई है। छह सदस्यों वाली समिति ने इस फैसले के पक्ष में एकमत से वोट दिया। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण महंगा कच्चा तेल और खाने-पीने की चीजों पर बढ़ता दबाव इस फैसले की बड़ी वजह बने हैं। हालांकि, अर्थव्यवस्था की ▸▸शेष पेज 4 पर

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण महंगा कच्चा तेल और खाने पीने की चीजों पर बढ़ता दबाव इस फैसले की बड़ी वजह



अब औसत महंगाई 5.2 प्रतिशत रहने का अनुमान

रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए महंगाई का अनुमान भी बढ़ा दिया है। अब औसत महंगाई 5.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जबकि इससे पहले इसे 5 प्रतिशत माना गया था। कोर महंगाई का अनुमान भी 4.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.4 प्रतिशत कर दिया गया है। अगस्त में उपभोक्ता महंगाई सालाना आधार पर बढ़कर 4.82 प्रतिशत पहुंच गई थी। यह लगातार तीसरा महीना था, जब महंगाई रिजर्व बैंक के ▸▸शेष पेज 4 पर

आगे भी बढ़ सकती हैं ब्याज दरें

रिजर्व बैंक ने सिर्फ रेपो रेट नहीं बढ़ाया, बल्कि अपनी मौद्रिक नीति के रुख को भी न्यूट्रल से बदलकर कैलिब्रेटेड टाइटनिंग कर दिया है। इसे आने वाले समय में जरूरत पड़ने पर ब्याज दरों में और बढ़ोतरी के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि रिजर्व बैंक गवर्नर संजय मल्होत्रा ने साफ किया कि आगे ब्याज दर कब और कितनी बढ़ेगी, इसका फैसला महंगाई ▸▸शेष पेज 4 पर



देवी प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे कलाकार





भोपाल। आगामी नवरात्रि को लेकर कलाकार देवी प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। कोई प्रतिमा पर रंग भर रहा है तो कोई आभूषण और श्रृंगार को आकार दे रहा है। कारीगर दिन-रात मेहनत कर प्रतिमाओं को आकर्षक रूप देने में लगे हैं, ताकि स्थापना के बाद भक्तों को देवी के भव्य स्वरूप के दर्शन हो सकें।

नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, श्रीकृष्ण जन्म पर झूमे श्रद्धालु

अहंकार से पुण्य और पुण्य के नाश से कम होती है मनुष्य की आयुः पं. ओम प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



राजधानी की सम्राट कॉलोनी स्थित गोपी वाला महादेव मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिन बुधवार को कथा में धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर पंडित ओम प्रकाश शास्त्री ने कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि अहंकार से व्यक्ति के पुण्य का नाश होता है और पूण्य के नाश से व्यक्ति की आयु कम होती है।

अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होकर पापों को नष्टते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद घर आनंद भयो जय कन्हिया लाल की के जयकारों से गूंजने लगा।

इस अवसर पर श्रीकृष्ण नंद बाबा की सुंदर झांकी का वर्णन भी किया गया। इस अवसर पे व्यास पीठ का पूजन कथा यजमान प्रभात नारायण मिश्रा, अनिल कुमार बरसैयां आदि ने किया। कथा यजमान नारायण मिश्र ने बताया कि गुरूवार को कथा में ठाकुर श्री गिरिराज धरण और छप्पन भोग की लीला का वर्णन होगा। इस अवसर पर भगवान गिरिराज की सुंदर झांकी सजाई कर छप्पन भोग भी भगवान को अर्पित किए जाएंगे।

वक्फ के फैसले और प्रशासन के अगले आदेश तक मेट्रो के रास्ते में अड़ंगा

शाही कब्रिस्तान से मेट्रो कंपनी ने समेटा सामान, अगले आदेश तक अटका काम

अंडरग्राउंड काम की तैयारी पर विवाद, कंटेनर और मशीनें हटाईं, काम रुका

कब्रिस्तान के नीचे से 16.74 किमी मेट्रो लाइन के लिए गतिविधियां नहीं आई नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



कलेक्टर की बैठक में बनी सहमति, लेकिन तस्वीर अभी साफ नहीं

विवाद के बाद मंगलवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने बैठक बुलाई। इसमें विधायक आतिफ अकील, एडिशनल सीपी शैलेंद्र सिंह चौहान, मेट्रो एमडी कृष्ण एस. चैतन्य, एसडीएम रवीशकुमार श्रीवास्तव, शाही औकाफ के प्रतिनिधि और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में प्रशासन और मेट्रो अधिकारियों ने शाही औकाफ के प्रतिनिधियों को बताया कि अंडरग्राउंड रूट तैयार करते समय कब्रिस्तान की किसी कब्र को नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा। हालांकि, जमीन पर काम कब और किस तरीके से शुरू होगा, इसे लेकर अंतिम स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है।

शाही कब्रिस्तान में अंडरग्राउंड मेट्रो का काम फिलहाल रोक दिया गया है। सोमवार रात जेसीबी और निर्माण सामग्री लेकर पहुंची मेट्रो टीम ने जैसे ही काम की तैयारी शुरू की, विरोध खड़ा हो गया। विधायक आतिफ अकील समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और जमीन से जुड़े वक्फ अधिकरण के मामले का हवाला देते हुए सवाल उठाए। इसके बाद मेट्रो टीम को कब्रिस्तान की बाउंड्री के अंदर रखा कंटेनर और अन्य सामान हटाना पड़ा। रात में जिस जगह काम शुरू करने की तैयारी थी, मंगलवार को वहां मेट्रो की गतिविधियां नजर नहीं आईं। अब पूरा मामला प्रशासन के अगले निर्देश पर टिक गया है।

पहले तैयारी, फिर विरोध और अब काम बंद

मेट्रो टीम सोमवार रात जेसीबी और अन्य सामग्री के साथ शाही कब्रिस्तान पहुंची थी। यहां बैरिकेडिंग और निर्माण की तैयारी की जा रही थी। इसकी जानकारी मिलते ही विधायक आतिफ अकील मौके पर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि जब कब्रिस्तान की जमीन को लेकर वक्फ अधिकरण में मामला चल रहा है, तो काम शुरू करने की तैयारी, किस अनुमति के आधार पर की जा रही है। विवाद बढ़ने के बाद अधिकारियों और विधायक के बीच बातचीत हुई। इसके बाद टीम ने बाउंड्री के अंदर रखा कंटेनर और दूसरी सामग्री हटा लिया है।

वक्फ अधिकरण के फैसले तक कार्रवाई नहीं होने का दावा

विधायक आतिफ अकील के मुताबिक, मेट्रो अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि वक्फ अधिकरण का फैसला आने तक शाही कब्रिस्तान में कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। साथ ही जमीन पर किसी भी तरह का काम वैधानिक अनुमति मिलने के बाद ही होना चाहिए। यानी अब मेट्रो के सामने दो स्तर की स्थिति है,एक तरफ तय समय में प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने की जरूरत है और दूसरी तरफ कब्रिस्तान की जमीन को लेकर कानूनी आपत्ति बनी हुई है।

टीम ने किया मौके का मुआयना

कलेक्टर के निर्देश पर बुधवार को प्रशासन और मेट्रो की संयुक्त टीम शाही कब्रिस्तान का निरीक्षण किया टीम मौके की स्थिति, प्रस्तावित रूट और निर्माण की संभावनाओं को देखा जिसके बाद प्रशासन आगे की कार्रवाई को लेकर निर्णय ले सकती है। यह अहम है, क्योंकि इसी के बाद यह स्पष्ट होगा कि मेट्रो का प्रस्तावित अंडरग्राउंड रूट किस हिस्से से गुजरेगा और कब्रिस्तान की जमीन पर निर्माण को लेकर क्या रास्ता निकाला जाता है।

16.74 किमी के प्रोजेक्ट में 3.39 किमी भूमिगत

मेट्रो के ऑरेंज लाइन फेज-2 में सुभाष नगर से करोंद तक 16.74 किमी का कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है। इसमें 5.38 किमी हिस्सा एलिवेटेड रहेगा, जबकि 3.39 किमी रूट अंडरग्राउंड होगा। एलिवेटेड हिस्से में पुल बोगदा, ऐशबाग, सिंधी कॉलोनी, डीआईजी बंगला, कृषि उपज मंडी और करोंद चौराहा स्टेशन प्रस्तावित हैं।

शाही कब्रिस्तान की जगह छोड़ कर प्रशासन काम करे

हम पहले भी मना कर चुके हैं। शाही कब्रिस्तान की जगह छोड़कर प्रशासन काम करें, हम उनके साथ हैं। शाही औकाफ अपनी जगह सही हैं। शाही कब्रिस्तान की जगह छोड़कर ही काम किया जाना चाहिए।

मौलाना मुश्ताक अली नदवी
शहर काजी



प्रशासन से बातचीत के बाद सड़क से हटने पर हुए राजी

शिक्षक भर्ती : बोर्ड ऑफिस चौराहे पर अभ्यर्थियों का प्रदर्शन, लगा लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र शिक्षक भर्ती वर्ग-3 में मेरिट होल्डर के रूप में चयनित सैकड़ों अभ्यर्थी नियुक्ति और जॉइनिंग की मांग को लेकर लगातार चौथे दिन भी बुधवार को बोर्ड ऑफिस चौराहे पर डटे रहे। अभ्यर्थी दिनभर तपती धूप में प्रदर्शन के बाद सड़क पर ही बैठ गए, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। अभ्यर्थियों ने करीब चार घंटे तक प्रदर्शन किया। हालांकि शाम तक एसडीएम लाखन सिंह चौधरी और पुलिस अधिकारियों से बातचीत के बाद वे सड़क से हटने की बात पर राजी हुए। उम्मीदवारों ने 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। भोपाल के एमपी नगर चौराहे पर प्राथमिक शिक्षक वर्ग-3 के मेरिट होल्डर उम्मीदवारों ने चक्काजाम खत्म कर दिया है। चयनित अभ्यर्थी बलराम परमार ने बताया कि डीएसपी विकास और एसडीएम से बातचीत हुई है। अधिकारियों ने ज्ञापन लिया है। मांग ऊपर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है। समस्या का समाधान नहीं हुआ तो दोबारा चक्काजाम किया जाएगा, तब तक अभ्यर्थी सड़क से हटकर अपना प्रदर्शन जारी रखेंगे।



चार दिन से कर रहे थे प्रदर्शन



प्राथमिक शिक्षक वर्ग-3 के मेरिट होल्डर उम्मीदवार नियुक्ति और जॉइनिंग की मांग को लेकर चार दिन से प्रदर्शन कर रहे थे। बुधवार शाम के समय बोर्ड ऑफिस चौराहे पर जाम बढ़ गया। प्रदर्शन के चलते यहां ट्रैफिक बाधित हो रहा था। इसके बाद एसडीएम लाखन सिंह चौधरी समेत पुलिस अधिकारियों ने चयनित शिक्षकों से बात की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि उनकी समस्या के समाधान के लिए एक प्रतिनिधिमंडल को वरिष्ठ अधिकारियों से मिलवाया जाएगा।

अतिथि विद्वानों के नियमितीकरण की जल्द नीति बनाए सरकार

पीसीसी पहुंचे प्रदेश के अतिथि विद्वानों ने लगाई गुहार, प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र के शासकीय महाविद्यालयों में वर्षों से सेवाएं दे रहे अतिथि विद्वानों के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी से मुलाकात की और अपनी विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में अनेक अतिथि विद्वान पिछले 15 से 20 वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें नियमित नहीं किया गया है। अतिथि विद्वान लंबे समय से नियमितीकरण की नीति बनाने तथा फालन आउट प्रक्रिया बंद करने की मांग सरकार के समक्ष रखते आ रहे हैं। अतिथि विद्वान संघ के अध्यक्ष राकेश परिहार ने बताया कि 11 सितंबर 2023 को तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा आयोजित महापंचायत में अतिथि विद्वानों की मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था।

सीएम डॉ. मोहन ने भी दिया था आश्वासन

डॉ. सुनीता जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात के दौरान भी अतिथि विद्वानों को उनकी मांगों पर विचार करने का आश्वासन मिला था, लेकिन इसके बाद फालन आउट प्रक्रिया शुरू होने से वर्षों से सेवा दे रहे अतिथि विद्वानों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। प्रतिनिधिमंडल के अनुसार 15 सितंबर को अपनी मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री के निवास पर पहुंचे अतिथि विद्वानों को वहां से हटाया गया, जिसके बाद उन्होंने नीलम पार्कमें धरना शुरू किया। अतिथि विद्वान करीब 25 दिनों से धरना देकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज उठा रहे हैं।

सरोजिनी नायडू गर्ल्स कॉलेज में आयोजन

सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में बुधवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत प्राचार्य डॉ. प्रतिमा यादव के मार्गदर्शन में आहार एवं पोषण विभाग द्वारा एनसीसी विभाग के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं डॉक्टर परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. रश्मि बाथरी, डॉ. रवि वर्मा, डॉ. पूजा लोधी, डॉ. संगीता सिंह, डॉ. निकिता श्रीवास्तव, डॉ. मुकेश कुमार गर्ग, डॉ. अभय मिश्रा, अनिल किरार, आयुषी त्रिपाठी एवं दंत चिकित्सक डॉ. पूनम रमेश चंद्र मलानी उपस्थित रहे। चिकित्सकीय दल का नेतृत्व डॉ. सीमा नावेद ने किया। डॉ. कीर्ति शर्मा संयोजक सेवा संकल्प अभियान 2026 के साथ महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं ऑफिस स्टाफ द्वारा भी शिविर का लाभ लिया गया।

कॉलम नंबर-12 में लिखा-शत्रु संपत्ति की चल रही जांच

शत्रु संपत्ति की जांच वाली प्रॉपर्टी के नामांतरण पर रोक, खसरे में किया दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में तत्कालीन नवाब हमीदुल्ला खान की प्रॉपर्टी को लेकर चल रहा विवाद 11 साल बाद फिर खड़ा हो गया है। पहली बार रियाज मंजिल की जमीन पर काबिज 25 लोगों को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है, जबकि एक दर्जन प्रॉपर्टी की जांच चल रही है। इधर अन्य प्रॉपर्टीज को लेकर भी जांच की जाना है। ऐसे में जिन प्रॉपर्टीज की जांच चल रही है, कलेक्टर ने उनके नामांतरण पर रोक लगाते हुए खसरे के कॉलम नंबर-12 में शत्रु संपत्ति की जांच दर्ज कर दिया है। जिससे अब इन प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त भी नहीं की जा सकेगी।

इधर नवाब के परिवार से जुड़े लोगों ने संत हिरदाराम नगर एसडीएम रवीश श्रीवास्तव के कोर्ट में आफताब जहां बेगम की ब्रिटिश नागरिकता के प्रमाण पेश किए हैं। अफसरों का कहना है कि शत्रु संपत्ति को लेकर इन प्रॉपर्टी पर काबिज लोगों का पक्ष सुना जा रहा है। जिसके आधार पर रिपोर्ट कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को भेजी जाएगी।

इन प्रॉपर्टी की भी होगी जांच

नवाब की प्रॉपर्टी से जुड़ी कोहेफिजा, ईदगाह, लालघाटी, हलालपुरा, बैरागढ़, लाऊखेड़ी, गिन्नौरी, तलैया, शाहजहांनाबाद, जहांगीराबाद, चिकलोद, नवबहार, ऐशबाग, प्रोफेसर कॉलोनी, बैरसिया रोड, जगदीशपुर, खजूरी सहित सीहोर और रायसेन जिले में निजी संपत्ति की जांच की जाएगी। रियाज मंजिल, फ्लैग स्टाफ हाउस, पविलियंस हाउस बारादरी, दारुस सलाम हाउस, शीरीन मंजिल सुल्तानिया रोड, काशाना हाउस, हमीद मंजिल फतेहगढ़, नशेमन हाउस, बहार मंजिल, आशियाना बंगला नंबर-3, 4, बंगला नंबर-5 सुल्तानिया रोड, बंगला नंबर-6, ईईएस सब स्टेशन अहमदाबाद, सर्वेंट क्वार्टर्स ओल्ड डेयरी फार्म, खानू गांव डेयरी शेड, डेयरी फार्म लाल घाटी, अहमदाबाद सब पोस्ट आफिस, करबला सहित अहमदाबाद पैलेस स्थित प्रापर्टी की जांच की जा सकती है।

इन बिंदुओं पर होगी पड़ताल

- नवाब के देहांत के समय प्रॉपर्टी की रजिस्ट्रीधारक
- संपत्ति की खरीद-फरोख्त का रिकार्ड
- अवैध कब्जाधारियों की जानकारी
- वर्तमान कब्जाधारी का नाम
- वर्तमान में बाजार कीमत

सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में मिनिमल इनवेसिव तकनीक

मिनिमल इनवेसिव तकनीक से 4-5 दिन में छुट्टी के साथ रिकवरी का समय भी कम

...अब बायपास सर्जरी के लिए नहीं काटनी पड़ेगी छाती की हड्डी, सिर्फ एक छोटे चीरे से हो जाएगा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हार्ट बायपास सर्जरी का नाम सुनते ही सबसे पहले छाती पर बड़ा चीरा, दर्द और लंबे समय तक आराम की बात सामने आती है। लेकिन अब कुछ मरीजों में बायपास सर्जरी के लिए छाती की हड्डी काटने की जरूरत नहीं पड़ती। राजधानी भोपाल के सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में मिनिमल इनवेसिव तकनीक से करीब 3-4 इंच के छोटे चीरे के जरिए हृदय तक पहुंच बनाकर बायपास सर्जरी की गई है। इस तकनीक से मरीज को अपेक्षाकृत कम दर्द हो सकता है और रिकवरी भी जल्दी हो होती है। सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी सर्विसेज कंसल्टेंट डॉ. संजीव गुप्ता, डॉ. अनुज कपूर, डॉ. मनीष साहू और डॉ. आदित्य अग्रवाल ने बताया कि नई तकनीक से बिना छाती की हड्डी काटे, छोटे चीरे से हार्ट बायपास सर्जरी की। सर्जरी के बाद मरीज को 4-5 दिन में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।



सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में मिनिमल इनवेसिव तकनीक से हार्ट बायपास सर्जरी करने वाली डॉक्टरों की टीम।

छोटे चीरे से हार्ट सर्जरी, चार से पांच दिन में डिस्चार्ज

डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि पारंपरिक बायपास सर्जरी में छाती के बीच बड़ा चीरा लगाकर छाती की हड्डी काटनी पड़ती है। इसके कारण रिकवरी में ज्यादा समय लग सकता है और अस्पताल में भी अधिक समय रहना पड़ सकता है। वहीं, मिनिमल इनवेसिव तकनीक में करीब 3-4 इंच के छोटे चीरे से हृदय तक पहुंच बनाई जाती है और छाती की हड्डी काटने की जरूरत नहीं पड़ती। चार से पांच दिन में मरीज को डिस्चार्ज किया जा सकता है।

एक धमनी में थे कई ब्लॉकेज

सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. आदित्य अग्रवाल ने बताया कि 44 वर्षीय एक मरीज के हृदय की एक धमनी में कई जगह ब्लॉकेज थे। उसे कुछ समय से घबराहट और चलने में परेशानी हो रही थी। मरीज पारंपरिक ओपन हार्ट सर्जरी नहीं कराना चाहता था। डॉक्टरों की टीम ने उसकी मिनिमल इनवेसिव तकनीक से हार्ट बायपास सर्जरी की। मरीज का इलाज टोटल आर्टेरियल रीवैस्कुलराइजेशन तकनीक से किया गया। एक धमनी में कई जगह मौजूद ब्लॉकेज को एक ग्राफ्ट के जरिए ठीक किया गया।

नूतन की 22 छात्राओं ने घूमा संसद भवन

भोपाल। राजधानी स्थित पंडित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ द्वारा युवा संसद प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों के लिए 29 सितंबर से एक अक्टूबर तक 3 दिवसीय दिल्ली संसद भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण के लिए कुल 22 विद्यार्थियों का चयन हुआ। इनमें सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय की वर्ष 2024-25 की विजेता छात्रा अद्विका पंत और वर्ष 2025-26 की विजेता छात्रा छवि त्यागी ने सहभागिता की। विद्यार्थियों ने लोकसभा, राज्यसभा और संसद पुस्तकालय का अवलोकन कर संसदीय कार्यप्रणाली एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की।

बीएमएचआरसी की निदेशक बनीं डॉ. मनीषा

मरीजों को बेहतर, उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधा देना मेरी पहली प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (बीएमएचआरसी) के निदेशक का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने बुधवार को डॉ. मनीषा श्रीवास्तव की नियुक्ति के संबंध में आदेश जारी किए। उन्होंने पिछले करीब तीन वर्षों से बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक के रूप में संस्थान का नेतृत्व कर रही थी। अब उन्होंने पूर्णकालिक निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला है। निदेशक की जिम्मेदारी के लिए चुने जाने पर उन्होंने आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बीएमएचआरसी में आने वाले मरीज हमेशा उनकी प्राथमिकता में रहेंगे।

भोपाल, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026 ■ आश्विन मास कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष : 13, अंक : 188 ■ पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 33 न्यून. 22 haribhoomi.com

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे बस में



सांसद प्रियंका गांधी संविधान की किताब हाथ में लेकर सड़क पर लेट गईं

प्रियंका ने कहा-संविधान नहीं छोड़ूंगी...

दिल्ली में महा-दंगल : मंगलवार के मार्च के बाद बुधवार को कांग्रेस सांसद बसों में सवार होकर जनपथ स्थित सागर रत्ना रेस्टॉरेंट में पहुंचे, वहां लंच किया, फिर शाम 4 बजकर 50 मिनट पर जंतर-मंतर कूच किया, राहुल बोले- अब मैं यहीं धरने पर बैठूंगा

24 घंटे में राहुल और प्रियंका 'दूसरी बार' अरेस्ट

एलओपी बोले- हर एफआईआर मेरे लिए मेडल

मंगलवार के प्रदर्शन के बाद राहुल व प्रियंका के खिलाफ आकाशवाणी भवन में जबरिया घुसने के आरोप में एफआईआर की गई। राहुल ने कहा कि उनके खिलाफ अब तक 45 एफआईआर हैं। ये 100 भी हो जाएंगी तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे, एसआईआर और वोट चोरी के मुद्दे पर बुधवार को कांग्रेस के नेतृत्व में इंडी गठबंधन के सांसदों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। दोपहर में एक साथ लंच करने के बाद सभी सांसद जंतर-मंतर के लिए रवाना हुए, जहां पुलिस से टकराव के बीच राहुल गांधी को हिरासत में लिया गया। कुछ देर बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। प्रियंका गांधी को भी अरेस्ट किया गया। उन्हें भी रिहा कर दिया गया। 24 घंटे में यह दूसरी बार है जब दोनों नेताओं को अरेस्ट किया गया। मंगलवार के प्रदर्शन के ▶▶शेष पेज 4 पर

मंगलवार का ये था दंगल

- राहुल-प्रियंका और विपक्षी नेताओं ने आकाशवाणी भवन पर करीब आठ घंटे धरना दिया
- रात 8 बजे पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया और रात 10 बजे के बाद छोड़ा

खरगे ने कहा- हम डरने वाले नहीं हैं। हम लड़ते रहेंगे और आगे बढ़ते रहेंगे

अखिलेश यादव इस प्रदर्शन में नहीं दिखे और लखनऊ लौट चुके थे, कांग्रेस ने कहा कि योजना रात में बनी, इसलिए सभी नहीं आ पाए

बोले राहुल: ज्ञानेश कुमार वैध चुनाव आयुक्त नहीं

राहुल गांधी ने कहा कि मंगलवार को हम चुनाव आयुक्त से मिलना चाहते थे। वो हमसे नहीं मिले। दिल्ली पुलिस ने हमें रोका और कहा कि आप यहां प्रदर्शन नहीं कर सकते हैं। हम जंतर-मतंर पर बैठेंगे और देश को बताएंगे कि हमारे लिए ज्ञानेश कुमार देश के वैध चुनाव आयुक्त नहीं हैं। उन्होंने देश के लोकतंत्र को खत्म किया है। मैंने कल भी कहा था कि जिन्होंने यह काम किया है वो देशद्रोही हैं। हम इन पर ▶▶शेष पेज 4 पर



प्रदर्शन में जद्दोजहद भी दिखी

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने राहुल गांधी पर अराजकता फैलाने का लगाया आरोप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर दिल्ली में अराजकता फैलाने का आरोप लगाया। नवीन ने विपक्ष और विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इस देश के विपक्ष के नेता अराजकता के माहौल में असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। मैं उनसे साफ़ तौर पर कहना चाहता हूं कि भारत की जनता उनके मकसद और इरादे को कभी भी हकीकत नहीं बनने देगी। उन्होंने हमेशा उन लोगों की परवाह की है जो यहां की जनता के अधिकार छीनते हैं। वह असामाजिक तत्वों की मदद से दिल्ली में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। नितिन नवीन ने आगे कहा कि मैं विपक्ष के नेता से कहना चाहता हूँ कि जिन लोगों को अधिकार दिलाने की वह बात करते हैं, भारत की जनता ऐसे घुसपैठियों को कभी भी अधिकार नहीं देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व को यह बात स्पष्ट रूप से समझ लेनी चाहिए कि असामाजिक तत्वों के जरिए दिल्ली में अराजकता का वातावरण बनाने की कोशिश कभी सफल नहीं होगी।



पीएम का स्वागत करते नवीन

भाजपा अध्यक्ष ने कहीं 5 प्रमुख बातें

- असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर काम कर रहा विपक्ष
- कांग्रेस को घुसपैठियों और वोट बैंक की चिंता
- घुसपैठियों को अधिकार दिलाने की कोशिश सफल नहीं होगी
- भारत की जनता विपक्ष के मंसूबों को कभी सफल नहीं होने देगी
- नागरिकों के हितों की कीमत पर राजनीति बर्दाश्त नहीं

खबर संक्षेप

बेंगलुरु में सीजेपी का चप्पल प्रोटेस्ट आज

बेंगलुरु। सीजेपी आज गुरुवार को फ्रीडम पार्क में चप्पल प्रोटेस्ट और पीपल्स ट्रिब्यूनल का आयोजन करेगी। यह प्रदर्शन महिला सुरक्षा और महिला पत्रकारों के कथित उत्पीड़न के विरोध में है। ट्रिब्यूनल सुबह 10:30 बजे शुरू होगा, सूची से नाम हटाए जाने पर चर्चा होगी। कार्यक्रम में अभिजीत दीपके, सौरव दास, आशुतोष रांका, अभिनेता प्रकाश राज, यूट्यूबर ध्रुव राठी, आइशी घोष, नेहा बोरा शामिल होंगे।



मप्र की बेटी अनुष्का भारतीय सीनि. टीम में

भोपाल। मप्र खेल अकादमी की खिलाड़ी अनुष्का शर्मा (ग्वालियर) का एक बार फिर भारतीय सीनियर महिला टीम में चयन हुआ है। टीम की कप्तान स्मृति मंधाना के नेतृत्व में अनुष्का इस बार आगामी 16 अक्टूबर से जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली तीन टी20 और एक दिवसीय मुकाबले में भारतीय टीम में शामिल किया गया है। बीसीसीआई द्वारा जारी घोषणा के मुताबिक अनुष्का पांचवें स्थान पर खेलेंगी।



देवास-गुना में पटवारियों की बर्खास्तगी और निलंबन पर भड़का आक्रोश

4 दिन के सामूहिक अवकाश पर गए, वॉट्सएप ग्रुप्स से भी लेफ्ट

पटवारियों ने आर-पार की लड़ाई का लिया संकल्प, पीछे नहीं हटेंगे

अचानक शुरू हुई इस हड़ताल से नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, ई-केवाईसी और आय-जाति प्रमाण पत्र जैसे जरूरी राजस्व कार्य ठप पड़ गए

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश में राजस्व विभाग और मैदानी अमले के बीच टकराव गहराता जा रहा है। देवास और गुना सहित प्रदेश के कई जिलों में पटवारियों पर की गई दंडात्मक कार्रवाई के विरोध में प्रदेशभर के पटवारी बुधवार 7 अक्टूबर से 4 दिन के सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं। सभी पटवारियों से वॉट्सएप ग्रुप्स भी छोड़ दिए हैं। इससे गुरुवार व शुक्रवार को राजस्व के काम नहीं होंगे। ऑनलाइन पोर्टल से पूरी तरह दूरी बनाकर पटवारियों ने तहसील व कलेक्ट्रेट परिसरों में धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। अचानक शुरू हुई इस हड़ताल से नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, ई-केवाईसी और आय-जाति प्रमाण पत्र जैसे जरूरी राजस्व कार्य ठप पड़ गए हैं, जिससे मुश्किलें बढ़ गई हैं। पटवारी संघ ने चेतावनी दी है कि जब तक देवास और गुना सहित अन्य जिलों में निलंबन व सेवा समाप्ति की कार्रवाई वापस नहीं ली जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

पटवारी संघ ने कहा- कार्रवाई वापस न लेने तक जारी रहेगा आंदोलन



गुना में तहसील व कलेक्ट्रेट परिसरों में पटवारियों का धरना-प्रदर्शन

गुना जिले के सभी 52 पटवारियों को सेवा समाप्ति का नोटिस

विवाद की मुख्य वजह केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'स्वामित्व योजना' के क्रियान्वयन और रजिस्ट्री कार्य को लेकर बनी

'स्वामित्व योजना' के तहत रजिस्ट्री न करने पर कार्रवाई

विवाद की मुख्य वजह केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'स्वामित्व योजना' के क्रियान्वयन और रजिस्ट्री कार्य को लेकर बनी है। शासन की ओर से स्वामित्व योजना के तहत अधिकार अभिलेखों के निष्पादन और पंजीयन में धीमी गति या शून्य प्रगति को घोर लापरवाही मानते हुए सख्त कदम उठाए गए। देवास में कलेक्टर द्वारा 3 परिवीक्षाधीन (ट्रेनी) पटवारियों की सेवाएं समाप्त कर दी ▶▶शेष पेज 4 पर

योजना का पटवारी इसलिए कर रहे विरोध?

मध्य प्रदेश पटवारी संघ के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह बघेल का कहना है कि स्वामित्व योजना में तकनीकी व कानूनी पेंच हैं। योजना के तहत रजिस्ट्री कार्य में किसी भी संभावित त्रुटि या विवाद की स्थिति में पूरी जवाबदेही और कानूनी कार्रवाई का जोखिम ▶▶शेष पेज 4 पर

जिलों में कलेक्टर्स को ज्ञापन सौंपे

पटवारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष बघेल ने दो टूक चेतावनी दी है कि जब तक देवास और गुना सहित अन्य जिलों में पटवारियों पर की गई निलंबन व सेवा समाप्ति की कार्रवाई वापस नहीं ली जाती और स्वामित्व योजना के पंजीयन से जुड़ी विसंगतियों का ठोस समाधान नहीं होता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। हड़ताल के पहले ही दिन जिलों में कलेक्टर्स को ज्ञापन सौंपे गए। वहीं, शासन स्तर पर उच्चाधिकारी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं, लेकिन पटवारियों के सामूहिक रूप से बस्ते बंद करने से आने वाले दिनों में राजस्व व्यवस्था पूरी तरह चरमराने की आशंका खड़ी हो गई है।



एनएचएआई को पौधरोपण के लिए उपलब्ध कराई गई जमीन से हटाया अतिक्रमण

अवैध ढाबे और दुकानें ध्वस्त की गईं

झिरनिया में 'एनएचएआई' की 61 करोड़ की जमीन से हटाया कब्जा

इस जमीन पर 7 हजार पौधे लगाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर बुधवार को ग्राम झिरनिया में बड़ी कार्रवाई की गई।

हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया, अतिरिक्त तहसीलदार अतुल शर्मा, थाना प्रभारी हरिशंकर वर्मा, एनएचएआई के एसई अंकित सिंह, राजस्व निरीक्षक, पटवारी करन जाटव और राजस्व व पुलिस दल ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जे हटाए।

एनएचएआई को पौधरोपण के लिए उपलब्ध कराई गई 72.618 हेक्टेयर (करीब 180 एकड़) भूमि पर अवैध ढाबे और दुकानें संचालित हो रही थीं।

कलेक्टर गाइडलाइन के अनुसार इस भूमि की कीमत करीब 61 करोड़ रुपए है। प्रशासन ने प्रिंस और अलीम ढाबा सहित अन्य अतिक्रमण हटाकर जमीन का कब्जा एनएचएआई को सौंप दिया।

सीएम डॉ. यादव आज मुंबई में

फार्मा, मेडिकल डिवाइस सेक्टर के उद्योगपतियों से करेंगे संवाद



मुख्यमंत्री प्रमुख उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन बैठकें भी करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरूवार 8 अक्टूबर को मुंबई में उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों के साथ संवाद करेंगे। इस दौरान जनवरी 2027 में प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले होने वाले इस संवाद में मप्र में विकसित किए जा रहे विभिन्न सेक्टर के औद्योगिक क्षेत्रों और उनमें उपलब्ध निवेश ▶▶शेष पेज 4 पर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव टाइगर रिजर्व में चीतों को छोड़ते हुए

नौरादेही में 41 वर्ष पहले टाइगर रिजर्व की स्थापना हुई थी

मुख्यमंत्री ने 2 चीते व्योम और नीरा नौरादेही टाइगर रिजर्व में किए विमुक्त

नौरादेही वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चीता और टाइगर विचरण करते आएंगे नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र की धरती पर कूनो राष्ट्रीय उद्यान और गांधी सागर अभयारण्य के बाद नौरादेही टाइगर रिजर्व में चीतों को नया ठिकाना मिला है। बुंदेलखंड स्थित वीरांगना दुर्गावती अभयारण्य मप्र में तीसरा ऐसा स्थान बना है, जहां चीते अपने अनुकूल ▶▶शेष पेज 4 पर

पांढुर्णा एसपी प्रकाश चंद्र परिहार का भोपाल तबादला

सीएम के दौरे के 2 दिन बाद ही हो गया ट्रांसफर, विदिता धनखड़ बनीं एसपी

अचानक तबादले की वजह फिलहाल सामने नहीं आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले में प्रशासनिक फेरबदल के तहत पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद्र परिहार का तबादला कर दिया गया है। गृह विभाग ने मंगलवार शाम को आदेश जारी कर उन्हें पुलिस मुख्यालय भोपाल में सहायक पुलिस महानिरीक्षक (एआईजी) पद पर पदस्थ किया है। उनकी जगह 2021 बैच की आईपीएस अधिकारी विदिता धनखड़ को पांढुर्णा का नया एसपी बनाया गया है। विदिता धनखड़ इससे पहले ग्वालियर में दूसरी वाहिनी, विशेष सशस्त्र बल की सेनानी के पद पर पदस्थ थीं। उनके स्थानांतरण ▶▶शेष पेज 4 पर



प्रकाश चंद्र परिहार



विदिता धनखड़

रसायन में फ्रांस हेनरी कागन और जापान के केन्सो सोई को नोबेल पुरस्कार

इस खोज ने दवाओं, फ्लेवर, खुशबू और नई सामग्री बनाने के लिए रासायनिक प्रतिक्रियाएं विकसित करने वाले वैज्ञानिकों के काम को नई दिशा दी

इस खोज ने बदले ऑर्गेनिक सिंथेसिस के नियम दवाओं का एक रूप फायदेमंद, दूसरा हानिकारक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फ्रांस के वैज्ञानिक हेनरी बी. कागन और जापान के वैज्ञानिक केन्सो सोई को 2026 का नोबेल पुरस्कार रसायन विज्ञान दिया गया है।

रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने बुधवार को इसकी घोषणा की। दोनों वैज्ञानिकों को असममित कार्बनिक संश्लेषण में नॉन-लीनियर प्रभावों और ऑटोकैटालिसिस की खोज के लिए यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया है। हेनरी कागन ने रासायनिक प्रतिक्रियाओं को नियंत्रित करने का एक नया तरीका खोजा। इससे पहले की तुलना में किसी रासायनिक प्रतिक्रिया में एक ही तरह की 'मिरर इमेज' यानी दर्पण प्रतिबिंब वाली संरचना की मात्रा अधिक बनाई जा सकी। उनकी इस खोज ने दवाओं, फ्लेवर, खुशबू और नई सामग्री बनाने के लिए रासायनिक प्रतिक्रियाएं विकसित करने वाले वैज्ञानिकों के काम को नई दिशा दी। केन्सो सोई ने ऐसी पहली रासायनिक प्रतिक्रिया तैयार की, जिसमें संभावित दो मिरर इमेज में से केवल एक ही बनती थी। नोबेल कमेटी के मुताबिक, जीवन को छोड़कर इससे पहले प्रकृति में भी ऐसा उदाहरण नहीं देखा गया था। इस प्रतिक्रिया को 'सोई रिएक्शन' ▶▶शेष पेज 4 पर



हेनरी कागन | केन्सो सोई



ऑटोकैटालिसिस एक रासायनिक प्रक्रिया

ऑटोकैटालिसिस ऐसी रासायनिक प्रक्रिया है जिसमें अभिक्रिया का अपना उत्पाद ही उसका उत्प्रेरक बन जाता है। सामान्य कैटालिसिस में कोई बाहरी पदार्थ अभिक्रिया को तेज करता है, लेकिन यहां जितना उत्पाद बनता है, अभिक्रिया उतनी ही तेज होती जाती है। यह खोज मिरर इमेज यानी काइरल अणुओं से जुड़ी है। कई अणु दो रूपों में होते हैं जो एक-दूसरे का दर्पण-प्रतिबिंब होते हैं, जैसे हमारे दाएं और बाएं हाथ। देखने में ▶▶शेष पेज 4 पर

संभागायुक्तों, विभागाध्यक्ष एवं कलेक्टर्स को निर्देश

सभी विभाग समय सीमा में विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक करें, सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया परिपत्र

सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में जारी किए जरूरी आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य शासन ने मप्र लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025 के अनुसार अनिवार्य रूप से अधीनस्थ कार्यालयों को समय-सीमा में विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं जिससे पात्र लोक सेवकों को समय पर पदोन्नति प्राप्त हो सके।

सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने इस सम्बन्ध में सभी विभागों, संभागायुक्तों, विभागाध्यक्ष एवं कलेक्टर्स को विस्तृत निर्देश दिए हैं। मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम, 2025 के नियम 6 के अनुसार प्रत्येक चयन वर्ष के लिए विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित किए जाने का स्पष्ट प्रावधान है। प्रत्येक चयन वर्ष के लिए विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक उसके पूर्ववर्ती वर्ष में सामान्यतः सितम्बर से नवम्बर के मध्य आयोजित की जाना अनिवार्य है। इस बैठक में आगामी चयन वर्ष की 31 दिसम्बर के पूर्वान्ह तक की स्थिति में उपलब्ध उद्भूत होने वाली समस्त संभावित एवं अप्रत्याशित रिक्तियों के लिए पदोन्नति के लिए लोक सेवकों की उपयुक्तता पर विचार किया जाएगा।


मंत्रालय, फाइल फोटो

यदि पहले बैठक हुई थी, तो 2026 में फिर से विशेष पदोन्नति समिति की बैठक करें

जीएडी ने स्पष्ट किया है कि पूर्व में 31 दिसम्बर, 2025 के पहले तक की रिक्तियों के लिए एक विशेष विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक इस नियम के प्रवृत्त होने के उपरांत की गई थी, जिसके आधार पर वर्ष 2026 में पदोन्नति की कार्रवाई की गई है अथवा प्रचलन में है। परिपत्र में कहा गया है कि वर्ष 2025 में पुनः सितम्बर से नवम्बर के मध्य वर्ष 2026 में उत्पन्न हुई कोई अप्रत्याशित रिक्ति जो प्रतीक्षा सूची से भी नहीं भरी जा सकी हो एवं चयन वर्ष अर्थात 31 दिसम्बर 2026 के पूर्वान्ह तक की प्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिए विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक की जानी थी।

यदि बैठक आयोजित नहीं की गई हो तो जल्द ही की जाए

सामान्य प्रशासन विभाग ने निर्देश दिए हैं कि विभागों की ओर से 31 दिसंबर के पूर्वान्ह तक की प्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिए यदि बैठक आयोजित नहीं की गई हो तो बैठक आयोजित की जाए। विभाग की ओर से यदि विशेष विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक 31 दिसंबर 2025 के पूर्वान्ह तक की प्रत्याशित रिक्तियों को भरने के साथ ही 31 दिसंबर 2026 के पूर्वान्ह तक की प्रत्याशित रिक्तियों को भरने की कार्रवाई की जा चुकी हो तो बैठक के आयोजन की आवश्यकता नहीं होगी। परिपत्र के अनुसार वर्ष 2026 में उत्पन्न हुई कोई अप्रत्याशित रिक्ति जो प्रतीक्षा सूची से भी नहीं भरी जा सकी हो एवं आगामी चयन वर्ष अर्थात 31 दिसम्बर 2027 के पूर्वान्ह तक की प्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिये विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक भी इसी वर्ष माह सितम्बर से नवम्बर के मध्य किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

एनबीडीए में 175 अनुकंपा नियुक्ति के मामले अटके

भोपाल। प्रदेश का नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण ऐसा इकलौता विभाग है जहां पिछले चार साल से बिना किसी कारण के अनुकंपा नियुक्ति नहीं दी जा रही है। नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण में वल्लभ भवन के एक पत्र के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति प्रकरण का निराकरण करना वर्ष 2022 से बंद कर दिया गया है। चार साल में 175 अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण मंत्रालय वल्लभ भवन में स्वीकृति के लिए लंबित है। मप्र कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण में भी लंबित अनुकंपा अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण कर शासकीय कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने की मांग की। प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के शासकीय कर्मचारियों के आश्रितों को पहले जल संसाधन विभाग के सेवा नियमों के आधार पर प्राधिकरण में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाती थी लेकिन वर्ष 2022 में मंत्रालय वल्लभ भवन नर्मदा घाटी विकास विभाग द्वारा अकारण जारी किए गए पत्र के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों के निराकरण पर रोक लगा दी गई। अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को कलेक्टर कार्यालय को स्वीकृति के लिए भेजा जा रहा है लेकिन किसी भी कार्यालय से शासकीय कर्मचारी के आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति नहीं प्राप्त हो रही है। मंच ने निर्णय लिया है कि यदि शीघ्र ही प्राधिकरण में शासकीय कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति नहीं दी गई तो कर्मचारी मंच आंदोलन करेगा।

राज्य को फिल्म हब के रूप में विकसित करने पर चर्चा की, सीएम का उद्यमियों को आश्वासन

राज्य सरकार भूमि आवंटन, अधोसंरचना विकास आवश्यक अनुमतियों को समय पर पूरा करेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निवेशकों, संस्थाओं और उद्यमियों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार भूमि आवंटन, अधोसंरचना विकास और आवश्यक स्वीकृतियों को समयबद्ध रूप से पूरा करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन महत्वपूर्ण एमओयू, निवेश प्रस्तावों और लेटर ऑफ अवॉर्ड के माध्यम से मध्यप्रदेश का पर्यटन क्षेत्र नई ऊंचाइयों को छुएगा और स्थानीय स्तर पर युवाओं के लिए रोजगार व स्वरोजगार के व्यापक अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को 'एमपी ट्रैवल मार्ट' कार्यक्रम में निवेशकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि टेकनपुर (ग्वालियर) स्थित बीएसएफ अकादमी में पर्यटन सुविधाओं के विकास, डिजिटल अधोसंरचना और बीएसएफ म्यूजियम के उन्नयन के लिए बीएसएफ अकादमी, एमपीएसटीडीसी तथा जिला प्रशासन के बीच त्रिपक्षीय एमओयू हुआ, जिसका प्रतिनिधित्व डीआईजी हरिंदर सिंह तोमर एवं रितेश ठाकुर ने किया।



सीएम की मौजूदगी में एमपी टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड एवं निवेशकों के साथ एमओयू।

फिल्म निर्माण, सांस्कृतिक प्रचार और फूड टूरिज्म पर विमर्श

फिल्म पर्यटन के तहत 'द वायरल फीवर' (टीवीएफ) के संस्थापक अरुणाभ कुमार ने 'पंचायत' और 'गुल्लक' जैसी चर्चित वेब-सीरीज की शूटिंग का उल्लेख करते हुए राज्य को फिल्म हब के रूप में विकसित करने पर चर्चा की। सुप्रसिद्ध अभिनेता श्री अन्नू कपूर ने सिनेमा के जरिए सांस्कृतिक धरोहर के प्रचार पर विचार रखे, जबकि सेलिब्रिटी शेफ श्री रणवीर बरार ने डेस्टिनेशन-बेस्ड फूड टूरिज्म विकसित करने पर सुझाव दिए।

हेरिटेज होटल और राजमार्गों पर वे-साइड एमिनिटीज की स्थापना को मंजूरी

सीहोर जिले के ग्राम लावाखेड़ी में रिसॉर्ट परियोजनाओं के लिए श्री संजेश रघुवंशी, श्री आलोक कटारिया तथा मेसर्स साई हरदा कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स (आकाश सचदेवा) को लेटर ऑफ अवॉर्ड प्रदान किए गए। उज्जैन जिले के ग्राम ब्रजराज खेड़ी में रिसॉर्ट प्रोजेक्ट के लिए श्री शैलेश कलवारिया तथा पन्ना जिले के लक्ष्मीपुर पैलेस में हेरिटेज होटल प्रोजेक्ट के लिए श्रीमती रत्न जादौन को लेटर ऑफ अवॉर्ड प्रदान किया गया।

रिसॉर्ट व पर्यटन परियोजनाओं के लिए लेटर ऑफ अवॉर्ड जारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र टूरिज्म बोर्ड की ओर से प्रदेश के विभिन्न अंचलों में नई पर्यटन परियोजनाओं के विकास के लिए निवेशकों और उद्यमियों को लेटर ऑफ अवॉर्ड प्रदान किए गए। इसके तहत निवाड़ी जिले के ओरछा में रिसॉर्ट व बहुउद्देश्यीय पर्यटन परियोजना के लिए मेसर्स अन्या पॉलीटेक एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (यशपाल यादव), बैतूल के ग्राम गुरगुंडा में रिसॉर्ट प्रोजेक्ट के लिए मेसर्स हेवन टेक्नो सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड (राजेंद्र ठाकुर) तथा ग्राम बोथिया में रिसॉर्ट प्रोजेक्ट के लिए संदीप सोनी को लेटर ऑफ अवॉर्ड दिया गया। इसी प्रकार नीमच के ग्राम बस्सी में रिसॉर्ट प्रोजेक्ट के लिए श्रीमती स्वाति गोयल, मंदसौर के ग्राम कंगहट्टी में वेलनेस रिसॉर्ट के लिए जैनम जैन तथा गांधी सागर में इको-टूरिज्म गतिविधि के लिए रघुराज सिंह चौधरी को अनुबंध पत्र सौंपे गए। रायसेन के ग्राम मुरलीखेड़ी में रिसॉर्ट एवं अन्य पर्यटन परियोजनाओं के लिए मेसर्स टेक्नो प्लानर्स एलएलपी (आशीष भदौरिया) तथा सागर जिले के ग्राम सलैया गंज में होटल/रिसॉर्ट प्रोजेक्ट के लिए मेसर्स ज्ञानोदय ग्रुप (मूरत सिंह) को लेटर ऑफ अवॉर्ड प्रदान किए गए।

वे-साइड एमिनिटीज की स्थापना के लिए भी लेटर ऑफ अवॉर्ड जारी

राजमार्गों पर पर्यटकों एवं यात्रियों को उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मार्ग सुविधा केंद्रों की स्थापना के लिए भी लेटर ऑफ अवॉर्ड जारी किए गए। इसके तहत खजुराहो-पन्ना मार्ग पर सुविधा केंद्र के लिए मे. नीलम कंस्ट्रक्शन, जबलपुर-भोपाल मार्ग स्थित ग्राम तेंदूखेड़ा में सुविधा केंद्र के लिए श्री दुर्गा दास पटेल तथा उज्जैन-मक्सी मार्ग स्थित ग्राम हरसोदन में मार्ग सुविधा केंद्र की स्थापना के लिए पाटीदार फूड्स प्राइवेट लिमिटेड को अनुबंध पत्र प्रदान किए गए।

एमआईसीई, साहसिक पर्यटन और तकनीकी नवाचार को प्रोत्साहन

प्रदेश को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय आयोजनों और साहसिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनाने के उद्देश्य से ईमा के अध्यक्ष श्री दीपक चौधरी और विजक्राफ्ट इंटरनेशनल के सह-संस्थापक श्री सबास जोसेफ ने बड़े आयोजनों के संबंध में विचार-विमर्श किया। एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष अजीत बजाज ने पर्यावरण-अनुकूल एडवेंचर टूरिज्म पर बल दिया।

मंत्री विश्वास सारंग भोपाल जिले के मुख्य कार्यक्रम में हुए शामिल

देश के लिए सेवा, समर्पण राष्ट्र निर्माण की भावना को और अधिक मजबूत करने का अवसर


कार्यक्रम में शामिल मंत्री, महापौर, विधायक, पदाधिकारीगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पीएम ने विकसित भारत संकल्प सभा के माध्यम से देशवासियों से वर्चुअल संवाद किया। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत देशभर में विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया गया। प्रदेश में भी विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री तथा विकसित भारत संकल्प सभा के प्रदेश प्रभारी विश्वास सारंग के नेतृत्व में प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। रवींद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में उप-मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय सहित जिले के जनप्रतिनिधि व नागरिक शामिल हुए।

समस्त बूथों से निकली सेवा ज्योति यात्रा

मंत्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होना देश के लिए सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना को और अधिक मजबूत करने का अवसर है। सारंग ने बताया कि प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक बूथ से जनता के साथ संवाद करते हुए सेवा ज्योति यात्रा के रूप में जिला केंद्रों की ओर प्रस्थान किया। यात्रा के माध्यम से कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने सेवा के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने और विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री के वर्चुअल संवाद के पश्चात भोपाल जिले में सेवा ज्योति यात्रा का अगला चरण प्रारंभ हुआ।

आंदोलन कर रहे कोरोना योद्धाओं ने नेता प्रतिपक्ष सिंघार से की मुलाकात

कोरोना योद्धाओं को सम्मान प्रमाण पत्र नहीं, रोजगार दे सरकारः उमंग

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

कोरोना में अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की सेवा करने वाले लगभग 4 हजार से अधिक कोरोना योद्धाओं की सेवाएं 1 अप्रैल 2022 से समाप्त किए जाने का मामला एक बार फिर सामने आया है।



कोरोना योद्धाओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से उनके आवास पर मुलाकात की। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष को बताया कि कोरोना संक्रमण के दौरान अस्थायी स्वास्थ्यकर्मियों ने विपरीत परिस्थितियों में अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की सेवा की, लेकिन संकट समाप्त होते ही सरकार ने बजट का हवाला देकर उनकी सेवाएं समाप्त कर दीं।

मुद्दा विस में उठाने का दिया आश्वासन

सिंघार ने कोरोना योद्धाओं को उनकी आवाज विस में उठाने का आश्वासन दिया और कहा कि जब स्वास्थ्य व्यवस्था में मानव संसाधन की कमी है, तो कोरोना काल का अनुभव रखने वाले इन स्वास्थ्यकर्मियों की सेवाओं का उपयोग क्यों नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन कोरोना योद्धाओं ने संकट के समय अपनी जान जोखिम में डाली, उन्हें संकट खत्म होते ही बेरोजगारी के हवाले करना सरकार की कैसी कृतज्ञता है।

विस की भूमिका समझाएगी लघु फिल्म

मध्यप्रदेश विधानसभा पर बनी फिल्म, मिलेगी संपूर्ण जानकारी

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मप्र के गठन के उपरांत हमारी विस ने लोकतांत्रिक व्यवस्था, जनप्रतिनिधित्व और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विधायिका की भूमिका क्या है, उसके प्रमुख कार्य क्या हैं, लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधायिका की आवश्यकता क्यों है तथा वर्ष 1956 में गठित मप्रविधानसभा से लेकर आज तक की इसकी गौरवपूर्ण यात्रा कैसी रही है-इन सभी महत्वपूर्ण पहलुओं को इस लघु फिल्म के माध्यम से संक्षिप्त एवं प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया गया है। इस फिल्म में मध्यप्रदेश विधानसभा के इतिहास, उसकी कार्यप्रणाली, सदन की गरिमा और लोकतांत्रिक परंपराओं के साथ-साथ वर्तमान 16वीं विधानसभा के प्रमुख पदाधिकारियों का भी परिचय प्रस्तुत किया गया है। इनमें मप्र विस के अध्यक्ष, नरेंद्र तोमर, सदन के नेता एवं सीएम तथा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार प्रमुख हैं।

मप्र विस के अध्यक्ष, नरेंद्र सिंह तोमर, देश और प्रदेश के अत्यंत अनुभवी एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों में शामिल हैं। उनके मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश विधानसभा की संसदीय परंपराओं, मर्यादाओं और गरिमा को बनाए रखते हुए सदन का संचालन किया जा रहा है। यह लगभग 7 मिनट की लघु फिल्म केवल विधानसभा के इतिहास का परिचय ही नहीं कराती, बल्कि नई पीढ़ी, विशेषकर युवाओं को लोकतंत्र, विधायिका और विधानसभा की भूमिका को समझने का एक सरल एवं प्रभावी माध्यम भी प्रदान करती है।

सरकारी भर्तियों में देरी और बेरोजगारी को लेकर सरकार पर साधा निशाना

युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही सरकार, आंदोलन की दी चेतावनी

भर्ती और परीक्षा प्रणाली पर श्वेत पत्र जारी करे प्रदेश सरकारः जीतू पटवारी

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश में सरकारी भर्ती प्रक्रियाओं में हो रही अनियमितताओं, देरी और युवाओं के सामने खड़े बेरोजगारी के संकट को लेकर राज्य सरकार पर कड़ा हमला बोला है। बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पटवारी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार देने के अपने वादों से पूरी तरह मुकर चुकी है। परीक्षाओं के नए-नए प्रारूप और बार-बार तारीखें बदलना महज दिखावा है, जबकि असल सवाल यह है कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में वर्षों से खाली पड़े लाखों पदों को कब और कैसे भरा जाएगा।



पीसीसी में पत्रकारवार्ता करते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी।

मानसिक तनाव और आर्थिक संकट झेल रहे युवा

पटवारी ने भर्ती प्रक्रियाओं की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा कि राज्य सेवा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लाखों युवा मानसिक तनाव और आर्थिक संकट झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयोग और सरकार केवल औपचारिकता निभा रहे हैं, जबकि जमीनी स्तर पर न तो भर्तियां समय पर पूरी हो रही हैं और न ही चयनित युवाओं को नियुक्तियां मिल पा रही हैं।

बढ़ते कर्ज के मुद्दे पर भी सरकार को लिया आड़े हाथ

पटवारी ने प्रदेश के आर्थिक हालात के मुद्दे पर भी सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भारी-भरकम कर्ज लेकर फिजूलखर्ची और प्रचार में व्यस्त है, जबकि प्रदेश के युवाओं, किसानों और बुनियादी सुविधाओं के लिए बजट का अभाव बताया जा रहा है।

संगठन को बूथ मजबूत कर जनहित के मुद्दों पर निर्णायक संघर्ष करेगी कांग्रेस

भोपाल। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में विभिन्न संभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहडोल, रीवा, भोपाल, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले जिलों की सांगठनिक गतिविधियों की समीक्षा की गई और आगामी रणनीति की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने, जमीनी स्तर पर कांग्रेस की उपस्थिति बढ़ाने तथा आगामी समय में जनहित के मुद्दों को लेकर निर्णायक संघर्ष की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया।

- विभिन्न संभागों की बैठक में की गई सांगठनिक गतिविधियों की समीक्षा

मुख्यमंत्री ने रतलाम में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को उज्जैन से वर्चुअली किया संबोधित

किसानों को सशक्त बनाने किए जा रहे अनेक प्रयास

वृंदावन ग्राम में उन्नत नस्ल के पशुओं की प्रतियोगिता आयोजित करें, पशुपालकों में प्रथम आने वाले को मिलेंगे एक लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उन्नत नस्ल के पशुपालन को बढ़ावा दिया जाए। पशुपालकों को प्रोत्साहन मिले, इसके लिए वृंदावन ग्राम में पशु प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाए।

प्रथम आने वाले पशुपालक को सरकार एक लाख रुपए देगी। द्वितीय आने वाले को 50 हजार रुपए एवं तीसरे स्थान पर आने वाले को 25 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। पुरस्कार का वितरण दीपावली पर गोवर्धन पूजा के अवसर पर किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को रतलाम में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव कार्यक्रम को उज्जैन से वर्चुअल संबोधित किया। उन्होंने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि रतलाम के किसान खेती में बदलाव के साथ अलग-अलग प्रकार की खेती कर रहे है। किसान अपनी आय बढ़ाने के लिए फसल उत्पादन, प्रोसेसिंग, पशुपालन एवं उद्यानिकी जैसी गतिविधियों को अपना रहे है। किसानों को कृषि क्षेत्र में सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।


रतलाम में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को सीएम ने उज्जैन से वर्चुअली संबोधित किया।

30 लाख किसानों के खेतों पर सोलर सिस्टम लगाने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार की ओर से सिंचाई का रकबा बढ़ाने के साथ ही पम्प ऊर्जीकरण के लिए 30 लाख किसानों के खेतों पर सोलर सिस्टम लगाने का लक्ष्य रखा गया है। रबी सीजन में सिंचाई के लिए किसानों को दिन में 10 घंटे बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी। रतलाम में चंबल के पानी से सिंचाई हो रही है। नदी जोड़ो अभियान से रतलाम के किसानों के जीवन में बदलाव आएगा। एक्सप्रेस-वे के बनने से रतलाम में अच्छी बाजार व्यवस्था उपलब्ध हुई है। साथ ही प्रोसेसिंग का कार्य भी करते है। रतलाम में अंगूर की खेती और अंगूर की प्रोसेसिंग का व्यवसाय भी अच्छे से चल रहा है।

उन्नतशील किसानों से किया संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से संवाद करते हुए सरकार की पीएम एफएमई योजना का लाभ लेकर घी के व्यवसाय को यूएस एवं श्रीलंका तक पहुंचाने वाले किसान दिलीप पाटीदार ने कहा कि उन्हें सरकार की योजना के तहत 30 लाख 10 हजार रुपए की सब्सिडी प्राप्त हुई है। वह बिलोना पद्धति से घी बनाते हैं, जिससे घी की शुद्धता और स्वाद अच्छा होना है जिससे देश के साथ-साथ विदेशों में भी घी की मांग बढ़ी है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। गुलाब की खेती करने वाले प्रवीण पाटीदार ने भी अपने अनुभव साझा किए।

किसान ने बताया-वे पिंक और रेड डायमंड अमरूद का करते हैं उत्पादन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अमरूद का उत्पादन करने वाले किसान कन्हैयालाल पाटीदार से चर्चा की। कन्हैयालाल ने बताया कि वह कम शुगर वाले वीएनआर, पिंक और रेड डायमंड किस्म के अमरूद का उत्पादन करते हैं। अमरूद को मुंबई, दिल्ली और असम तक के बाजारों में मांग के अनुसार भेजते हैं। जैविक उर्वरक के लिए रिसर्च सेंटर का संचालन करने वाली रेखा व्यास ने अपने जैविक खाद की जानकारी दी। लहसुन-प्याज का उत्पादन करने वाले किसान धर्मेंद्र जाट ने भी मुख्यमंत्री से स्थानीय मालवी भाषा में संवाद किया। कार्यक्रम में किसानों को उन्नत कृषि तकनीक, आधुनिक खेती के तौर-तरीकों और कृषि के साथ-साथ पशुपालन, उद्यानिकी एवं अन्य संबद्ध गतिविधियों को अपनाकर आय के विभिन्न स्रोत विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप, विधायक जावरा डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, विधायक रतलाम ग्रामीण मथुरालाल डामर ने भी संबोधित किया।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

10 ठेकेदार को सड़क गुणवत्ता के लिए सीएमओ...



11 थाईलैंड की यूनेस्को धरोहर 'खोन' में दिखेगा...



3

सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में खामियां मिलने पर सिद्धांता अस्पताल सील

सीएमएचओ की जांच में मिली थीं 19 गंभीर कमियां, इमरजेंसी में सिर्फ एक बीपी मशीन और ऑक्सीजन सिलेंडर था

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शिवाजी नगर स्थित सिद्धांता सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं और सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर कमियां सामने आने के बाद नगर निगम ने बुधवार को अस्पताल सील कर दिया। नगर निगम की भवन अनुज्ञा शाखा ने नियमों के खिलाफ अस्पताल का संचालन किए जाने के मामले में यह कार्रवाई की।

इससे पहले स्वास्थ्य विभाग की जांच में अस्पताल में 19 गंभीर कमियां मिली थीं। अस्पताल का पंजीयन और लाइसेंस भी निरस्त किया जा चुका है। सीएमएचओ की जांच रिपोर्ट में अस्पताल की इमरजेंसी, आईसीयू, डायलिसिस यूनिट, एक्स-रे और फायर सेफ्टी व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए गए हैं। जांच में कई ऐसी बुनियादी व्यवस्थाएं भी नहीं मिलीं, जो गंभीर मरीजों के इलाज के लिए जरूरी होती हैं।

आईसीयू, डायलिसिस फायर सेफ्टी में कमियां मिली

नियमों के खिलाफ किया अस्पताल का संचालन



अस्पताल का सामान ट्रक में रखते कर्मचारी।

अस्पताल में संक्रामक मरीजों के लिए अलग व्यवस्था नहीं मिली

जांच टीम जब अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंची तो मरीजों की जांच के लिए पर्याप्त उपकरण नहीं मिले। इमरजेंसी में सिर्फ एक बीपी मशीन और ट्रॉली पर एक ऑक्सीजन सिलेंडर मिला। रिपोर्ट के अनुसार इमरजेंसी की क्रैश कार्ट लॉक थी। ट्रॉमा एरिया में इंजेक्शन लगाने के लिए बेड लगा था और इसी स्थान पर ड्रेसिंग किए जाने की बात भी जांच रिपोर्ट में दर्ज है। चार बेड की डायलिसिस यूनिट में दो टेक्नीशियन मिले। अस्पताल की डायलिसिस यूनिट में चार बेड थे, लेकिन निरीक्षण के दौरान केवल दो डायलिसिस टेक्नीशियन मौजूद मिले। जांच टीम को मरीजों की सीरोलॉजी रिपोर्ट भी उपलब्ध नहीं कराई गई। सीरो पॉजिटिव मरीजों के लिए अलग व्यवस्था नहीं मिली। वहीं, एक टेक्नीशियन की आवश्यक योग्यता का प्रमाण-पत्र भी जांच के दौरान उपलब्ध नहीं कराया गया।

जांच के बाद निगम की कार्रवाई

स्वास्थ्य विभाग की जांच रिपोर्ट और अस्पताल के पंजीयन-लाइसेंस से जुड़ी कार्रवाई के बाद नगर निगम ने बुधवार को भवन अनुज्ञा शाखा के माध्यम से अस्पताल को सील कर दिया। कार्रवाई के बाद अस्पताल का संचालन बंद हो गया है। अब बिना जरूरी अनुमति और नियमों का पालन किए अस्पताल का संचालन नहीं किया जा सकेगा।



अस्पताल को सील करने से पहले सामान निकालते कर्मी।

फायर सेफ्टी और अन्य व्यवस्थाओं पर भी अस्पताल प्रबंधन पर सवाल

स्वास्थ्य विभाग की जांच में फायर सेफ्टी सहित अस्पताल की कई जरूरी व्यवस्थाओं में कमियां सामने आई थीं। आईसीयू और अन्य चिकित्सा सेवाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं को लेकर भी रिपोर्ट में आपत्तियां दर्ज की गईं। यानी जिस अस्पताल में गंभीर मरीजों के इलाज का दावा किया जा रहा था, वहां जांच में इलाज से लेकर सुरक्षा तक की व्यवस्थाओं में खामियां मिलीं।



तीन फायर किए, एक मिस फायर हुआ, दो गोलियां लेडी डॉक्टर और भाई को छूती हुई निकली, फांसी लगाने से खुद गंभीर

शादी का दबाव बना रहे बीएचएमस डॉक्टर ने लेडी डॉक्टर व उसके चचेरे भाई को मारी गोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित पतंजलि परिसर में लेडी बीएचएमएस डॉक्टर पर साथ पढ़ने वाले डॉक्टर ने फायर कर दिया। उसने क्रमशः तीन फायर किए थे। एक फायर मिस हो गया, जबकि दो फायर लेडी डॉक्टर और उसके चचेरे भाई को लगी है। गनीमत रही कि गोली दोनों को छूते हुए निकल गई और उनकी जान बच गई। फायरिंग के बाद डॉक्टर दौड़कर अपने फ्लैट पर पहुंचा और उसने फांसी लगा ली। समय रहते दोस्तों ने उसे फंदे से उतारा और अस्पताल पहुंचाया। वहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी डॉक्टर के घर से पुलिस ने एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। जिसमें उसने प्रेम प्रसंग में धोखा मिलने की बात लिखी है।

पुलिस के अनुसार 28 साल की डॉक्टर मूलतः सूरत की रहने वाली है। वह एमडी की पढ़ाई निजी कॉलेज से कर रही है। इसी कॉलेज से डॉक्टर नवीन रोहेला भी एमडी की पढ़ाई कर रहा है। डॉक्टर रोहेला और लेडी डॉक्टर में दोस्ती थी। करीब चार साल से वह एक-दूसरे को जानते थे और रिलेशन में थे, लेकिन अक्टूबर 2025 में लेडी डॉक्टर से नवीन रोहेला का ब्रेकअप हो गया।

गांधी नगर के पतंजलि परिसर में देर रात फायरिंग से दहशत

सुसाइड नोट में किया प्रेम प्रसंग में धोखे का जिक्र



घायल लेडी डॉक्टर और उसका भाई।

खाना खाकर लौटते समय आरोपी ने रोका

लेडी डॉक्टर ने दो तीन पहले ही भोपाल आई हैं। वह अपने चचेरे भाई और एक सहेली के साथ आई और पतंजलि परिसर में किराए का फ्लैट लिया था। लेडी डॉक्टर मंगलवार रात अपने चचेरे भाई और सहेली के साथ बाहर से खाना खाकर लौट रही थी। रात करीब सवा 11 बजे के आसपास डॉक्टर नवीन उसे सीढ़ियों पर मिला और कहने लगा कि तुमसे जरूरी बात करनी है। डॉक्टर ने कहा कि उसे कोई बात नहीं करनी। यह बात सुनकर सीढ़ियों पर नवीन ने शोर करना शुरू कर दिया। बदनामी के डर से डॉक्टर ने उसे कहा कि चलो फ्लैट में बैठकर बात करते हैं। नवीन डॉक्टर और उसके भाई के साथ फ्लैट में चला गया।

भाई ने बीच में कहा तो हुआ विवाद

डॉक्टर और नवीन फ्लैट के हॉल में बैठकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। नवीन डॉक्टर पर शादी का दबाव बना रहा था, जबकि वह उससे दूरी बनाना चाहती थी। इसी बीच डॉक्टर के भाई ने नवीन से कह दिया कि अब बहुत हो गया तू यहां से निकल। यह बात सुनते ही नवीन गुस्से में आ गया। उसने पिस्टल निकाली और लगातार तीन फायर कर दिए। एक फायर डॉक्टर के सिर को छूता हुआ निकल गया, जबकि दूसरा फायर डॉक्टर के चचेरे भाई के पेट के पास से छूता हुआ निकला था। तीसरा फायर मिस हो गया था।



फांसी लगाने से आरोपी गंभीर

खुद भी फ्लैट पर पहुंचा और लगाई फांसी

मिस फायर होने के बाद नवीन दौड़कर अपने फ्लैट पहुंचा और कुर्सी पर चढ़कर फांसी के फंदा बनाकर फांसी लगाने का प्रयास किया। पहली बार कुर्सी टूट गई और वह फांसी नहीं लगा सका। दूसरी बार उसने प्रयास किया और फांसी लगा ली। गोली चलने और नवीन के फ्लैट पर दौड़कर जाने की बात पता चलते ही दोस्त नवीन के फ्लैट पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नवीन को फांसी के फंदे पर लटके देखा था। शरीर में छटपटाहट होती देख दोस्तों ने नवीन को फंदे से नीचे उतारा और अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां नवीन की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

रेस्टॉरेंट, ढाबों और प्राइवेट हॉस्टलों की जांच

एक हजार 50 दुकानों की हुई जांच गड़बड़ी पर 16 के लाइसेंस सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

त्यौहारों के दौरान खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग को देखते हुए खाद्य विभाग ने मिठाइयों, नमकीन, खाद्य तेल, पेय पदार्थों, दूध, घी, मावा और पनीर के सैंपल लिए हैं, हालांकि इनमें से अधिकतर की अब तक सैंपल जांच रिपोर्ट अब तक नहीं आई है। पिछले दिनों चले अभियान में अब तक एक हजार 50 प्रतिष्ठानों की जांच में गड़बड़ी मिलने पर 16 प्रतिष्ठानों के फूड लाइसेंस सस्पेंड किए गए हैं।

डीबी मॉल स्थित मेकडोनाल्ट रेस्टॉरेंट का फ्रेंच फ्राइज खाने से पेट दर्द होने के बाद बुधवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने रेस्टॉरेंट पहुंचकर जांच की है। जांच के दौरान यहां से फ्रेंच फ्राइज, और पिज्जा पफ के सैंपल लिए गए हैं। टीम यहां से बैरागढ़ के डीमार्ट एवेंयू सुपर मार्केट पहुंची, जहां से आटा और पोहा का सैंपल लिया गया है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक ने बताया कि हमीदिया अस्पताल स्थित रमा केटर्स से चाय, काफी, पेटीज, मैगी मसाला, पोहा, शुगर और सुधामृत मिल्क पार्लर से चाय, काफी, पेटीज, पोहा और नमकीन के सैंपल लिए हैं।



फाइल फोटो

बेटी का गला काटकर जान से मारने का प्रयास करने वाले दोषी पिता को 7 वर्ष की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सौतेली बेटी का लोहे के कटर से गला काटकर जान से मारने का प्रयास करने वाले अभियुक्त सौतेले पिता तेज सिंह लोधी को इक्कीसवें अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हिमांशु कौशल के न्यायालय द्वारा भादंसं की धारा-307 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किए जाने का निर्णय पारित किया है।

अभियोजन की ओर से प्रकरण में विशेष लोक अभियोजक ऋषि राज द्विवेदी द्वारा पैरवी की गई थी। अभियोजन के अनुसार 29 जनवरी 2024 को रात 9 बजे अभियुक्त सौतेले पिता तेज सिंह लोधी ने सौतेली बेटी प्रीति लोधी को ताऊ राजेश लोधी के घर छोड़ने का बोलकर मोटरसाइकिल पर बैठा के कोहेफिजा क्षेत्र में झाड़ियों के पास मोटरसाइकिल खड़ी कर उसे नीचे उतार कर पीछे से उसका मुंह दबाकर जान से मारने की नियत से उसके गले में लोहे के कटर से प्राणघातक हमला कर दिया था। अचानक हुए प्राणघातक हमले से फरियादिया झाड़ियों में गिरकर बेहोश हो गयी थी। होश आने पर वह उठकर रोड पर आई तो रास्ते से निकल रहे लोग उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए। उक्त सूचना के आधार पर पुलिस थाना कोहेफिजा द्वारा फरियादिया प्रीति लोधी की रिपोर्ट पर अभियुक्त सौतेले पिता तेज सिंह लोधी के विरूद्ध भादंसं की धारा-307 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मौका नक्शा तैयार कर, घटना स्थल से कटर जब्त किया गया था। कटर पर लगे खून की जांच (डीएनए) के माध्यम से की गई।

बकाया भुगतान नहीं होने से कर रहे आंदोलन

आज से नहीं मिलेगा 'आयुष्मान' से इलाज, एक हजार एंबुलेंस लेकर दिल्ली कूच करेंगे डॉक्टर्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल समेत मध्य प्रदेश के प्राइवेट अस्पतालों में गुरूवार आठ अक्टूबर से आयुष्मान योजना का अनिश्चितकालीन बहिष्कार किया जाएगा। प्राइवेट हॉस्पिटल में आने वाले मरीजों को यहां आयुष्मान योजना में मरीजों का इलाज नहीं होगा। उन्होंने एनबीएचएस की अनिवार्यता को भी तुरंत हटाने की मांग की।

सरकार ने फैसला लिया है कि एनबीएचएस सर्टिफिकेट मिलने के बाद अस्पताल में इलाज की पात्रता होगी। भोपाल के ज्यादातर हॉस्पिटल का आयुष्मान योजना का औसत डेढ़ से दो करोड़ रुपए तक बकाया है। इसे लेकर अब चिकित्सा एवं अस्पताल संगठनों ने आंदोलन का ऐलान किया है। गुरुवार को वे एंबुलेंस के साथ नई दिल्ली कूच करेंगे।



विरोध करते निजी अस्पताल संचालक।

110 एंबुलेंस के साथ रैली निकालकर किया प्रदर्शन

बुधवार को प्राइवेट हॉस्पिटल के संचालकों ने एयरोसिटी क्षेत्र में करीब 110 एंबुलेंस के साथ शक्ति प्रदर्शन किया। अस्पताल संचालक यूनियन के उपाध्यक्ष डॉ. धनंजय मिश्रा ने बताया कि अस्पताल गुणवत्ता और मरीजों की सुरक्षा के मानकों के पूरी तरह पक्षधर हैं, लेकिन एनबीएचएस को जबरन अनिवार्य करना छोटे एवं मध्यम अस्पतालों पर भारी आर्थिक और प्रशासनिक बोझ डाल रहा है। अस्पताल संगठनों के अनुसार प्रस्तावित दिल्ली कूच में करीब एक हजार एंबुलेंस शामिल करने की तैयारी है। सभी एम्बुलेंस एक साथ रवाना नहीं होंगी, बल्कि जिलों से अलग-अलग समय पर दिल्ली के लिए जाएंगे।

लंबे समय से आयुष्मान भुगतान अटका

यूपीएचडीए के अध्यक्ष डॉ. विशाल सिंह बघेल और एडवायजरी चेयरमैन डॉ. जीशान अहमद ने बताया कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत लंबे समय से भुगतान अटकने के कारण निजी अस्पताल आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। अस्पताल मरीजों का इलाज करके अपनी तरफ से खर्च कर चुके हैं। महीनों तक उनका पैसा रोककर अस्पतालों से निर्बाध सेवाएं जारी रखने की अपेक्षा व्यावहारिक नहीं है। पुराने सभी वैध बकाया का तत्काल निपटारा हो और प्रत्येक भुगतान के लिए निश्चित समय-सीमा एवं जवाबदेही तय की जाए।

स्वामित्व योजना में रजिस्ट्री नहीं करने पर जिलों में हुई कार्रवाई

स्वामित्व योजनाः हुजूर के पटवारियों को नोटिस, आज और कल भी नहीं होंगे काम

परीवीक्षाधीन अवधि वाले चार पटवारियों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वामित्व योजना के तहत गांव के लोगों का खसरे में नाम दर्ज होने के बाद उनके मकानों की रजिस्ट्री कराने की योजना खटाई में पड़ी है। पिछले बीस दिन से पटवारियों ने रजिस्ट्री कराने से इंकार कर दिया है, जिसकी वजह से प्रदेश भर में रजिस्ट्रियां नहीं हो पाई हैं। मंगलवार को पटवारियों पर कार्रवाई करते हुए देवास, गुना समेत अन्य जिलों में पटवारियों को सस्पेंड कर नोटिस जारी किए गए हैं।

जिसके विरोध में अब पटवारी खुलकर आ गए हैं। इधर हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया ने परीविक्षाधीन अवधि वाले चार पटवारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। प्रांतीय पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष संदीप शर्मा और अरविंद गिरी ने बताया कि पटवारियों पर कार्रवाई के विरोध में भोपाल जिले के पटवारी सरकारी वाट्सएप ग्रुप से लेफ्ट हो गए हैं। गुरुवार से रविवार तक चार दिनों का सामूहिक अवकाश लिया गया है। इन चार दिनों में पटवारी सरकारी काम नहीं करेंगे। वहीं बताया गया कि मामले में लीगल एडवाइस ली है। पटवारियों को निष्पादक की भूमिका से हटाए जाने के बाद ही उन्हें राहत मिलेगी।

टिकट चेकिंग अभियान में 5 हजार मामलों में 42.45 लाख रुपए जुर्माना वसूला

भोपाल। हरदा, इटारसी, रानी कमलापति, भोपाल, बीना, विदिशा, अशोकनगर एवं गुना सहित मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पांच हजार 45 मामले पकड़े गए, जिनसे रेलवे को कुल 42 लाख 45 हजार 15 रुपए की जुर्माना राशि प्राप्त हुई। अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा के दो हजा 684 मामले पकड़े गए, जिनसे 24 लाख 90 हजार 300 जुर्माना वसूला गया। वहीं अनुचित टिकट के दो हजार 285 मामलों में 17 लाख 29 हजार 405 जुर्माना वसूला गया।

अमृत 2.0 के तहत 582 करोड़ की योजना से 700 किमी पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू

800 घरों तक पहुंचेगा साफ पानी, नई पाइपलाइन से सुधरेगी जलापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ईदगाह हिल्स स्थित वाजपेयी नगर मल्टी के रहवासियों को लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद नजर आ रही है। यहां नगर निगम के जल विभाग ने नई मुख्य और वितरण पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू कर दिया है। पुरानी पाइपलाइन के टूटने, अनियमित जलापूर्ति और कई बार गंदा पानी आने की शिकायतों के बाद यह काम शुरू किया गया है।

नई पाइपलाइन से मल्टी के सभी ब्लॉकों और ऊपरी मंजिलों तक पानी की आपूर्ति बेहतर होने की उम्मीद है। वाजपेयी नगर मल्टी में करीब 800 घर हैं। इनमें से करीब 300 घरों में नए पानी के कनेक्शन दिए जा चुके हैं। बाकी घरों में कनेक्शन देने का काम लगातार जारी है। निगम अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही पूरे परिसर में कनेक्शन देने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

700 किमी पाइपलाइन से 30 हजार घर जुड़ेंगे, पेयजल की कमी से जूझना नहीं पड़ेगा

ईदगाह हिल्स स्थित वाजपेयी नगर मल्टी के रहवासियों को मिलेगी राहत

पुरानी पाइप लाइन के टूटने, और कई बार गंदा पानी आने की शिकायतें थी



पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क।

शहर में अमृत 2.0 योजना के तहत जलप्रदाय व्यवस्था को मजबूत करने के लिए करीब 700 किलोमीटर नई पाइपलाइन बिछाई जा रही है। इस योजना पर करीब 582 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके तहत करीब 30 हजार घरों को नए नल कनेक्शन देने का लक्ष्य है। योजना पूरी होने के बाद शहर के करीब 90 प्रतिशत घर जलप्रदाय नेटवर्क से कवर हो जाएंगे।

पहले शिकायत, अब पाइपलाइन का काम

वाजपेयी नगर मल्टी में लंबे समय से पानी की आपूर्ति को लेकर परेशानी बनी हुई थी। पुरानी लाइन में खराबी के कारण कई घरों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंचता था। नई लाइन बिछने के बाद इस समस्या में सुधार आने की उम्मीद है। नगर निगम जल विभाग के अधिकारी उदित गर्ग ने बताया कि वाजपेयी नगर मल्टी में काम तेजी से चल रहा है। करीब 300 घरों में कनेक्शन दिए जा चुके हैं। जल्द ही पूरी कॉलोनी को नए कनेक्शन से जोड़ दिया जाएगा। इसके बाद प्रस्तावित अन्य कॉलोनियों में भी पाइपलाइन और कनेक्शन का काम शुरू किया जाएगा।

जैकेट का शेष...

भारत के विकसित ...

भारत जैसी पुण्यभूमि नहीं मिलेगी। 25 सालों का आकलन इससे नहीं होगा कि मैं कहां पहुंचा, बल्कि इससे होगा कि मेरा देश कहां पहुंचा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 7 अक्टूबर 2001 को जब उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी, तब उन्होंने सोचा भी नहीं था कि कभी यह पड़ाव भी आएगा। इस मौके पर दिल्ली में जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने इसके लिए भारत के लोकतंत्र और संविधान का आभार जताया।

हर कार्यकर्ता को नमन: प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वे प्रत्येक स्वयंसेवक और कार्यकर्ता को आदरपूर्वक नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि यह दिन सिर्फ यादों का नहीं, बल्कि अपने संकल्पों को नई ऊर्जा से भरने का है। यह उस वादे और इरादे को व्यक्त करने का दिन है, जो कहता है कि हम करके रहेंगे। उन्होंने कहा कि लाल किले से मैंने सबके प्रयास की बात की थी। भारत को नई बुलंदियों पर पहुंचाने के लिए जो जज्बा चाहिए, वह एक ही संदेश देता है: हम करके रहेंगे। वी विल डू इट। विकसित भारत बाय 2047, वी विल डू इट।

प्रधानमंत्री मोदी ने...

में प्रधानमंत्री ने लिखा कि उन्होंने नई दिल्ली के श्री विनायक मंदिर में पूजा-अर्चना की और भगवान गणेश से देशभर के परिवारजनों की सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने यह भी प्रार्थना की कि विघ्नहर्ता की कृपा से सबका कल्याण हो और देश निरंतर प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ता रहे। इस मौके पर देशभर में भाजपा और एनडीए के सहयोगी दलों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सेवा-सुशासन और ...

यात्रा 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के संकल्प को साकार करने की निरंतर साधना रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश की प्रगति के लिए अपने जीवन का प्रत्येक क्षण राष्ट्र की सेवा में समर्पित करने का देशवासियों से आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से प्रधानमंत्री मोदी के सुदीर्घ, स्वस्थ एवं यशस्वी जीवन की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर देशभर के लाखों नागरिक सेवा संकल्प ज्योति यात्रा में सम्मिलित हो रहे हैं।

मप्र विकास और जनकल्याण के पथ पर अग्रसर: मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यात्रा में शामिल लोगों को 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का संकल्प दिलवाया। मप्र प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में विकास और जनकल्याण के पथ पर निरंतर अग्रसर है। मप्र सरकार ने भी एक देश, एक प्रधान, एक विधान के संकल्प को पूरा करते हुए विधानसभा के माध्यम से समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कराने का रास्ता साफ किया है। इसीतरह अनेकों कार्य पिछले 10-12 वषो में हुए हैं।

पर्यटन निवेशकों के...

तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'एमपी ट्रैवल मार्ट' के दौरान मप्र में पर्यटन क्षेत्र को नई ऊंचाई देने और निजी निवेश को गति प्रदान करने के उद्देश्य से देश-विदेश के प्रमुख पर्यटन निवेशकों, हॉस्पिटैलिटी समूहों और स्टेकहोल्डर्स के साथ वन-टू-वन बैठकें कीं। इस दौरान प्रदेश में पर्यटन अधोसंरचना, धरोहर संरक्षण, कौशल विकास, फिल्म पर्यटन और विभिन्न पर्यटन परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान किया गया तथा निवेशकों को लेटर ऑफ अवॉर्ड (एलओए) प्रदान किए गए। निवेश संवर्धन के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए सीहोर जिले के रामगढ़ में एआरएम फूड्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 848.40 करोड़ रुपए के निजी निवेश से गोल्फ कोर्स, होटल विला, वेलनेस रिसॉर्ट एवं लक्जरी होटल परियोजनाओं के विकास के लिए महत्वपूर्ण एमओयू किया गया। इस महत्वाकांक्षी परियोजना से क्षेत्र में लगभग 920 प्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इस अवसर पर एआरएम फूड्स का प्रतिनिधित्व कंपनी के चेयरमैन एवं निदेशक अतुल अग्रवाल ने किया। वन्यजीव पर्यटन को गति देने के लिए रामको ग्रुप (जेकेआर हॉस्पिटैलिटी) की प्रबंध निदेशक सुश्री शारदा दीपा ने कान्हा, कूनो, पेंच, रानी दुर्गावती, संजय डुबरी, रतापानी, बांधवगढ़ और पन्ना में 120 से 140 करोड़ रुपये के सतत वन्यजीव रिसॉर्ट्स विकसित करने की योजना प्रस्तुत की। इसके साथ ही वराय होटल्स के सीएमडी शैलेश कलवाडिया ने उज्जैन के ब्रजराजखेड़ी में 80 करोड़ रुपए के होटल प्रोजेक्ट, इवॉल्व बैक ग्रुप के अब्राहम जॉर्ज रामापुरम ने मांडू में 50 करोड़ रुपए से अधिक के रिसॉर्ट प्रोजेक्ट और अनाशविश टाइगर कैंप के विनोद सिंह राजपुरोहित ने 'द लीला' के साथ मिलकर कान्हा व सतपुड़ा में लक्जरी परियोजनाओं पर चर्चा की। विसक्वेस्ट हॉस्पिटैलिटी के एस. वेंकट रेड्डी, जूस्टा होटल्स के आशीष वोहरा, अंबुजा नियोतिया के अवनीश कोहली और अहिल्या एक्सपीरिएंसेज के यशवंत राव होलकर ने भी प्रदेश में होटल व डेस्टिनेशन हॉस्पिटैलिटी परियोजनाओं में निवेश की गहरी रुचि दिखाई।

कौशल विकास, हेरिटेज ...

एमओयू हुआ, जिसमें डॉ. सेवा राम ने प्रतिनिधित्व किया। कौशल विकास के तहत भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान (आईआईटीटीएम), ग्वालियर के साथ पर्यटक वाहन चालकों के आरपीएल प्रशिक्षण एवं प्रमाणन के लिए एमओयू किया गया, जिसके प्रथम चरण में भोपाल के 100 पर्यटक वाहन चालकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इसमें संस्थान का प्रतिनिधित्व प्रो. प्रशांत के. गौता ने किया। वहीं, द्रोणह के साथ ओरछा परिसर के पर्यावरण, लैंडस्केप एवं संरक्षण योजना तैयार करने के लिए एमओयू किया गया, जिसमें श्रीमती शिखा जैन ने प्रतिनिधित्व किया।

राज्य में कुल 300 करोड़ रुपए के समग्र निवेश की रूपरेखा रखी : सर्व ग्रुप के प्रबंध निदेशक कुणाल ज्ञानी ने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (मढ़ई) में 'ताज सफारीज' के साथ 40 एकड़ में 100 करोड़ रुपए के अल्ट्रा-लक्जरी वन्यजीव रिसॉर्ट और राज्य में कुल 300 करोड़ रुपए के समग्र निवेश की रूपरेखा रखी। एमआरवीएच रिसॉर्ट्स के निदेशक जितेंद्र सिंह ने ओंकारेश्वर में 200 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे 'रमाडा रिसॉर्ट बाय विंडहैम' को सिंहस्थ 2028 से पूर्व, वर्ष 2026 के अंत तक पूर्ण करने तथा रतापानी, बांधवगढ़, पचमढ़ी व मढ़ई में 150 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश का प्रस्ताव दिया।

होम और कार...

मजबूत रफ्तार ने रिजर्व बैंक को ब्याज दर बढ़ाने की गुंजाइश भी दी है। इससे पहले यह दर 5.25 प्रतिशत थी। यह फैसला बाजार की उम्मीद के मुताबिक रहा। रॉयटर्स के सर्वे में शामिल करीब 60 प्रतिशत अर्थशास्त्रियों ने पहले ही 25 बेसिस प्वॉइंट की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया था। रेपो रेट वह ब्याज दर है, जिस पर रिजर्व बैंक बैंकों को कम समय के लिए पैसा देता है। इसमें बढ़ोतरी होने पर बैंकों के लिए पैसा जुटाना महंगा हो सकता है। इसका असर आगे चलकर होम लोन, कार लोन और दूसरे कर्ज की ब्याज दरों पर पड़ सकता है। रेपो रेट बढ़ने से कर्ज लेना थोड़ा महंगा हो सकता है। खासकर फ्लोटिंग रेट वाले होम लोन और पर्सनल लोन पर इसका असर पड़ सकता है। बैंक बढ़ी हुई लागत का बोझ ग्राहकों पर डाल सकते हैं, जिससे ईएमआई बढ़ सकती है या लोन चुकाने की अवधि लंबी हो सकती है।

अब औसत महंगाई 5.2 ...

4 प्रतिशत के मध्यम अवधि के लक्ष्य से ऊपर रही। ईंधन और खाने-पीने की चीजों की बढ़ती कीमतों का असर अब दूसरी वस्तुओं और सेवाओं तक भी पहुंच रहा है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में शामिल करीब आधी वस्तुओं में महंगाई 4 प्रतिशत से ज्यादा बताई गई है।

आगे भी बढ़ सकती ...

और आर्थिक विकास के वास्तविक आंकड़ों को देखकर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब यह साफ है कि महंगाई को लेकर स्थिति पहले जितनी आसान नहीं रही। महंगाई बढ़ने की आशंका और कीमतों में तेजी का असर ज्यादा चीजों तक पहुंचने के संकेत मिल रहे हैं।

पेज एक का शेष...

24 घंटे में ...

बाद राहुल व प्रियंका के खिलाफ आकाशवाणी भवन में जबरिया घुसने के आरोप में एफआईआर की गई। राहुल ने कहा कि उनके खिलाफ अब तक 45 एफआईआर हैं। ये 100 भी हो जाएंगी तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा। हर एफआईआर मेरे लिए सीने पर एक मेडल की तरह है।

प्रियंका का आरोप- सांसदों को जमीन पर पटका गया: -प्रियंका ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जो सांसद सिर्फ चुनाव आयुक्त से मिलना चाहते हैं, उनसे ऐसा बर्ताव किया जा रहा है। उनका दावा था कि सांसदों को पीटा गया, उन्हें जमीन पर पटका गया और खुद उन्हें भी जगह-जगह खरोंचें आईं। उन्होंने फोर्स हटाने की मांग करते हुए वहां से न हटने की बात कही।

जंतर-मंतर से पहले पुलिस ने रोका: -पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रास्ते बंद किए थे, जिससे सांसद आगे नहीं बढ़ पाए और सड़क पर बैठ गए। राहुल के पहुंचते ही पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेना शुरू किया, और प्रदर्शनकारी पैदल आगे बढ़ने लगे। पुलिस ने राहुल और प्रियंका को हिरासत में लेकर बस में बैठाया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल को ले जा रही बस को पंक्चर कर दिया, जिससे बवाल बढ़ा। राजद सांसद मनोज झा ने पुलिस पर लाठीचार्ज का आरोप लगाया।

बोले राहुल?...

एक्शन लेंगे। ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना पड़ेगा। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि देश में वे संविधान को और लोकतंत्र को खत्म करने का प्रयास कर रहे हैं। इसलिए हमने तय किया कि हम मिलकर एक होकर पूरे देश में लोकतंत्र को बचाएंगे। हमारे अधिकारों की रक्षा का हम पूरा प्रयास कर रहे हैं। हम डरने वाले नहीं हैं। हम लड़ते रहेंगे और आगे बढ़ते रहेंगे। सीईसी मामले पर कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा बुलाई गई विपक्षी सांसदों की बैठक के बाद कांग्रेस प्रमुख-राज्यसभा नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा और अन्य विपक्षी सांसदों को लेकर एक बस जंतर-मंतर के लिए रवाना हुई। जंतर-मंतर जा रहे विपक्षी सांसदों को पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया, जिसके बाद वे सड़क पर ही बैठ गए। इस दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा सड़क पर लेट गईं। बाद में दिल्ली पुलिस ने प्रियंका और राहुल गांधी को हिरासत में लेकर गाड़ी में बैठाया और प्रदर्शन स्थल से ले गई।

'स्वामित्व योजना' के...

गईं। गुना जिले में प्रशासन ने पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष समेत 4 पटवारियों को निलंबित कर दिया तथा 4 ट्रेनी पटवारियों की सेवा समाप्त कर दी गई। शासकीय कार्य नहीं करने के मामले में गुना जिले के सभी 52 पटवारियों को सेवा समाप्ति का नोटिस जारी किया गया है। आगर मालवा में 3 पटवारियों की सेवा समाप्त की गई है। इससे पहले स्वामित्व योजना में निष्पादक की भूमिका का विरोध करने पर रायसेन और मंडला में भी पटवारियों पर कार्रवाई की जा चुकी है। इस प्रशासनिक सख्ती से प्रदेशभर के पटवारी संवर्ग में रोष फैल गया।

योजना का पटवारी ...

मैदानी पटवारी पर थोपा जा रहा है, जबकि उनके पास पर्याप्त संसाधन व विधिक सुरक्षा नहीं है। पटवारी संघ के पदाधिकारियों का आरोप है कि वरिष्ठ अधिकारी जमीनी व्यवहारिकता समझे बिना दंडात्मक रवैया अपना रहे हैं। दबाव बनाकर एकतरफा बर्खास्तगी और निलंबन के आदेश जारी किए गए हैं, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सीएम के दौरे के 2 दिन ...

के बाद ग्वालियर की दूसरी वाहिनी के सेनानी पद का अतिरिक्त प्रभार 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी श्रुतकीर्ति सोमवंशी को सौंपा गया है। प्रकाश चंद्र परिहार ने 7 मई को पांढुर्णा एसपी का पदभार संभाला था। वे 2016 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। मई में हुए आईपीएस अधिकारियों के फेरबदल में उन्हें पांढुर्णा की जिम्मेदारी मिली थी। करीब पांच महीने बाद उनका तबादला कर दिया गया। अब वे भोपाल पुलिस मुख्यालय में नई जिम्मेदारी संभालेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 4 अक्टूबर को पांढुर्णा पहुंचे थे। इसके दो दिन बाद मंगलवार को एसपी के तबादले का आदेश जारी हुआ। हालांकि शासन के आदेश में तबादले का कारण नहीं बताया गया है। मुख्यमंत्री के दौरे और तबादले के बीच किसी संबंध की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

फार्मा, मेडिकल डिवाइस ...

अवसरों को संबंधित उद्योग समूहों के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्यमंत्री प्रमुख उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन बैठकें भी करेंगे। उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) नीरज मंडलोई ने बताया कि मुंबई देश के प्रमुख औद्योगिक और कारोबारी केंद्रों में ही नहीं है, बल्कि देश की आर्थिक राजधानी भी है। यहां ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट्स, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्युटिकल्स, टेक्सटाइल्स, केमिकल्स और उभरती ऊर्जा प्रौद्योगिकियों से जुड़े बड़े उद्योग समूह हैं। मप्र इन क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं को संबंधित कंपनियों तक पहुंचा रहा है, ताकि प्रदेश में विकसित किए जा रहे औद्योगिक अवसरों को उद्योगों की जरूरत और उनकी विस्तार योजनाओं से जोड़ा जा सके।

मुख्यमंत्री ने 2 ...

प्राकृतिक आवास में स्वच्छंद होकर विचरण करेंगे। नौरादेही में 41 वर्ष पहले टाइगर रिजर्व की स्थापना हुई थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को सागर के रहली स्थित वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में 2 चीते (नर व्योम और मादा नीरा) के लिए तैयार किए गए सुरक्षित बाड़े (सॉफ्ट रिलीज बोमा) में विमुक्त किए। उन्होंने कहा कि यह अभयारण्य सबसे खास होगा, क्योंकि अब नौरादेही में पर्यटकों को चीता और टाइगर एक ही रिजर्व में विचरण करते नजर आएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र में चीतों की संख्या अब 60 तक पहुंच गई है। प्रदेश की धरती वन्य प्राणियों के लिए सबसे अनुकूल है। मप्र, देश में सबसे अधिक टाइगर और गिद्धों की संख्या वाला भी राज्य है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वन और वन्य प्राणियों की चिंता करते हुए उनका सभी प्रकार से संरक्षण कर रही है। मप्र में जलचर, थलचर और नभचर सभी प्रकार के जीवों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है। राज्य में नर्मदा मैया के वाहन मगरमच्छ को भी संरक्षण दिया जा रहा है।

इस खोज ने ...

के नाम से जाना जाता है और इसे रसायन विज्ञान के सबसे उल्लेखनीय प्रयोगों में गिना जाता है

ऑटोकैटालिसिस एक...

लगभग एक जैसे होने के बावजूद इनका असर बिल्कुल अलग हो सकता है। दवाओं में एक रूप फायदेमंद और दूसरा बेअसर या हानिकारक हो सकता है, इसलिए वैज्ञानिकों के लिए इनमें से सिर्फ एक रूप को बनाना बड़ी चुनौती रही है। नोबेल समिति के अनुसार 2026 का पुरस्कार उन खोजों के लिए दिया गया है जिन्होंने वैज्ञानिकों को इन रासायनिक प्रतिक्रियाओं को नियंत्रित करने और एक मिरर इमेज वाले रूप को दूसरे की तुलना में अधिक मात्रा में बनाने में मदद की। हेनरी कागन ने दिखाया कि ऐसी अभिक्रियाओं में नॉन-लीनियर प्रभाव होते हैं। यानी उत्प्रेरक में एक रूप की थोड़ी सी अधिकता भी उत्पाद में उससे कहीं ज्यादा अधिकता पैदा कर सकती है। इसके बाद केन्सो सोई ने इस काम को आगे बढ़ाया।

उन्होंने ऐसी केमिकल रिएक्शन डिजाइन की जिसमें संभावित मिरर इमेज में से सिर्फ एक ही बनी, और वही आगे अपने जैसे और अणु बनाने में मदद करता है। इस तरह शुरुआती छोटी सी असमानता अपने आप बढ़कर लगभग शुद्ध एक रूप में बदल जाती है। वैज्ञानिकों के मुताबिक इस खोज का महत्व दवा निर्माण और ऑर्गेनिक सिंथेसिस में बहुत ज्यादा है। साथ ही यह इस पुरानी वैज्ञानिक पहेली पर भी रोशनी डालती है कि जीवन के बुनियादी अणु, जैसे अमीनो एसिड और शर्करा, प्रकृति में सिर्फ एक ही रूप में क्यों पाए जाते हैं। इसे होमोकाइरैलिटी कहा जाता है।

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

फाईनेंस सुविधा उपलब्ध है
प्लॉट मात्र 16 लाख में
T&C
साईड 220 फीट न्यू जेल रोड, संमीप
मो. 8962979924
9755905247

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
Timing 10:30 am to 8:00 pm
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M. 9425006131, 8871714432
सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-30-07-2026,to 11-08-26
SUNDAY HOLD

राशिफल

मेष किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

वृष मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

मिथुन पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

कर्क आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

सिंह व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

कन्या पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

तुला मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

वृश्चिक परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

धनु मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

मकर क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

कुंभ रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

मीन पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

शब्द पहेली - 6371



बाएँ से दाए
1. असहकार-5
4. शत्रुता, दुश्मनी-4
7. नाच, नृत्य (उर्दू-2)
8. विष्णु का वाहन-3
9. मादा का विलोम-2
10. ईश्वर, शिव-4
11. संज्ञा, संबोधन-2
13. वेग, गति-3
14. महसूल, राहदरी-2
15. अंधकार, अंधेरा-3
17. कुंजी, ताली-2
19. गोलाकार-5
22. इतना, बेगानापन-5
25. समय, वक्त-2
26. स्याही का पात्र-3
28. अच्छा, सद् पुरुष-2
29. अदृश्य-3
30. मिट्टी, धूल-2
32. नट बाजीगरी करने वाला-4
34. टैक्स, हाथ-2
36. बोलने का तरीका-3
37. खदान-2
38. जो जायज न हो-4
39. श्री रामचंद्र का नाम-5

ऊपर से नीचे
1. तराजू डंडा, गसा-2
2. पराजित करना-3
3. बहुत लंबा -5
4. रुकना, अड़ जाना-3
5. जंगल, कानन-2
6. तीर रखने का पात्र-4
7. सार-संभाल-2,3
10. पूंजी, धन-4
12. वोट, राय-2
16. राजा, महाराजा-3
17. चतुर्थ, चौथा-2
18. हलवा-2
20. पक्षाघात-3
21. तन, देह-2
22. क्षण-2
23. स्मारक-4
24. चोर, लुटेरा-5
25. जैकी श्राफ, अनिल कपूर, किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26. टूटना, बिखरना-4
27. पानी से सराबोर-2
31. कमल, नीरज-3
33. बादलों की गड़गड़ाहट-3
35. छुट्टी, अवकाश-2
37. राख, मिट्टी-2

शब्द पहेली - 6370 का हल



सूडोकु नवताल - 6381

सरल

	4		7		1			3
3		5		4		1		
	2				8			
4		3						
	8			2			1	
						8		6
			2				3	
		9		8		2		4
1			4		6		9	

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 हक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6380 का हल

9	2	7	4	8	6	5	3	1
5	1	6	3	2	9	4	8	7
3	4	8	7	1	5	9	6	2
8	3	4	9	5	1	2	7	6
7	6	5	8	4	2	3	1	9
1	9	2	6	3	7	8	5	4
6	7	3	2	9	8	1	4	5
2	8	1	5	7	4	6	9	3
4	5	9	1	6	3	7	2	8

खबर संक्षेप

एनएसई ने निवेशकों को किया अलर्ट

मुंबई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) ने निवेशकों को कुछ टेलीग्राम चैनलों के माध्यम से दी जा रही शेयर बाजार संबंधी सलाह और गारंटीड रिटर्न के दावों से सावधान रहने की सलाह दी है। एनएसई के अनुसार, 'जैकपॉट ट्रेडिंग निफ्टी' नामक टेलीग्राम चैनल और @ पूंजीगत लाभ 25 हैंडल के जरिए निवेश संबंधी टिप्स, गारंटीड रिटर्न और अकाउंट हैंडलिंग सेवाओं की पेशकश की जा रही है। एनएसई ने स्पष्ट किया है कि निवेशक ऐसे किसी व्यक्ति या संस्था के झांसे में न आएं, जो निश्चित, गारंटीड या आश्वासित रिटर्न का दावा करता हो।

फ्लिपकार्ट का बिग बिलियन डेज कल से

नई दिल्ली। फ्लिपकार्ट का 13वां बिग बिलियन डेज 9 अक्टूबर से शुरू होगा। ग्राहकों के लिए शुरुआती पहुंच 8 अक्टूबर से उपलब्ध होगी। कंपनी के अनुसार, इस बार रिकॉर्ड संख्या में विक्रेता, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम और कारीगर त्योहारी बिक्री में हिस्सा ले रहे हैं। अभियान के तहत करीब 15 करोड़ उत्पाद उपलब्ध होंगे। फ्लिपकार्ट समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कल्याण कृष्णमूर्ति ने कहा कि भारत के डिजिटल वाणिज्य और छोटे कारोबारों के विस्तार की कहानी है।

सैमसंग का नया कैसट एयर कंडीशनर लांच

नई दिल्ली। सैमसंग ने प्रीमियम घरों और व्यावसायिक जगहों के लिए नई इन्फिनिट वन-वे कैसट एयर कंडीशनर श्रृंखला पेश की है। इसमें आरामदायक ठंडक, स्मार्ट तकनीक और आकर्षक डिजाइन का संयोजन किया गया है। नए एयर कंडीशनर में परिवेशीय किनारी रोशनी के साथ नौ मनोदशा आधारित प्रकाश विकल्प दिए गए हैं। एयर कंडीशनर में वाइड विंडफ्री तकनीक दी गई है। इसके 17,200 सूक्ष्म छिद्रों के जरिए तेज हवा के झोंके के बिना ठंडक पहुंचाई जाती है।

वार्षिक फेस्टिव बोनांजा ऑफर फिर शुरू

मुंबई। आईसीआईसीआई बैंक ने त्योहारी सीजन को देखते हुए अपने वार्षिक 'फेस्टिव बोनांजा' ऑफर की फिर शुरुआत की है। इसके तहत खरीदारी, यात्रा और जीवनशैली से जुड़े प्रमुख ब्रांड्स पर ग्राहकों को छूट, कैशबैक और आसान किस्तों का लाभ मिलेगा। ग्राहक बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, कार्डरहित ईएमआई और बिना ब्याज वाली ईएमआई के माध्यम से इन ऑफर का लाभ उठा सकेंगे। फ्लिपकार्ट की 'बिग बिलियन डेज' बिक्री 8 अक्टूबर 2026 से शुरू हो गई।

पीएनबीः एशियाई खेल विजेताओं का सम्मान

नई दिल्ली। पंजाब नेशनल बैंक ने एशियाई खेल 2026 में भारतीय हॉकी टीम के शानदार प्रदर्शन में अहम भूमिका निभाने वाले ओलंपियन और अर्जुन पुरस्कार विजेता अभिषेक तथा सुखजीत सिंह को सम्मानित किया। दोनों खिलाड़ी पीएनबी परिवार का हिस्सा होने के साथ-साथ बैंक की हॉकी टीम के वरिष्ठ सदस्य भी हैं। पीएनबी ने दोनों खिलाड़ियों के सम्मान में विशेष अभिनंदन समारोह आयोजित किया। इस दौरान पीएनबी के एमडी एवं सीईओ अशोक चंद्र ने अभिषेक और सुखजीत सिंह को सम्मानित किया।

युविका ने इंडियन गेम शो में नरूला का दिया साथ

मुंबई। लोकप्रिय 'इंडियन गेम शो' इन दिनों मनोरंजक खेलों, हंसी-मजाक और सेलिब्रिटी मेहमानों के साथ दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। भारती सिंह और हर्ष लिम्बाचिया द्वारा होस्ट किए जा रहे शो में हाल ही में अभिनेत्री युविका चौधरी अपने पति प्रिंस नरूला के साथ पहुंचीं। शो में युविका और प्रिंस ने एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबला करने के साथ जमकर मस्ती भी की। दोनों ने एक-दूसरे की टांग खींची और खेलों का पूरा आनंद लिया। युविका ने बताया कि शो में शामिल होने की प्रेरणा उन्हें प्रिंस को वहां मस्ती करते हुए देखकर मिली।

भोपाल के कारोबारियों ने कहा- महंगे कर्ज से बढ़ सकती है कारोबार की लागत

रेपो रेट बढ़ने से एमएसएमई और कारोबारियों की बढ़ेगी चिंता

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में 25 आधार अंकों की बढ़ोतरी कर इसे 5.50 प्रतिशत किए जाने के बाद मध्यप्रदेश के कारोबारियों और उद्योग जगत में चिंता बढ़ गई है। यह फरवरी 2023 के बाद रेपो दर में पहली बढ़ोतरी है। आरबीआई के इस फैसले से बैंक ऋण की लागत बढ़ने और इसका असर कारोबार की कार्यशील पूंजी पर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। भोपाल के कारोबारियों और उद्योग प्रतिनिधियों का कहना है कि ब्याज दरों में बढ़ोतरी का सबसे ज्यादा असर छोटे और मध्यम उद्योगों पर पड़ सकता है। पहले से लागत और बाजार की चुनौतियों से जूझ रहे उद्यमों के लिए महंगे कार्यशील पूंजी ऋण से मासिक वित्तीय बोझ बढ़ सकता है। इससे नए निवेश और विस्तार की योजनाओं पर भी असर पड़ने की संभावना है।



वाहन खरीद में बड़ी भूमिका कर्ज



वाहन खरीद में बड़ी भूमिका कर्ज की होती है। ब्याज दर बढ़ने से कार और दोपहिया वाहनों की मासिक किस्त बढ़ सकती है, जिससे ग्राहक खरीदारी टाल सकते हैं। रेपो दर बढ़ने के बाद ऑटो शेयरों में दबाव भी देखा गया।

हिमांशु खरे
अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेंबर्स ऑफ

हो सकता है नकदी प्रबंधन चुनौतीपूर्ण



रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी का सीधा असर बैंक से लिए जाने वाले कर्ज की लागत पर पड़ सकता है। खासकर छोटे कारोबार और एमएसएमई क्षेत्र के लिए कार्यशील पूंजी का खर्च बढ़ने से नकदी प्रबंधन चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

सुनील जैन 501
सीएमडी, आरएमजे मोटर्स

जरूरी पूंजी की लागत बढ़ेगी



महंगे गृह ऋण से खासकर मध्यम और किफायती आवास वर्ग के खरीदारों पर असर पड़ सकता है। बैंक ऋण पर ब्याज बढ़ने से उत्पादन, कच्चे माल की खरीद और रोजमर्रा के कारोबार के लिए जरूरी पूंजी की लागत बढ़ेगी। ऐसे में छोटे उद्योगों के मुनाफे पर दबाव आ सकता है।

मनोज मीक
अध्यक्ष, क्रेडाई भोपाल

मासिक किस्त बढ़ने पर दबाव



बैंकिंग क्षेत्र में इस फैसले को जमा और ऋण दरों के संतुलन के नजरिए से देखा जा रहा है। उनका कहना है कि महंगाई नियंत्रण जरूरी है, लेकिन ब्याज दरों में बढ़ोतरी का असर छोटे उद्योगों और उपभोक्ता मांग पर सीमित रखना भी महत्वपूर्ण होगा।

शैलेंद्र गुप्ता
उपाध्यक्ष, लोहा व्यापारी एवं निर्माता संघ

संतुलन के नजरिए से देखा जा रहा



वाहन ऋण महंगा होने से कार और दोपहिया वाहनों की मांग प्रभावित हो सकती है। इसी तरह रियल एस्टेट क्षेत्र में होम लोन की ब्याज दर बढ़ने से घर खरीदारों की मासिक किस्त बढ़ने और मांग पर दबाव आने की चिंता है।

बृजेश शुक्ला
रियल एस्टेट कारोबारी, सीएमडी यशोदा होम्स

महंगाई पर नियंत्रण जरूरी है नजर रखें



महंगाई पर नियंत्रण जरूरी है, लेकिन आगे ब्याज दरों में बढ़ोतरी की गति पर नजर रहेगी। मध्यप्रदेश जैसे राज्यों में एमएसएमई, ऑटोमोबाइल, रियल एस्टेट और व्यापारिक गतिविधियों पर इसका असर आने वाले महीनों में अधिक स्पष्ट होगा।

आशीष पांडेय
अध्यक्ष, भोपाल ऑटोमोबाइल डीलर

तेल-गैस पाइपलाइन परियोजनाओं पर रहेगा कंपनी का फोकस

डीबीएल का ऊर्जा क्षेत्र में विस्तार 15,000 करोड़ निवेश की योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड (डीबीएल) अब अपने पारंपरिक सड़क और निर्माण कारोबार से आगे बढ़ते हुए ऊर्जा क्षेत्र में बड़ा विस्तार करने जा रही है। कंपनी अगले दो से तीन वर्षों में करीब 15,000 करोड़ रुपए का निवेश करने की योजना बना रही है।

यह निवेश अक्षय ऊर्जा, बिजली पारेषण तथा तेल एवं गैस पाइपलाइन परियोजनाओं में किया जाएगा। कंपनी की ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ी रणनीति तीन प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है। इसमें अक्षय ऊर्जा, पावर ट्रांसमिशन और तेल एवं गैस पाइपलाइन शामिल हैं। डीबीएल पहले से ही सड़क निर्माण और जल-सिंचाई के क्षेत्र में काम कर रही है और अब ऊर्जा अवसंरचना में अपनी मौजूदगी मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

मध्य प्रदेश में 6,572 करोड़ रुपए का निवेश



दिलीप सूर्यवंशी

दिलीप बिल्डकॉन के प्रस्तावित कुल निवेश में से करीब 6,572 करोड़ रुपए मध्य प्रदेश में सौर ऊर्जा परियोजनाओं पर खर्च किए जाने की उम्मीद है। कंपनी राज्य में दो सौर ऊर्जा परियोजनाएं विकसित करेगी, जिनकी संयुक्त क्षमता करीब 2 गीगावाट होगी। भोपाल में स्थापित हुई डीबीएल के लिए मध्य प्रदेश का विशेष महत्व है। कंपनी ने करीब चार दशक पहले राज्य में सड़क निर्माण के जरिए अपनी यात्रा शुरू की थी। अब कंपनी इसी राज्य में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी बड़े निवेश की तैयारी कर रही है।

गांवों और किसानों तक स्वच्छ ऊर्जा पहुंचाने पर जोर

कंपनी के ऊर्जा विस्तार का उद्देश्य केवल कारोबारी विकास तक सीमित नहीं है। प्रस्तावित सौर परियोजनाओं के जरिए किसानों को दिन के समय भरोसेमंद बिजली उपलब्ध कराने और राज्य की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को स्वच्छ ऊर्जा से सहयोग देने की दिशा में भी काम किया जाएगा।डीबीएल का मानना है कि ऊर्जा अवसंरचना में विस्तार से कंपनी को देश के तेजी से बढ़ते ऊर्जा क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत करने का अवसर मिलेगा।

68,000 करोड़ के जीवनकाल राजस्व का अनुमान

कंपनी की प्रस्तावित ऊर्जा परियोजनाओं से करीब 68,000 करोड़ रुपए के अनुमानित जीवनकाल राजस्व की उम्मीद जताई गई है। इसके साथ ही सौर ऊर्जा, बिजली पारेषण और तेल-गैस पाइपलाइन जैसे क्षेत्रों में विस्तार से कंपनी के कारोबार में विविधता आने की संभावना है। दिलीप बिल्डकॉन का अगला विकास चरण अब सड़क निर्माण तक सीमित नहीं रहेगा। कंपनी सौर ऊर्जा, पावर ट्रांसमिशन और तेल एवं गैस पाइपलाइन के जरिए देश के ऊर्जा-अवसंरचना क्षेत्र में अपनी मौजूदगी बढ़ाने की तैयारी कर रही है।

भोपाल के थोक चावल-दाल व्यापारिक संगठन का ऐलान

यूपीआई पर शुल्क लगाने के विरोध में आज 'नो यूपीआई दिवस', करेंगे बहिष्कार

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

यूपीआई के माध्यम से होने वाले लेनदेन पर व्यापारी से शुल्क लेने की संभावित व्यवस्था के विरोध में भोपाल के थोक व्यापारियों ने मोर्चा खोल दिया है। चावल-दाल व्यापारी संघ, हनुमानगंज-जुमेराती ने कल 8 अक्टूबर 2026 को भोपाल में 'नो यूपीआई दिवस' मनाने का ऐलान किया है। संघ ने अपने सदस्यों और अन्य व्यापारियों से इस दिन यूपीआई के माध्यम से किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं करने की अपील की है। व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष ईश्वरदास संगतानी का कहना है कि चावल-दाल का कारोबार पहले से ही कम मुनाफे पर चलता है। ऐसे में यूपीआई लेनदेन पर शुल्क लगाया गया तो व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। इसका सबसे अधिक असर छोटे और थोक व्यापारियों पर पडऩे की आशंका है।

> हनुमानगंज-जुमेराती के थोक व्यापारी नहीं करेंगे यूपीआई से भुगतान

एक दिन यूपीआई का उपयोग नहीं करने की अपील



कारोबारी अनुपम अग्रवाल ने बताया कि संघ के जारी अपील में कहा गया है कि 8 अक्टूबर को व्यापारी यूपीआई के माध्यम से कोई लेनदेन न करें और प्रस्तावित शुल्क के विरोध में आयोजित 'नो यूपीआई दिवस' को सफल बनाने में सहयोग दें। संघ ने अपने सभी सदस्यों के साथ अन्य व्यापारी संगठनों से भी इसमें शामिल होने का आग्रह किया है। चावल-दाल कारोबार से जुड़े व्यापारियों का कहना है कि अनाज व्यापार में मुनाफे की गुंजाइश पहले से सीमित है। ऐसे में डिजिटल भुगतान पर अतिरिक्त शुल्क लगने से कारोबार की लागत और बढ़ जाएगी।

व्यापारियों का कहना है कि सरकार ने डिजिटल भुगतान को बढ़ावा दिया है। अब उसी भुगतान व्यवस्था पर शुल्क लगाने से व्यापारियों की लागत बढ़ेगी। सरकार को व्यापारियों की स्थिति को ध्यान में रखते हुए इस प्रस्ताव पर पुनर्विचार करना चाहिए। भोपाल का हनुमानगंज-जुमेराती क्षेत्र प्रदेश के प्रमुख थोक अनाज कारोबार केंद्रों में शामिल है। यहां के व्यापारियों का कहना है कि उनका विरोध डिजिटल भुगतान व्यवस्था के खिलाफ नहीं, बल्कि यूपीआई लेनदेन पर प्रस्तावित शुल्क के खिलाफ है। व्यापारियों ने सरकार से मांग की है कि छोटे और कम मुनाफे वाले कारोबार को ध्यान में रखते हुए यूपीआई पर शुल्क लगाने के प्रस्ताव पर पुनर्विचार किया जाए।

आयुर्वेद और भारतीय पारंपरिक जीवनशैली को बढ़ावा दिया

राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले वैदबाण आयुर्वेदिक के एमडी सुभाष गोयल

> *प्राकृतिक चीजों के इस्तेमाल पर भी विचार साझा किए*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

वैदबाण आयुर्वेदिक के प्रबंध निदेशक सुभाष गोयल को परिवार सहित राष्ट्रपति भवन में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। उनकी बेटी डॉ. मिशेल गोयल भी उनके साथ मौजूद रहीं।

राष्ट्रपति ने आयुर्वेद और भारतीय पारंपरिक जीवनशैली को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों की सराहना की और उन्हें सम्मानित किया। राष्ट्रपति भवन में हुई मुलाकात के दौरान आयुर्वेद, भारतीय खान-पान और प्राकृतिक जीवनशैली से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। भारतीय रसोई में उपयोग होने वाले मसालों, पारंपरिक भोजन और दैनिक जीवन में प्राकृतिक चीजों के इस्तेमाल पर भी विचार साझा किए गए। बातचीत में मटके का पानी पीने, दादी-नानी के घरेलू नुस्खों तथा पुराने समय की जीवनशैली जैसे विषय भी शामिल रहे। चर्चा के दौरान इस बात पर जोर दिया गया कि भारतीय पारंपरिक जीवनशैली में स्वास्थ्य से जुड़े कई उपयोगी पहलू मौजूद हैं। इन्हें नई पीढ़ी तक पहुंचाने और दैनिक जीवन में अपनाने की आवश्यकता है। सुभाष गोयल ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात और उनके हाथों सम्मान प्राप्त करना उनके तथा उनके परिवार के लिए गर्व और खुशी का क्षण है।



सम्मानित करतीं हुईं राष्ट्रपति

उन्होंने कहा कि भारतीय आयुर्वेद और पारंपरिक जीवनशैली में सदियों पुराना ज्ञान मौजूद है, जिसे लोगों तक पहुंचाना उनका निरंतर प्रयास है। डॉ. मिशेल गोयल ने कहा कि राष्ट्रपति द्वारा भारतीय परंपराओं और आयुर्वेद से जुड़े विषयों में रुचि दिखाना प्रेरणादायक है।

कारोबारियों के मुद्दे मुख्यमंत्री के समक्ष कारोबार को सुगम बनाने पर दिया जोर

व्यापारिक मुद्दों को लेकर कैट प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला, व्यापारिक माहौल पर की चर्चा

> *भारतीय व्यापार महोत्सव आयोजित करने का प्रस्ताव रखा*

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

व्यापारियों की समस्याओं और प्रदेश में कारोबारी गतिविधियों को बढ़ावा देने के मुद्दे पर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) मध्य प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। बैठक में व्यापारियों की लंबित समस्याओं, कारोबार को सुगम बनाने और व्यापारिक माहौल बेहतर करने को लेकर चर्चा हुई।

कैट प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र जैन और चेयरमैन सुनील अग्रवाल ने मुख्यमंत्री के सामने 'वोकल फॉर लोकल' और आत्मनिर्भर भारत की भावना को मजबूत करने के लिए प्रदेश में भारतीय व्यापार महोत्सव आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। इसके अलावा प्रदेश के सभी 55 जिलों की कमेटियों के सामूहिक पदभार ग्रहण समारोह के आयोजन पर भी चर्चा हुई। कैट मध्य प्रदेश के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि व्यापारियों को सुविधाजनक और सकारात्मक कारोबारी माहौल उपलब्ध कराना प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के साथ हुई चर्चा में व्यापारियों की समस्याओं के समाधान, कारोबार को सुगम बनाने और प्रदेश में व्यापारिक गतिविधियों को गति देने से जुड़े विभिन्न विषयों पर संवाद हुआ।



प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री को राधे-कृष्ण की तस्वीर भेंट करते हुए

सीलिंग कार्रवाई का मुद्दा भी उठा

बैठक में भोपाल में चल रही सीलिंग कार्रवाई का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। कैट प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से व्यापारियों के हित में आवश्यक समाधान और सहयोग की अपेक्षा जताई। कैट के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि व्यापारियों के लिए सकारात्मक और सुविधाजनक कारोबारी माहौल जरूरी है। व्यापारियों की समस्याओं का समाधान और कारोबार को आसान बनाने से प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। प्रतिनिधिमंडल में जितेंद्र पचौरी, राजीव बादेरिया, योगी खंडेलवाल, सुरेंद्र जैन, रुचिका सचदेवा, राजेश अग्रवाल सहित कई पदाधिकारी और वरिष्ठ व्यापारी प्रतिनिधि मौजूद रहे।

बिजनेस न्यूज

सेंट्रल बैंक में जागरुकता अभियान के तहत आशुभाषण प्रतियोगिता

भोपाल। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 6 अक्टूबर 2026 को क्षेत्रीय कार्यालय में आशुभाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्देश्य बैंककर्मियों में सतर्कता, नैतिकता, पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम क्षेत्रीय प्रमुख अमित सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में कर्मचारियों ने दिए गए विषयों पर तत्काल अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने अपने वक्तव्यों के माध्यम से कार्यस्थल पर नैतिक मूल्यों, ईमानदारी और पारदर्शिता के महत्व को प्रभावी ढंग से व्यक्त किया। प्रतियोगिता में बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने भ्रष्टाचार-मुक्त कार्यसंस्कृति के निर्माण, जवाबदेही और जिम्मेदार कार्यप्रणाली की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि संस्थागत कार्यों में पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा बनाए रखना कर्मचारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है।



प्रधानमंत्री के 25 वर्षः मिंटेज वर्ल्ड ने जारी की कॉफी टेबल बुक



मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के रूप में 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मिंटेज वर्ल्ड ने अपनी कॉफी टेबल बुक श्रृंखला का दूसरा भाग जारी किया है। 'स्टैम्प्स, कॉइन्स एंड बैंकनोट्स इश्यूड ड्यूरिंग द प्रीमियरशिप ऑफ नरेंद्र मोदी-पार्ट 2' नामक 172 पृष्ठों की पुस्तक में 2019 से 2024 के बीच जारी डाक टिकटों, सिक्कों और बैंक नोटों को कालक्रम के अनुसार संकलित किया गया है। पुस्तक में कोविड-19 योद्धाओं, आयुष, आजादी के 75 वर्ष, सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती, सीबीआई के 75 वर्ष, जमशेदपुर के 100 वर्ष, दिल्ली पुलिस की प्लेटिनम जुबली, 'मन की बात' के 100 एपिसोड और सियाचिन ग्लेशियर सहित कई विषयों को शामिल किया गया है।

डनोरा में टाटा ईवी-चार्ज जोन का मेगा चार्जिंग हब शुरू



भोपाल। मध्यप्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग नेटवर्क का विस्तार करते हुए टाटा ईवी ने चार्जजोन के साथ मिलकर बैतूल जिले के डनोरा में मेगा चार्जिंग हब शुरू किया है। इंदौर-भोपाल-नागपुर मार्ग पर स्थित यह हब मध्यभारत में लंबी दूरी की इलेक्ट्रिक वाहन यात्रा को आसान बनाने में मदद करेगा। डनोरा के विलेज वाटिका रेस्टोरेंट एवं होटल में स्थापित इस चार्जिंग हब की कुल क्षमता 180 किलोवाट है। यहां चार चार्जिंग स्थान बनाए गए हैं। इनमें दो गन वाला 60 किलोवाट का एक चार्जर और दो गन वाला 120 किलोवाट का एक चार्जर शामिल है। इससे एक साथ चार इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज किया जा सकता है। केंद्र पर कर्मचारियों की निगरानी में चार्जिंग सुविधा उपलब्ध रहेगी। यह हब भोपाल से करीब 180 किलोमीटर, इंदौर से 270 किलोमीटर और नागपुर से लगभग 170 किलोमीटर दूर है।

आईएसबी हर साल देगा 250 स्कॉलरशिप रिसर्च और फैकल्टी डेवलपमेंट पर भी जोर

हैदराबाद। इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) ने अपनी 25वीं वर्षगांठ के मौके पर मैनेजमेंट शिक्षा और रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए कई दीर्घकालीन पहल शुरू करने की घोषणा की है। आईएसबी@25 स्कॉलर्स प्रोग्राम के तहत संस्थान हर साल 250 स्कॉलरशिप देगा। ये स्कॉलरशिप पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (पीजीपी) और पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट फॉर यंग लीडर्स के लिए होंगी। छात्रों को योग्यता और आर्थिक जरूरत के आधार पर फीस में 100, 50, 30 और 25 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। इसका उद्देश्य अलग-अलग आर्थिक, भौगोलिक और पेशेवर पृष्ठभूमि के प्रतिभाशाली छात्रों को विश्वस्तरीय मैनेजमेंट शिक्षा का अवसर देना है। आईएसबी के डीन प्रोफेसर मदन पिल्लुतला ने कहा कि आईएसबी@25 का लक्ष्य शिक्षा को अधिक छात्रों तक पहुंचाना, रिसर्च को मजबूत करना और देश के शैक्षणिक क्षेत्र के साथ ज्ञान साझा करना है।

एयरटेल में पोस्टपेड ग्राहकों को हर साल मुफ्त मिलेगी इंटरनेशनल रोमिंग

नई दिल्ली। भारती एयरटेल ने पोस्टपेड ग्राहकों के लिए नए प्लान लांच करने की घोषणा की है। इन नए प्लान्स में ग्राहकों को मौजूदा सुविधाओं के साथ हर साल एक अंतरराष्ट्रीय यात्रा के दौरान मुफ्त रोमिंग का लाभ मिलेगा। नए पोस्टपेड प्लान 8 अक्टूबर 2026 से उपलब्ध होंगे। एयरटेल के मुफ्त इंटरनेशनल रोमिंग पैक में ग्राहकों को 5जीबी डेटा, 60 मिनट की कॉलिंग, 25 आउटगोइंग एसएमएस और मुफ्त इनकमिंग एसएमएस की सुविधा मिलेगी। इस पैक की वैधता 5 दिनों की होगी। खास बात यह है कि ग्राहक अपनी जरूरत और यात्रा के समय के अनुसार इस 5-दिन के रोमिंग पैक को एक्टिवेट कर सकेंगे। एयरटेल पोस्टपेड फैमिली प्लान के ग्राहकों के लिए भी यह सुविधा उपलब्ध होगी। प्लान में शामिल हर परिवार सदस्य को मुफ्त इंटरनेशनल रोमिंग का लाभ मिलेगा। नए पोस्टपेड प्लान 8 अक्टूबर 2026 से उपलब्ध होंगे। मौजूदा एयरटेल ग्राहक अपने पुराने पोस्टपेड या प्रीपेड प्लान से नए पोस्टपेड प्लान में एयरटेल ऐप या नजदीकीएयरटेलस्टोर के जरिए अपग्रेड कर सकेंगे। वहीं, जो ग्राहक अभी एयरटेल से जुड़े नहीं हैं, वे एयरटेल ऐप पर रिक्वेस्ट भेजकर या नजदीकी स्टोर पर जाकर एयरटेल पोस्टपेड कनेक्शन ले सकते हैं।

होंडा एक्सआर300 एल और एक्सआर300 रैली की कीमतों का ऐलान, बुकिंग शुरू

गुरुग्राम। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने अपनी नई एडवेंचर मोटरसाइकिल होंडा एक्सआर300 एल और होंडा एक्सआर300 रैली की कीमतों की घोषणा कर दी है। कंपनी ने दोनों मोटरसाइकिलों की देशभर में बुकिंग भी शुरू कर दी है। दोनों मॉडल जुलाई 2026 में पेश किए गए होंडा के विस्तारित 10-उत्पाद पोर्टफोलियो का हिस्सा हैं। होंडा एक्सआर300 एल की बेंगलुरु में एक्स-शोरूम कीमत 1.83 लाख रुपए और होंडा एक्सआर300 रैली की कीमत 2.08 लाख रुपए रखी गई है। कंपनी के अनुसार ये कीमतें 5 अक्टूबर 2026 से प्रभावी हैं। दोनों मोटरसाइकिलों की बुकिंग 5,000 रुपये की राशि के साथ शुरू हो चुकी है। ग्राहक होंडा की वेबसाइट और अधिकृत होंडा बिगविंग डीलरशिप के माध्यम से बुकिंग कर सकते हैं। होंडा एक्सआर300 एलएक्सट्रीम रेड, शास्ता व्हाइट की कीमत 1,83,000 रुपए और होंडा एक्सआर300 रैलीएक्सट्रीम रेड, टू ब्लैक 2,08,000 रुपए से शुरू है।



एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी में चल रहे पीएचडी शोध में माइक्रोप्लास्टिक कण मिले

पुणे। एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी में चल रहे पीएचडी शोध में रोहू और तिलापिया जैसी मछलियों के नमूनों में माइक्रोप्लास्टिक कण मिले हैं। शोध सिमरन सिंह द्वारा डॉ. सोमा मिश्रा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। अध्ययन में पुणे की मीठे पानी की मछली आपूर्ति श्रृंखला का भी मानचित्रण किया गया। शोधकर्ताओं ने 26 थोक विक्रेताओं और वितरकों का सर्वेक्षण किया। अनुमान के मुताबिक शहर के बाजार में रोजाना करीब 37 से 40 टन मीठे पानी की मछली पहुंचती है। इसकी आपूर्ति आंध्र प्रदेश, गुजरात, रत्नागिरी, मुंबई और कोलकाता समेत विभिन्न क्षेत्रों से होती है। प्रयोगशाला जांच में मछलियों में रेशे, टुकड़े और छोटे दाने के रूप में माइक्रोप्लास्टिक पाए गए। अध्ययन के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति 50 वर्षों तक सप्ताह में दो बार औसतन 250 ग्राम मछली खाता है, तो वह करीब 93,600 से 1,24,800 माइक्रोप्लास्टिक कणों के संपर्क में आ सकता है।



चिंतन

त्योहार के मौके पर महंगाई चिंता का सबब

त्योहारों का मौसम बाजार में रौनक और घरों में खुशियां लेकर आता है। लोग खरीदारी की योजनाएं बनाते हैं, बाजार उम्मीद से भरते हैं और कारोबारियों को बिक्री बढ़ने की आस रहती है, लेकिन इस बार महंगाई और महंगे होते कर्ज ने त्योहारों की इस खुशी पर चिंता की परत चढ़ा दी है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर यह स्पष्ट संकेत दिया है कि महंगाई को लेकर उसकी चिंता बढ़ी है। यानी आने वाले दिनों में आम आदमी के घरेलू बजट पर दोहरी मार पड़ सकती है। एक तरफ वस्तुओं की बढ़ती कीमतें और दूसरी तरफ कर्ज की बढ़ती लागत। रिजर्व बैंक ने रेपो रेट 5.25 से बढ़ाकर 5.50 प्रतिशत कर दिया है। लंबे अंतराल के बाद ब्याज दर में यह वृद्धि इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका सीधा संबंध आम आदमी के ऋण से है। रेपो रेट बढ़ने पर बैंकों के लिए धन जुटाना महंगा होता है और उसका असर ग्राहकों तक पहुंचता है। फ्लोटिंग ब्याज दर वाले होम, कार और व्यक्तिगत ऋण की ईएमआई बढ़ सकती है अथवा ऋण चुकाने की अवधि लंबी हो सकती है। नए ऋण लेने वालों को भी अधिक ब्याज देना पड़ सकता है। त्योहारों के समय इसका असर बाजार की मांग पर पड़ना स्वाभाविक है। घर खरीदने, वाहन लेने या महंगे इलेक्ट्रॉनिक सामान की खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में लोग ऋण पर निर्भर हैं। ईएमआई बढ़ती है तो परिवार बड़ी खरीदारी टाल सकते हैं। इसका असर केवल उपभोक्ता पर नहीं, बल्कि दुकानदार, निर्माता, परिवहन क्षेत्र और रोजगार तक पहुंच सकता है। चिंता इसलिए भी बढ़ी है कि रिजर्व बैंक ने 2026-27 के लिए महंगाई का अनुमान 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.2 प्रतिशत कर दिया है। कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, वैश्विक परिस्थितियां और मौसम संबंधी जोखिम खाद्य महंगाई को प्रभावित कर सकते हैं। भारत में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि का सबसे ज्यादा असर मध्यम और निम्न आय वाले परिवारों पर पड़ता है। आमदनी सीमित हो और रसोई का खर्च लगातार बढ़ता जाए तो बचत और दूसरी जरूरतों के लिए पैसा कम पड़ना तय है। बेशक, अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर एक अच्छी खबर भी है। 2026-27 की आर्थिक विकास दर का अनुमान 6.7 से बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत किया है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत है, लेकिन आर्थिक विकास का वास्तविक अर्थ तभी है, जब महंगाई की मार आम आदमी की जेब तक न पहुंचे। विकास दर बढ़े और दूसरी ओर जीवन-यापन महंगा होता जाए तो आंकड़ों की चमक और नागरिक के अनुभव के बीच अंतर बढ़ता है। रिजर्व बैंक ने अपने रुख में भी बदलाव किया है। 'कैलिब्रेटेड टाइटनिंग' का संकेत बताता है कि निकट भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की गुंजाइश सीमित हो गई है। महंगाई पर नियंत्रण के लिए ब्याज दर बढ़ाना मौद्रिक नीति का जरूरी हथियार हो सकता है। सरकार को आपूर्ति व्यवस्था मजबूत करनी होगी, जमाखोरी और कृत्रिम महंगाई पर सख्ती करनी होगी तथा खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों से लेकर स्थानीय बाजार में बिचौलियों की भूमिका तक, हर स्तर पर निगरानी जरूरी है। महंगाई नियंत्रित करना जरूरी है, लेकिन इसके साथ लोगों की आय और क्रय शक्ति बढ़ाना भी जरूरी है। रिजर्व बैंक का काम कीमतों की स्थिरता सुनिश्चित करना है, जबकि सरकार की जिम्मेदारी है कि इस प्रक्रिया का बोझ आम आदमी पर न्यूनतम पड़े। त्योहार बाजार की रौनक से नहीं, आम आदमी की जेब में बची खुशी से सफल होते हैं।

उम्मीद से विकसित भारत के संकल्प तक



25 वर्षों की सेवा

नितिन नवीन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन की 25 वर्षों की यात्रा को यदि एक शब्द में व्यक्त करना हो, तो वह शब्द है जनविश्वास। कालखंड वही अमर होते हैं, जो राष्ट्र के आत्मविश्वास को नई ऊर्जा और उसके सपनों को नई दिशा देते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के शासन-दायित्व के 25 वर्ष ऐसी ही परिवर्तनकारी यात्रा के साक्षी हैं। 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुई यह यात्रा 7 अक्टूबर 2026 को 25 वर्षों की राष्ट्रसेवा के एक महत्वपूर्ण पड़ाव को पूरा कर चुकी है। निराशा से उम्मीद, उम्मीद से भरोसा और भरोसे से संकल्प तक-यह 25 वर्षों की यात्रा केवल बदलते भारत की कहानी नहीं, बल्कि उस बढ़ते आत्मविश्वास की कहानी है, जिसने देश की आकांक्षाओं को नई दिशा दी।

बात वर्ष 2012 की है। मुझे गुजरात के आनंद जिले में आयोजित सद्भावना मिशन के एक कार्यक्रम में युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में शामिल होने का अवसर मिला था। मैंने देखा कि जिले के लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने और उनके क्रियान्वयन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए एक विशेष मेले का आयोजन किया गया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे दिन लोगों के बीच रहे। वे उनकी बातें सुनते, समस्याओं को समझते और समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते रहे। कार्यक्रम के बाद मैंने उनसे पूछा कि वे पूरे दिन लोगों की समस्याएं सुनने और उनके समाधान के प्रयासों में स्वयं क्यों जुटे रहे। उन्होंने सहज भाव से कहा, "ये लोग केवल अपनी समस्याओं के समाधान के लिए नहीं आते। उनका मुझसे आत्मीय संबंध है, उनकी भावनाएं मुझसे जुड़ी हैं, इसलिए परिवार के सदस्य के रूप में उनके साथ रहना मेरे लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है।"

उनका यह सहज उत्तर उस समय जितना सरल लगा, आज 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन को देखते हुए उतना ही गहरा अर्थ लिए दिखाई देता है। जनता से संवाद और उनकी समस्याओं को अपनी जिम्मेदारी मानना उनके सार्वजनिक जीवन की महत्वपूर्ण विशेषता रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन की 25 वर्षों की यात्रा को यदि एक शब्द में व्यक्त करना हो, तो वह शब्द है - जनविश्वास। कालखंड वही अमर होते हैं, जो राष्ट्र के आत्मविश्वास को नई ऊर्जा और उसके सपनों को नई दिशा देते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के शासन-दायित्व के 25 वर्ष ऐसी ही परिवर्तनकारी यात्रा के साक्षी हैं। 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुई यह यात्रा 7 अक्टूबर 2026 को 25 वर्षों की राष्ट्रसेवा के एक महत्वपूर्ण पड़ाव को पूरा कर चुकी है। निराशा से उम्मीद, उम्मीद से भरोसा और भरोसे से संकल्प तक-यह 25 वर्षों की यात्रा केवल बदलते भारत की कहानी नहीं, बल्कि उस बढ़ते आत्मविश्वास की कहानी है, जिसने देश की आकांक्षाओं को नई दिशा दी और राष्ट्र के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान की। किसी भी देश की दिशा केवल उसकी नीतियां तय नहीं करतीं, उसके सपने भी तय करते हैं। स्वतंत्रता से पहले देश के सामने एक स्पष्ट ध्येय था - भारत माता को गुलामी की जंजीरों से मुक्त करना। उस ध्येय ने भाषाओं, क्षेत्रों और वर्गों में बंटे समाज को एक सूत्र में बांधा और हर सामान्य व्यक्ति को योगदान का अवसर दिया। स्वतंत्रता के बाद राष्ट्र निर्माण के कार्य हुए, पर उतना स्पष्ट और साझा लक्ष्य कम ही दिखाई दिया। राष्ट्र को लक्ष्य इसलिए चाहिए कि लक्ष्य ही सामान्य जन की ऊर्जा को दिशा देता है। 2010 के आसपास देश में घोर निराशा का वातावरण था-भ्रष्टाचार की खबरें, सुरक्षा को लेकर चिंता और व्यवस्था में भरोसे की कमी साफ़ दिखाई दे रही थी। इसी निराशा के बीच मोदी जी के नेतृत्व में बदलाव की उम्मीद जगी और देश नई दिशा की ओर बढ़ा। उन्होंने भारत के सामने एक बड़ा लक्ष्य रखने की बात की और कहा कि अब देश को छोटे सपने देखने की आवश्यकता नहीं, देश को बड़े सपने देखने चाहिए-2047 तक विकसित भारत। आज यह 140 करोड़ देशवासियों का संकल्प बन चुका है जिसमें विकास का अर्थ गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा, आदिवासी और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में



अवसरों का विस्तार हो। एक समय हमारे सामने प्रश्न था, क्या भारत यह कर सकता है? आज प्रश्न है, भारत और क्या कर सकता है? यही बदलाव उम्मीद से भरोसे की ओर बढ़ते भारत की कहानी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन को समझने के लिए उनके संगठनात्मक संस्कारों को समझना जरूरी है। एक समर्पित स्वयंसेवक के रूप में काम करने से उनके भीतर यह भाव मजबूत हुआ कि सार्वजनिक जीवन का अर्थ पद नहीं, दायित्व है और राजनीति का अर्थ सत्ता नहीं, सेवा है। 7 अक्टूबर 2001 को जब उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री का दायित्व संभाला, तब राज्य 2001 के विनाशकारी भूकंप के मलबे और आंसुओं से जूझ रहा था। भुज और कच्छ के पुनर्निर्माण की उस कठिन चुनौती को उन्होंने जिस इच्छाशक्ति से संभाला, उसने आगे चलकर विकास और आपदा-प्रबंधन के वैश्विक मॉडल का रूप लिया। इसी सेवा-संस्कार को उन्होंने 2014 के बाद राष्ट्रीय स्तर पर सुशासन की रीढ़ बनाया। कभी भारत की अंतरराष्ट्रीय पहचान गंदगी, बदहाली और बीमारियों के रूप में प्रचारित की जाती थी। लाल किले की प्राचीर से जब प्रधानमंत्री ने 'स्वच्छ भारत अभियान' का आह्वान किया, तो यह केवल एक सफाई अभियान नहीं, बल्कि 'स्वच्छता ही सेवा' का एक ऐसा जन-आंदोलन बना जिसने सदियों पुरानी आदतों को बदलकर राष्ट्रीय संस्कार में ढाल दिया। इसी सोच के साथ वित्तीय समावेशन, स्वच्छता, पोषण, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा जैसे विषयों को व्यापक जनभागीदारी से जोड़ने का प्रयास हुआ। प्रधानमंत्री जन-धन योजना इसका एक उदाहरण है। अगस्त 2026 तक देश में 59.09 करोड़ जन-धन खाते खोले जा चुके हैं और इनमें लगभग 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं।

मोदी जी के नेतृत्व में लगभग 25 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए। "विकलांग" से "दिव्यांग" शब्द की ओर बढ़ना केवल शब्दों का परिवर्तन नहीं, बल्कि दृष्टिकोण में बदलाव का प्रतीक था। विश्वस्तरीय एक्सप्रेस-वे, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, नमो भारत और वंदे भारत जैसी आधुनिक रेल परियोजनाएं भारत के आर्थिक भूगोल को गति दे रही हैं। अंतरिक्ष विज्ञान में चंद्रयान-3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर ऐतिहासिक सॉफ्ट लैंडिंग, आदित्य-एल1 का सूर्य की ओर अभियान, आगामी गगनयान मिशन और स्पेस सेक्टर में निजी क्षेत्र की क्रांति ने भारत का डंका बजाया है। सेमीकंडक्टर मिशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम टेक्नोलॉजी में भारत आज दुनिया की अगली कतार में खड़ा है। किंतु राष्ट्र का आत्मविश्वास केवल भौतिक प्रगति से पूर्ण नहीं होता; वह तब सुदृढ़ होता है जब देश को यह भरोसा हो कि राष्ट्रहित में कड़े और ऐतिहासिक निर्णय लेने में नेतृत्व कभी नहीं हिचकेगा। 25 वर्ष पहले एक स्वयंसेवक ने गुजरात में शासन की जिम्मेदारी संभाली थी। आज उसी यात्रा ने भारत के सामने 2047 के विकसित भारत का विराट संकल्प रखा है। यही संकल्प दुनिया भर में हमारे प्रधानमंत्री को मिले सम्मान में भी परिलक्षित होता है। 36 देशों के सर्वोच्च सम्मानों से सम्मानित होना बताता है कि हमारे प्रधान सेवक पर पूरी दुनिया का कितना भरोसा है। यह सम्मान प्रधानमंत्री जी का तो है ही, साथ ही यह 140 करोड़ भारतवासियों का भी सम्मान है और दुनिया भर में रह रहे प्रवासी भारतीयों के साहस, परिश्रम और सफलता का सम्मान भी। इन 25 वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धि केवल विकास की गति नहीं, बल्कि यह विश्वास है कि भारत बड़े सपने देख सकता है और उन्हें साकार करने का सामर्थ्य भी रखता है। आज देश अपने सामर्थ्य, संकल्प और सामूहिक शक्ति के साथ उन सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

(लेखक भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

वायु सेना दिवस

डॉ. लक्ष्मी शंकर यादव



वायुसेना की ताकत बढ़ाने की तैयारी

भारतीय वायु सेना अपनी स्थापना के 95वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। 8 अक्टूबर 1932 को प्रारम्भ हुए सफर ने आज भारतीय वायु सेना को दुनिया की सबसे शक्तिशाली सेनाओं में से तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। ऑपरेशन सिंदूर में अपनी क्षमता का लोहा मनवाने वाली भारतीय वायु सेना ने वर्ल्ड डायरेक्टरी ऑफ मॉडर्न मिलिट्री एयरक्राफ्ट की 2026 की रैंकिंग में लगातार तीसरा स्थान बनाए रखा है। भारतीय वायु सेना ने अपनी युद्धक क्षमता आधुनिकीकरण के दम पर चीन को पीछे छोड़ दिया है। इस रैंकिंग का आधार केवल विमानों की संख्या नहीं है बल्कि वायु सेना की मारक क्षमता, लॉजिस्टिक, पायलटों का प्रशिक्षण और युद्ध की तैयारियों को देखकर यह स्थान तय किया गया है। 94 वर्षों का यह इतिहास वायु सेना के अदम्य साहस, अभूतपूर्व शौर्य, तकनीकी विकास और देश रक्षा की पराकाष्ठा का जीवंत दस्तावेज है। इन दौरान ऐसे कई अवसर आए, जब भारतीय वायुसेना के जांबाजों ने शत्रु के दांत खट्टे करके अपनी ताकत का एहसास करवाया। ऑपरेशन सिंदूर में तो वायुसेना ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इससे पहले भी हर चुनौती के समय भारतीय वायुसेना के विमान दुश्मन पर आफत बनकर टूटे हैं। हमेशा उन्होंने दुश्मनों को तबाह किया है और प्रत्येक युद्ध को जीतने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। वर्ष 1947, 1965, 1971 के भारत-पाकिस्तान के मध्य लड़े गए युद्धों तथा 1999 के कारगिल संघर्ष यानि कि ऑपरेशन सफेद सागर में भारतीय वायु सेना ने शत्रु सेना की कमर तोड़ने में मुख्य भूमिका निभाई। इसके अलावा संसार के सबसे ऊंचे सियाचिन युद्धक्षेत्र पर रसद पहुंचाना एवं आपदाओं के समय रिकॉर्डतोड़ अभियान चलाना इसकी बड़ी ताकत है। विदेशी सेनाओं के साथ युद्धाभ्यासों की मेजबानी कर अपनी रणनीतिक पहुंच को प्रदर्शित किया है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद से पाकिस्तान अपनी वायुसेना की ताकत बढ़ाने में लगा हुआ है। पाकिस्तान अपनी कमजोर आर्थिक स्थिति के बाद भी रक्षा बजट बढ़ाकर पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान, बिना पायलट वाले हवाई सिस्टम, आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्लेटफॉर्म, अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस सिस्टम और रणनीतिक गतिशीलता वाले प्लेटफॉर्म को अपने हवाई बेड़े में शामिल करने के प्रयास में लगा हुआ है। चीन की तरफ से भी भारत को और अधिक चुनौतियां मिल रही हैं। चीन के पास वर्तमान में 300 से ज्यादा पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान हैं। इसके अलावा वह अपने एयरबेस को और अधिक उन्नत बना रहा है। ऐसे में भारत के सामने दोहरे मोर्चे का खतरा एक बड़ी सामरिक चुनौती है, जिसके लिए भारत को तैयार रहना है। इस कारण भारतीय वायुसेना को तत्काल 250 लड़ाकू विमानों की आवश्यकता है। चीन व पाकिस्तान से मिलने वाली सामरिक चुनौतियों के मद्देनजर भारत के पास लगभग 45 स्क्वॉड्रन लड़ाकू विमान होने चाहिए। उपर्युक्त चुनौतियों के मद्देनजर वायुसेना 114 राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद की तैयारी में है। भारतीय वायु सेना प्रमुख ने हाल ही में बताया है कि इस वित्त वर्ष में बहुप्रतीक्षित बहुद्देशीय लड़ाकू विमान राफेल के सौदे को अंतिम रूप देने के लिए भारत आगे बढ़ रहा है। इन विमानों की डील अगले साल की शुरुआत में हो जाने की उम्मीद है। वायु सेना के पास अभी 26 राफेल विमान हैं। भारत रूस के पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एसयू-57 के भारत में ही बनाए जाने की तैयारी में है। रूस ने भारत को एसयू-57 स्टील्थ लड़ाकू विमान की सौ फीसदी तकनीक के साथ-साथ सोर्स कोड दिए जाने का ऑफर दे रखा है।

इस ऑफर में रूस ने यह भी कहा है कि एचएएल के जिस प्लांट में सुखोई-30 एमकेआई का उत्पादन होता है, उसी प्लांट में एसयू-57 स्टील्थ लड़ाकू विमान का उत्पादन शुरू हो सकता है। एसयू-57 एक बहु-भूमिका वाला लड़ाकू विमान है जो हवाई क्षमता, जमीनी हमले, टोही मिशन और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में सक्षम है। इसमें लम्बी दूरी की आर-37 एम मिसाइलें लगी हुई हैं, जिनकी मारक क्षमता 400 किलोमीटर तक है। इसके अलावा इसमें हाइपरसोनिक मिसाइलें भी लगी हुई हैं, जिनमें उन्नत एवियोनिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और सुपर कंडक्टिविटी का बेहतर संयोजन है। इस बीच अमेरिकी प्रशासन भी भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान के सौदे का ऑफर दे रहा है, लेकिन भारत ने इसमें कोई रुचि नहीं दिखाई है। कुल मिलाकर भारत पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों के निर्माण की तरफ आगे बढ़ चुका है। निश्चित है कि अब वायुसेना का विमान बेड़ा बढ़ जाएगा और भारत अपनी भविष्य की चुनौतियों से निपटने में सक्षम होगा।

(लेखक सैन्य विज्ञान विषय के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

क्रियायोग: अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी



संकलित

दर्शन

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।'

किसी व्यक्ति के विचार अच्छे नहीं, तो नीयत साफ नहीं



संकलित

प्रेरणा

महाभारत में द्युत क्रीड़ा में युधिष्ठिर दुर्योधन और शकुनि से सब कुछ हार गए थे। उस समय ये तय हुआ था कि जब पांडव 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा कर लेंगे, तब उन्हें उनका हारा हुआ राज्य लौटा दिया जाएगा। युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव और द्रौपदी का 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा हो गया था। शर्त के मुताबिक, दुर्योधन को पांडवों का राज्य लौटाना था। इसके लिए श्रीकृष्ण पांडवों के दूत बनकर हस्तिनापुर पहुंचे। भगवान ने दुर्योधन से कहा कि पांडवों ने वनवास पूरा कर लिया है, अब उन्हें उनका राज्य लौटा दो। श्रीकृष्ण की बात सुनने के बाद दुर्योधन ने पांडवों को राज्य लौटाने से मना कर दिया। दुर्योधन ने कहा कि वो पांडवों को एक गांव भी नहीं देगा। दुर्योधन की जिद के आगे धृतराष्ट्र, भीष्म, द्रोणाचार्य भी कुछ बोल नहीं सके। इसके बाद श्रीकृष्ण दरबार से जाने लगे तो दुर्योधन ने उनसे कहा कि आप हमारे अतिथि हैं, आप बिना भोजन किए न लौटें। श्रीकृष्ण ने कहा कि मैं किसी के यहां खाना खाते समय दो बातें ध्यान रखता हूं। पहली, मुझे बहुत भूख लगी हो। दूसरी, सामने वाला मुझे बहुत प्रेम से खिला रहा हो। अभी ये दोनों ही बातें नहीं हैं, न तो मुझे भूख है और न ही तुम मुझे प्रेम से निमंत्रण दे रहे हो। जैसा तुम्हारा स्वभाव है, इसमें भी कोई षड्यंत्र हो सकता है। इतना कहकर श्रीकृष्ण वहां से चले गए और बाद में भगवान ने विदुर के यहां भोजन किया था।

सटाका



आज की पाती

चुनाव आयोग पर सियासी घमासान

भारतीय राजनीति में चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर शुरू हुआ विवाद अब केवल एक संवैधानिक संस्था की कार्यप्रणाली तक सीमित नहीं रह गया है। यह विवाद आने वाले समय की व्यापक राजनीतिक दिशा से भी जुड़ता दिखाई दे रहा है। विपक्षी दल विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहे हैं और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ तीखे बयान दे रहे हैं। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी इन आरोपों को राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित बताकर विपक्ष पर पलटवार कर रही है। ऐसे वातावरण में सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि इस राजनीतिक टकराव का जवाब केवल बयानबाजी से दिया जाएगा या तथ्यों और दस्तावेजों के साथ जनता के सामने पूरी तस्वीर रखी जाएगी। - *बलराम सांगवान, भिवानी*

ट्रेंड

प्रतिबद्ध नेतृत्व



मोदी जी ने राजनीति को सत्ता के सुख का साधन नहीं, बल्कि जन-कल्याण और राष्ट्र-निर्माण का अनुष्ठान बना दिया है। 2047 तक 'विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करने के लिए ऐसे ही प्रतिबद्ध नेतृत्व की आवश्यकता है। -**राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

साझा संकल्प



विकसित भारत का जो सपना प्रधानमंत्री मोदी जी ने देखा था, वह अब 140 करोड़ भारतीयों का साझा संकल्प बन गया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए हम सभी भारतीय पूरी लगन और पूरी ताकत के साथ एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे और विकसित भारत के सपने को साकार करेंगे।
- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

बीजेपी सरकार का ज़ुल्म



मुख्यमंत्री योगी ने खुद माना है कि उनके शासन में पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और आदिवासी) का उत्पीड़न जल्द बंद नहीं होने वाला है। दूसरे शब्दों में, आदिवासी लोगों के खिलाफ़ बीजेपी सरकार का ज़ुल्म और अन्याय और बढ़ेगा ही।
- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

मिलीभगत बेनक़ाब



संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए, कांग्रेस पार्टी और विपक्ष बार-बार सड़कों पर उतरने, गिरफ़्तारियां झेलने या कानूनी मुक़दमों का सामना करने को तैयार हैं। मोदी सरकार और चुनाव आयोग के बीच की यह मिलीभगत बेनक़ाब हो चुकी है।
- **मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

करंट अफेयर

नेपाल-चीन के बीच तातोपानी सीमा को लेकर बातचीत जारी



नेपाल बाढ़ और भूस्खलन के कारण बंद तातोपानी सीमा नाके से परिवहन सेवाएं फिर शुरू करने के लिए चीन के साथ बातचीत कर रहा है। नेपाल के एक मंत्री ने मंगलवार को यह जानकारी दी।
अवसंरचना विकास मंत्री सुनील लामसाल ने संसद की एक समिति को बताया कि तिब्बत से नेपाल को जोड़ने वाले तातोपानी व्यापार मार्ग को फिर खोलने के लिए चीनी अधिकारियों के साथ बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार चीन की सीमा पर स्थित तातोपानी और रसुवागढ़ी दोनों पारगमन बिंदुओं से परिचालन फिर शुरू करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। काठमांडू से करीब 110 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित तातोपानी सीमा नाका नेपाल और चीन के बीच एक महत्वपूर्ण व्यापार मार्ग है। वहीं, एक अन्य प्रमुख व्यापार एवं पारगमन केंद्र रसुवागढ़ी काठमांडू के उत्तर में रसुवा जिले में स्थित है। रसुवागढ़ी सीमा नाका 26 अगस्त को ऊंचाई वाले इलाके में बड़े पैमाने पर ग्लेशियर ढहने और चट्टान-बर्फ के हिमस्खलन से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद ल्हेंदे, भोटेकोशी और त्रिशूली नदियों में तेज मलबे के साथ बाढ़ आई, जिसमें कम से कम 1,455 लोगों की मौत हो गई।

ऑफ बीट

आराम के समय हृदय गति की भी अपनी छिपी लय होती है



आपने संभवतः 'सर्केडियन रिदम' यानी शरीर की उस 24 घंटे की जैविक घड़ी के बारे में सुना होगा, जो हमारी नींद और जागने के चक्र को नियंत्रित करती है। लेकिन अब यह सामने आया है कि आराम की अवस्था में हृदय की गति भी ऐसी रहस्यमयी और लंबी अवधि वाली लय का अनुसरण करती है, जो बाहरी दुनिया से स्वतंत्र रूप से चलती है। आराम की अवस्था में हृदय गति से आशय उस समय प्रति मिनट दिल की धड़कनों की संख्या से है, जब व्यक्ति शांत और निष्क्रिय अवस्था में हो। यह माप तनाव, थकान और शारीरिक फिटनेस से जुड़ा होता है। अध्ययन में पता चला कि 70 प्रतिशत प्रतिभागियों की आराम की अवस्था वाली हृदय गति एक धीमी जैविक लय का अनुसरण करती थी। 'स्मार्टवॉच' यानी ऐसी डिजिटल घड़ी जो समय बताने के साथ-साथ शरीर और दैनिक गतिविधियों से जुड़ी कई जानकारियां भी दर्ज करती है। इन लय में सप्ताह, महीने या यहां तक कि 10 सप्ताह तक के अलग-अलग चक्र पाए गए। इन चक्रों के दौरान प्रति मिनट दिल की गति एक निश्चित क्रम के अनुसार बढ़ती और घटती रही। इन चक्रों की पहचान से मानव शरीर की जैविक समय-व्यवस्था के बारे में हमारी समझ का विस्तार होता है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

चुनाव आयोग ने वोट में धांधली और 'वोट चोरी' की, जब तक सीईसी इस मुद्दे पर जवाब और इस्तीफा नहीं देते देश भर में आंदोलन चलता रहेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पुलिस कितना भी रोक ले, अब विपक्ष रुकने वाला नहीं है

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने जंतर-मंतर पर इंडिया गठबंधन के विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा कि जब उनके सांसद चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार से मिलने गए तो उनसे मुलाकात नहीं हुई। इसके अलावा उन्होंने कई और बातें कहीं। चुनाव आयोग और सरकार पर आरोप भी लगाए। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने वोट में धांधली और 'वोट चोरी' की है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को 'इललीगल इलेक्शन कमिश्नर' और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'इललीगल प्राइम मिनिस्टर' (गैर-कानूनी प्रधानमंत्री) बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वे जंतर-मंतर पर तब तक प्रदर्शन जारी रखेंगे जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती हैं।



जंतर-मंतर पर इंडिया गठबंधन का विरोध प्रदर्शन, बोलीं सुप्रिया

मुख्य बिंदु और हालिया घटनाक्रम

- **विरोध का कारण:** कॉकरोच जनता पार्टी , कांग्रेस और ईडी ब्लॉक के नेता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं और उनका इस्तीफा मांग रहे हैं।
- **सुरक्षा व्यवस्था:** जंतर-मंतर से लेकर संसद मार्ग तक के इलाके को छावनी में बदल दिया गया है और भारी सुरक्षा बल तैनात हैं।
- **यौन हमले के आरोप:** जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान कुछ महिला पत्रकारों और प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों पर दुर्व्यवहार व यौन हमले के आरोप लगाए हैं। एनएसयूआई कार्यकर्ता पर है।

कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा बोले

हम एफआईआर से डरने वाले नहीं

कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने भी एफआईआर को लेकर कहा कि क्या वे इससे डरने वाले हैं? उन्होंने कहा कि वे सिर्फ लंच के लिए आए हैं और लंच करेंगे। हुड्डा ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने की उनकी लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि एक एफआईआर दर्ज हुई है, जिसमें उनका नाम भी शामिल है। कांग्रेस सांसद शफी परंबिल ने कहा कि प्रदर्शन जारी रहेगा।



बदले डीएमके के सुर

विरोध मार्च को दिया समर्थन, एकदम सही बताया



राहुल गांधी की मंगलवार को आलोचना करने के बाद अचानक से एक दिन बाद बुधवार को एमके स्टालिन की पार्टी डीएमके ने यूटर्न ले लिया है। अब यह आलोचना समर्थन में बदल गई है। डीएमके के प्रवक्ता टीकेएस एलंगोवन ने कहा है कि अगर ऊंचे पद पर बैठे ज्ञानेश कुमार लोकतंत्र विरोधी हैं, तो चुनाव निष्पक्ष कैसे हो सकते हैं? उन्होंने कहा कि उन्हें हटाया जाना चाहिए।

सौरभ दास अचानक 'सिविल वॉर' वाली बात क्यों करने लगे?



कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के सह-संयोजक सौरभ दास ने 10 अक्टूबर के जंतर-मंतर प्रदर्शन से पहले एक बड़ी आशंका जाहिर की है। उन्होंने भाजपा और केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसे लोगों को दिल्ली में बुलाया जा रहा है जो प्रदर्शनाकारियों पर हमले कर सकते हैं। दास ने बंगाल से लोगों को भेजने जाने की सूचना मिलने का दावा करते हुए सरकार से यह सवाल भी कर दिया कि क्या वह देश में 'सिविल वॉर' चाहती है। सौरभ दास दिल्ली के प्रेस क्लब में कई छात्र संगठनों के साथ साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

जब तक सुधार नहीं, आंदोलन करते रहेंगे

सीजेपी एवं छात्र संगठनों ने बुधवार को सीईसी के खिलाफ एकजुट होकर आंदोलन का आह्वान किया। उन्होंने 10 अक्टूबर को होने वाले प्रदर्शन से पहले कहा कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक चुनावी व्यवस्था में व्यापक सुधार नहीं किया जाता।



नई दिल्ली। सीईसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में पुलिस द्वारा हिरासत के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता बसों के ऊपर चढ़े।



गठबंधन के सांसद सीईसी के खिलाफ धरने के लिए जंतर-मंतर की ओर बढ़े,भाजपा का झंडा हटाया।



सीईसी के इस्तीफे की मांग को लेकर किए गए प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी पुलिस वाहन में सवार हो गए।



कोलकाता। पुलिस कथित वोट चोरी के विरोध में 'लोक भवन घेराव' प्रदर्शन में शामिल लोगों को उठाती हुई।

खबर संक्षेप

ट्रक में जा घुसी कार 4 खिलाड़ियों की मौत

लखनऊ। टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता खेलकर घर लौट रहे देवरिया के 4 खिलाड़ियों की पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बुधवार सुबह सड़क हादसे में मौत हो गई। तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। ये मईल और लार थाना क्षेत्र के युवक थे। मृतकों में नित्यानंद, इरफान शामिल हैं।



इंडियो फ्लाइट पर गिरी बिजली, सुरक्षित लैंडिंग

लखनऊ। पटना से लखनऊ आ रही इंडिगो की फ्लाइट आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई। उस वक्त विमान करीब 17 हजार फीट की ऊंचाई पर था। बिजली गिरने से विमान की नोज यानी अगले हिस्से को नुकसान पहुंचा। पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए विमान को लखनऊ एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतार लिया।



मुख्यमंत्री हेमंत की मां रूपी सोरेन का निधन

रांची। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की मां और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन की पत्नी रूपी सोरेन का बुधवार शाम निधन हो गया। उन्होंने रांची के बरियातू स्थित हिल व्यू अस्पताल में अंतिम सांस ली। वे कई दिनों से अस्वस्थ थीं और इलाज चल रहा था। बुधवार को जीवनरक्षक प्रणाली पर रखा था।



सीमापुरी में 4 मंजिला इमारत गिरी, 3 की मौत

नई दिल्ली। दिल्ली के सीमापुरी में बुधवार को एक चार मंजिला इमारत अचानक भरभराकर गिर गई। कुछ ही देर में पूरा मलबा सड़क पर था। इस हादसे में अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें एक 12 साल की बच्ची और एक बच्चा शामिल हैं। मलबे से 11 लोगों को बाहर निकाला गया है।



सिलचर में बैलेट पेपर से चुनाव, कांग्रेस को 2 सीटें

गुवाहाटी। सभी विपक्षी पार्टियां बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। असम के सिलचर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन में बैलेट पेपर से हुए चुनाव में एनडीए ने यहां 42 में से 34 सीटें जीती जबकि कांग्रेस को 2 सीटें मिलीं।



लखपति दीदियों, किसानों, गरीबों और युवाओं को सशक्त कर रहे

प्रधानमंत्री मोदी की 25 वर्षों की तपस्या से विकसित भारत 2047 का संकल्प अब आकार ले रहा: नवीन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन ने नई दिल्ली में 'विकसित भारत संकल्प सभा' में मोदी के 25 वर्ष के सार्वजनिक जीवन संघर्ष को जनसेवा से राष्ट्रसेवा की अविचल यात्रा कहा

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प सभा' को संबोधित किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष पूरे होने पर उनका अभिनंदन किया। नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संघर्ष, संकल्प और सेवा की यात्रा ने जनसेवा को राष्ट्रसेवा का माध्यम बनाया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 2014 के बाद गरीब, युवा, किसान और नारी शक्ति के लिए चलाई गई योजनाओं से बदलाव आया तथा कोरोना संकट के दौरान टीकाकरण और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हुई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास, विरासत, सुरक्षा और भारत के सम्मान को नई दिशा मिली, ताकि विकसित भारत का संकल्प साकार हो।

पीएम मोदी ने लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया: नवीन ने कहा कि आज के इस अवसर पर हम उन माताओं-बहनों, लखपति दीदियों, किसान भाइयों, खिलाड़ियों, गरीब परिवारों और देश के युवाओं की ओर से प्रधानमंत्री का अभिनंदन और आभार व्यक्त करते हैं, जिनके जीवन में प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों ने सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है। प्रधानमंत्री ने माताओं-बहनों के लिए शौचालय निर्माण से लेकर उज्ज्वला योजना तक की व्यवस्था की और उनकी सुरक्षा एवं स्वाभिमान सुनिश्चित करने का काम किया। 3 करोड़ लखपति दीदियों को आत्मनिर्भर बना उन्होंने महिला सशक्तिकरण की मिसाल कायम की है। केवल वूमेन डेवलपमेंट की बात नहीं की, बल्कि वूमेन-लेड डेवलपमेंट की बात की है और अब 33 प्रतिशत महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी तय होगी।

इंदिरा गांधी स्टेडियम में 'विकसित भारत संकल्प सभा' में कहा



जनसेवा ही पीएम मोदी के जीवन का ध्येय

नवीन ने कहा कि आज का दिन हम सभी भारतवासियों और भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए अविस्मरणीय है। यह दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी की 25 वर्षों की उस यात्रा का साक्षी बनने का अवसर है, जो संघर्षों के बीच शुरू हुई और जिसने हर चुनौती का सामना करते हुए निरंतर आगे बढ़ने का काम किया। उनकी तप, साधना और संकल्प ने जनसेवा को ही उनके जीवन का ध्येय बनाया। उनके लिए जनसेवा ही राष्ट्रसेवा का मार्ग बनी और इसी संकल्प के साथ वे राजनीति में सत्ता को सेवा का माध्यम बनाते हुए राष्ट्रसेवा के पथ पर निरंतर अग्रसर रहे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इन 25 वर्षों में दीपक की तरह स्वयं को जलाकर, अपने परिश्रम और समर्पण से 140 करोड़ देशवासियों के जीवन में विकास, आत्मविश्वास और स्वाभिमान का उजाला फैलाने का निरंतर प्रयास किया है। महिलाओं को सम्मान से जीने का मार्ग प्रशस्त किया।

किसानों का सम्मान और कल्याण सुनिश्चित किया

11 करोड़ से अधिक किसान भाइयों के लिए किसान सम्मान योजना के माध्यम से उनका सम्मान और कल्याण सुनिश्चित किया गया। कृषि को केवल एक विभाग तक सीमित न रखते हुए किसान कल्याण को भी प्राथमिकता दी और किसानों के प्रति देश के नेतृत्व की सोच को प्रदर्शित किया गया। 'खेलो इंडिया' से खिलाड़ियों को नए अवसर दिए गए, जिससे आज हमारे खिलाड़ी भारत का नाम रोशन कर रहे हैं और नए-नए कीर्तिमान बना रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से 4 करोड़ गरीब परिवारों को उनके सपनों का घर और सिर पर छत देने का काम किया गया। नवीन ने कहा कि कोरोना जैसी आपदा के समय, जब पूरी दुनिया ठहर-सी गई थी, तब प्रधानमंत्री ने करोड़ों भारतवासियों के बेटे और भाई की तरह उनकी चिंता की। निःशुल्क वैक्सीन से लेकर 80 करोड़ लोगों के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की गई, जिससे देश इस अस्थिरता और आपदा की घड़ी से बाहर निकल पाया।

एनएमसी ने नई गाइडलाइन जारी की

डॉक्टर और अस्पतालों के लिए नियम तय,नहीं दे सकेंगे 'झांसा'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डॉक्टरों और अस्पतालों के प्रचार-प्रसार को लेकर राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने नई गाइडलाइन जारी की है। इसमें डॉक्टरों, अस्पतालों और मेडिकल संस्थानों के विज्ञापन, सोशल मीडिया प्रचार, पॉडकास्ट, वेबसाइट, इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग और एआई से तैयार प्रचार सामग्री तक के लिए नियम तय किए गए हैं।

गाइडलाइन का मकसद मरीजों को भ्रामक दावों से बचाना और चिकित्सा पेशे की गरिमा बनाए रखना है। डॉक्टर या अस्पताल अपने प्रचार में 'बेस्ट', 'नंबर-1', 'लीडिंग', 'मोस्ट ट्रस्टेड', 'टॉप' या 'नंबर वन स्पेशलिस्ट' जैसे दावे नहीं कर सकेंगे। 'गारंटीड इलाज' जैसे दावे करके मरीजों को आकर्षित करना भी प्रतिबंधित किया है। डॉक्टरों को इलाज की सफलता दर इलाज किए गए मरीजों की संख्या को प्रचारित करने से भी रोक दिया गया है, जिससे चिकित्सा सेवा का व्यावसायिक प्रचार नजर आए।



सोशल मीडिया और पॉडकास्ट भी दायरे में

आयोग ने विज्ञापन की परिभाषा को काफी व्यापक रखा है। इसमें फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंच, वेबसाइट, ब्लॉग, व्हाट्सऐप, टेलीग्राम, पॉडकास्ट, इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग, डिजिटल प्रचार और एआई से तैयार प्रचार सामग्री तक को शामिल किया गया है। डॉक्टर या अस्पताल सोशल मीडिया को विज्ञापन के नियमों से बाहर नहीं होंगे। मरीज की तस्वीर, वीडियो, मेडिकल रिकॉर्ड, क्लिनिकल तस्वीर और मरीज के अनुभव या प्रशंसापत्र के इस्तेमाल को लेकर भी सख्त नियम हैं।

एआई से मरीज की नकली फोटो या आवाज बैन

नई गाइडलाइन का सबसे नया पहलू एआई से जुड़े प्रचार को लेकर है। आयोग ने कहा है कि एआई से तैयार या एआई की मदद से बनाई गई प्रचार सामग्री का इस्तेमाल मरीजों को गुमराह करने नहीं किया जा सकता। एआई की मदद से मरीज की तस्वीर, आवाज, प्रशंसापत्र या इलाज के नतीजे को बदलकर पेश करना प्रतिबंधित है।

प्रदर्शन कर रहे छात्र असामाजिक नहीं, परीक्षाएं निष्पक्ष, पारदर्शी व किसी भी गड़बड़ी से मुक्त हों

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्र असामाजिक तत्व नहीं हैं। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि सार्वजनिक भर्ती परीक्षाएं निष्पक्ष तरीके से और बिना किसी गड़बड़ी के आयोजित हों।

ईमानदार प्रयास करना चाहिए: हाईकोर्ट

एमपीएससी परीक्षा पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा



कोर्ट ने पुणे के कुछ निवासियों याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों और परीक्षा से जुड़े विवादों को लेकर पुणे में छात्रों और अन्य लोगों के जारी प्रदर्शन का मुद्दा उठाया गया था। पीठ ने कहा कि सरकार को लोगों और खासकर छात्रों का ऐसी परीक्षाओं में भरोसा बहाल करने के लिए ईमानदार प्रयास करना चाहिए।

उन्हें विरोध करने का अधिकार मिला

कोर्ट ने यह भी कहा कि जिन छात्रों की शिकायतें हैं, उन्हें प्रदर्शन करने का अधिकार है। पीठ ने कहा कि अगर छात्रों के पास अपनी बात रखने का कोई अवसर नहीं है और परीक्षा में कुछ गड़बड़ी हुई है, तो उन्हें विरोध करने का अधिकार है।

राजपाल को चेक बाउंस मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत

मैं सारा भुगतान करने को तैयार, छलका अभिनेता का दर्द, जहां चाहें मुझे भेज दें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव को चेक बाउंस मामले में सुप्रीम कोर्ट से थोड़ी राहत मिली है। एक्टर बुधवार को खुद 1.15 करोड़ रुपए का डिमांड ड्राफ्ट लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। उन्होंने जज को बताया कि वह बाकी के 85 लाख रुपए पुश्तैनी संपत्ति के खरीदार के जरिए जमा करेंगे और 13 अक्टूबर तक रकम दे देंगे। उसकी संपत्ति का संभावित खरीदार अनंत प्रकाश यादव न्यायालय में उपस्थित हैं और वे 85 लाख रुपए का भुगतान करने के इच्छुक हैं।

आपकी फिल्म की तरह आपका पैसा भी अता पता लापता है, गायब: सीजेआई

कोर्ट में सीजेआई और राजपाल के बीच हल्की-फुल्की बातचीत भी हुई। अभिनेता ने अपनी फिल्म 'अता पता लापता' से हुए आर्थिक नुकसान का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि फिल्म की वजह से उन्हें करीब 200 से 250 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। सीजेआई ने मजाकिया अंदाज में कहा कि आपकी फिल्म की तरह आपका पैसा भी अता पता लापता है, गायब।



मुख्यमंत्री योगी बोले- मोदी और आबे की दोस्ती का रिश्ता पद से नहीं, बल्कि विश्वास से बना था

वाराणसी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आबे मेमोरियल कॉरिडोर का लोकार्पण

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने पीएम नरेंद्र मोदी और जापान के पूर्व पीएम दिवंगत शिंजो आबे की दोस्ती को याद करते हुए कहा कि यह रिश्ता पद से नहीं, बल्कि विश्वास से बना था। पद बदलते रहे, लेकिन दोनों नेताओं की मित्रता कायम रही। सीएम ने बुधवार को रुद्राक्ष इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में जापान की पूर्व प्रथम महिला और शिंजो आबे की पत्नी अकी आबे के साथ आबे मेमोरियल कॉरिडोर का लोकार्पण किया। योगी ने इसे पीएम मोदी, 140 करोड़ भारतीयों और उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से शिंजो आबे को श्रद्धांजलि बताया। उन्होंने कहा कि जापान ने काशी को रुद्राक्ष दिया और अब काशी उसी रुद्राक्ष में जापान के पूर्व पीएम की स्मृति को हमेशा के लिए संजो रही है।

सीएम योगी ने कहा कि जापान ने काशी को रुद्राक्ष दिया और अब काशी उसी रुद्राक्ष में जापान के पूर्व पीएम की स्मृति को हमेशा के लिए संजो रही है

पद बदलते रहे लेकिन मोदी और आबे की मित्रता कायम रही

कन्वेंशन सेंटर भारतीयों की ओर से शिंजो आबे को श्रद्धांजलि



आबे मेमोरियल कॉरिडोर का लोकार्पण करते सीएम योगी और अकी आबे

नई पीढ़ी के लिए जीवंत क्लासरूम : सीएम ने आबे मेमोरियल कॉरिडोर को नई पीढ़ी के लिए जीवंत क्लासरूम बताया। उन्होंने कहा कि यहां आने वाला युवा यह सीख सकेगा कि दूरदृष्टि रखने वाला एक नेता दो देशों के भविष्य को किस तरह नई दिशा दे सकता है।

आबे को याद कर भावुक हुईं उनकी पत्नी

शिंजो आबे को याद करते हुए उनकी पत्नी अकी आबे भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि उनके पति का पीएम मोदी से गहरा लगाव और आत्मीय संबंध था। 2015 में काशी आने के बाद आबे उनसे गंगा आरती और वाराणसी की यादें साझा करते थे।

नोएडा में 500 एकड़ में बन रही जापानी सिटी

सीएम योगी ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में 500 एकड़ में जापानी सिटी विकसित की जा रही है। भारत में करीब 1,400 जापानी कंपनियां काम कर रही हैं और दोनों देशों की साझेदारी अब सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ग्रीन हाइड्रोजन और क्रिटिकल मिनरल्स जैसे क्षेत्रों तक पहुंच चुकी है।

2007 में हुई थी मोदी और आबे की पहली मुलाकात

योगी ने बताया 2007 में गुजरात के सीएम रहते नरेंद्र मोदी जापान गए थे, जहां उनकी पहली मुलाकात आबे से हुई। उसी वर्ष आबे ने भारतीय संसद में भारत और जापान के मजबूत संबंधों की जरूरत पर जोर दिया था। 2014 में काशी-क्योटो पार्टनर सिटी समझौता हुआ और दोस्ती बढ़ती गई।

रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर के डिजाइन को सराहा

अकी आबे ने रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर के डिजाइन की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि सेंटर की बाहरी दीवारों पर 108 रुद्राक्ष लगाए गए हैं। जापान में भी 108 का विशेष महत्व है और बौद्ध मंदिरों में नए साल के मौके पर 108 बार घंटियां बजाने की परंपरा है।



संघर्ष को खत्म कराने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार भारत

रूस-यूक्रेन युद्ध की समाप्ति के लिए मध्यस्थता करेगा भारत, सौंपी 'तीन सूत्रीय शांति योजना'

बोले जायसवाल, योजना के माध्यम से भारत ने संवाद-कूटनीति के जरिए सभी हितधारकों के बीच ईमानदार और व्यावहारिक संवाद पर दिया जोर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते पांच वर्षों से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच भारत ने पहली बार दोनों देशों के बीच मध्यस्थता करने के लिए तीन सूत्रीय शांति योजना का एक व्यापक प्रस्ताव सौंपा है। जिसका आखिरकार उद्देश्य हर हाल में इस युद्ध की समाप्ति पर केंद्रित है। वहीं, दूसरी ओर इससे साफतौर पर यह भी स्पष्ट हो जाता है कि अब भारत इस लड़ाई को खत्म कराने के लिए वैश्विक स्तर पर बड़ी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। कूटनीतिक सूत्रों ने बताया कि नई दिल्ली का शांति प्रस्ताव केवल दोनों



पक्षों के बीच महज गोलीबारी पर विराम लगाने या किसी क्षेत्र विशेष तक ही सीमित नहीं है। बल्कि इसमें विस्तृत रूप कुछ महत्वपूर्ण मामलों का उल्लेख किया गया है। जिसमें ऊर्जा ढांचे की सुरक्षा, समुद्री क्षेत्र में अनाज व ऊर्जा की निर्बाध आपूर्ति को बरकरार रखना और काला सागर जैसे महत्वपूर्ण वैश्विक समुद्री मार्गों से व्यापारिक जहाजों और नौवहन की सुरक्षा को सुनिश्चित करना मुख्य है। यहां बता दें कि इस युद्ध से अब तक कुल करीब 6 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो गई हैं। जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं।

विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया

बुधवार को राजधानी में हुई मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक प्रश्न के जवाब में कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत के रुख से पूरी दुनिया भलीभांति परिचित है। नई दिल्ली ने अपनी इस कवायद के जरिए बातचीत और कूटनीति के माध्यम से दोनों देशों सहित इस युद्ध से जुड़े अन्य सभी प्रमुख हितधारकों के बीच ईमानदार और व्यावहारिक संवाद की वकालत की है।

अंतहीन युद्ध के अंत की ओर बढ़ने का वक्त

मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई मौकों पर साफ तौर पर ये कहा है कि यह युद्ध का युग नहीं है और विवाद का समाधान रणभूमि में नहीं निकाला जा सकता है। बिश्केक में हुए एससीओ शिखर सम्मेलन से इतर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हुई अपनी मुलाकात में भी पीएम मोदी ने कहा था कि अंतहीन युद्ध से निकलकर युद्ध के अंत की ओर बढ़ने का समय आ गया है।

जयशंकर ने यूक्रेन यात्रा में सौंपा प्रस्ताव

भारत की तरफ से विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने इस शांति प्रस्ताव को पिछले सितंबर महीने में अपनी यूक्रेन यात्रा के दौरान सौंपा था। जिसकी पुष्टि खुद कीव के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने करते हुए कहा था कि उन्हें भारत का शांति प्रस्ताव मिला है। जो कि इस मामले पर अब तक दुनिया के बाकी तीन देशों जैसे अमेरिका, तुर्किये और मिस्र की तरफ से सौंपे गए प्रस्ताव से बेहद व्यापक है।

पुतिन ने की पीएम मोदी की तारीफ

यूक्रेन के विदेश मंत्री की यह टिप्पणी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा मामले पर आम सहमति के माध्यम से समस्या का समाधान ढूंढने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेहतरीन विचारों की प्रशंसा करने के तुरंत बाद सामने आया है। रूसी राष्ट्राध्यक्ष ने इस संघर्ष को पूरी तरह से खत्म कराने की कोशिशों के साथ-साथ अपनाए गए तटस्थता के रुख की भी सराहना की। हाल ही में राजधानी में हुई म्यूनिख सिक्योरिटी कांफ्रेंस में विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने मामले पर भारत केवल शांति स्थापित करने पर जोर देने से आगे बढ़ चुका है। हम मास्को और कीव के बीच युद्ध को समाप्त कराने के लिए व्यावहारिक बातचीत कर रहे हैं।

मंत्रालय की चेतावनी को दरकिनार कर रूस जाकर जान को जोखिम में न डालें भारतीय

विदेश मंत्रालय ने यूक्रेन युद्ध के बीच रूस की सेना में स्वेच्छा से भर्ती हो रहे भारतीयों को सख्त अंदाज में चेतावनी देते हुए कहा है कि इस मामले में आम-जनता से हमारी यही अपील है कि वो किसी भी तरह के रोजगार देने के झूठे और भ्रामक प्रलोभनों में न फंसे। क्योंकि युद्ध में सिर्फ और सिर्फ उनका खुद का जीवन ही खतरे में पड़ सकता है। जायसवाल ने बताया कि बीते वक्त में मंत्रालय द्वारा जारी किए गए कुछ परामर्श यह साफ करते हैं कि मामले में लोगों को कहीं अधिक सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। जिससे उन्हें बहला फुसलाकर रूस ले जाने के सिलसिले पर रोक लगेगी। देश के नागरिकों को भी यह समझना चाहिए कि उनके ऐसे किसी कदम से रूस में सीधे उनकी जान पर बन सकती है। रणधीर ने कहा कि रूस में फंसे हुए भारत के लोगों की सुरक्षित वतन वापसी के लिए हम मास्को के अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क साधे हुए हैं। 259 लोग रूस की सेना में भर्ती किए गए थे। जिनमें से 139 को जल्द छुट्टी देकर बाहर कर दिया गया है। अभी भी नई दिल्ली के 69 लोग ऐसे हैं जो रूस की सेना में तैनात हैं।

खबर संक्षेप

5 आतंकी मददगार अरेस्ट पिस्तौल और ग्रेनेड बरामद

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम पुलिस ने 9आरआर और 18 बटालियन सीआरपीएफ के



साथ मिलकर पांच आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार और गोला बारूद बरामद हुआ है। बरामद सामान में 2 पिस्तौल, 3 मैगजीन, 9 एमएम के 40 राउंड और 3 ग्रेनेड शामिल हैं। यह सब खुरवान चादर, कुलगाम से मिला है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को एक भरोसेमंद सूचना मिली थी। इसी सूचना के आधार पर कुलगाम पुलिस ने सीआरपीएफ के साथ मिलकर यह कार्रवाई की।

एयर मार्शल दीक्षित ने रक्षा मंत्री से की मुलाकात

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना के अगले प्रमुख नियुक्त किए गए एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने बुधवार



को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। वायुसेना प्रमुख के रूप में उनकी नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा के बाद हुई इस मुलाकात में रक्षा मंत्री ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी और आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। एयर मार्शल दीक्षित वर्तमान में वायुसेना के उपप्रमुख हैं और 31 अक्टूबर को भारतीय वायुसेना के प्रमुख का पद संभालेंगे। एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित भारतीय वायुसेना के 29वें प्रमुख होंगे।

यूएन में सांसद बिप्लब देब ने ओआईसी की टिप्पणियों को किया खारिज, कहा

सीमा पार आतंक के खिलाफ कार्रवाई भारत का हक, पीओके में पाक की करतूतों को देखें



सांसद बिप्लब कुमार देब

लोकसभा सांसद बिप्लब कुमार देब ने कहा कि आतंकवाद के हर रूप और हर तरीके के खिलाफ लड़ाई जरूरी है। सीमा पार आतंकवाद समेत आतंकवाद आज मानवता के सामने सबसे गंभीर खतरों में से एक है। इसका असर अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के साथ-साथ आर्थिक विकास, लोकतांत्रिक व्यवस्था और मानवाधिकारों पर भी पड़ता है

आतंकवाद इंसान के जीवन के अधिकार पर हमला

आतंकवाद यूएन के मूल्यों के पूरी तरह खिलाफ है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान में आतंकी ढांचे के खिलाफ दिल्ली की कार्रवाई पर इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की टिप्पणियों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि संगठन 'पीड़ित और गुनहगार के बीच फर्क करने में असमर्थ' नजर आता है। पश्चिम त्रिपुरा से सांसद बिप्लब कुमार देब ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की छठी समिति में 'अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद को खत्म करने के उपायों' पर भारत का पक्ष रखते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा की छठी समिति में भारत की ओर से लोकसभा सांसद बिप्लब कुमार देब ने कहा कि पाकिस्तान से होने वाले सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ अपने लोगों की रक्षा करना भारत का अधिकार है और आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों को इसके परिणाम भुगतने होंगे। बता दें, 15 सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल संयुक्त राष्ट्र के परिचयात्मक दौरे के लिए यहां पहुंचा है।

आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों को परिणाम भुगतने ही होंगे

जम्मू-कश्मीर पर ओआईसी का वक्तव्य अनुचित

देब ने साफ कहा कि पाकिस्तान से होने वाले सीमा पार आतंकवाद से अपने नागरिकों की रक्षा करना भारत का अधिकार है। उन्होंने चेतावनी दी कि आतंकवाद में शामिल होने या उसे बढ़ावा देने वालों को इसके परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश का ओआईसी की ओर से किया गया अनुचित उल्लेख भी खारिज कर दिया। ओआईसी ने अपने बयान में दक्षिण-पूर्व एशिया में सैन्य तनाव और पाकिस्तान में कई स्थानों पर किए गए अनुचित हमलों का जिक्र किया था। हालांकि, इस बयान में भारत का नाम सीधे तौर पर नहीं लिया गया था।

तथ्य और कल्पना में फर्क नहीं कर पा रहे

देब ने ओआईसी के अध्यक्ष की ओर से दिए गए बयान का जवाब देते हुए कहा कि भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में मौजूद आतंकी ढांचे के खिलाफ बेहद लक्षित और संतुलित कार्रवाई की थी। उन्होंने कहा कि इन्हीं इलाकों से भारत के खिलाफ आतंकी हमलों की योजना बनाई और उन्हें अंजाम देने के निर्देश दिए जाते रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बयान देने वाले लोग तथ्य और कल्पना को अलग नहीं कर पा रहे हैं और पीड़ित तथा गुनहगार के बीच फर्क करने में असमर्थ हैं।

पाकिस्तान के अवैध कब्जे में हो रही लोगों की हत्याएं

भारत ने ओआईसी को सलाह देते हुए कहा कि उसे जम्मू-कश्मीर का जिक्र करने के बजाय पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले इलाकों पर ध्यान देना चाहिए। देब ने खास तौर पर रावलाकोट का जिक्र करते हुए कहा कि वहां लोगों की हत्याएं, हिंसा और बुनियादी अधिकारों से वंचित किए जाने की घटनाएं साफ दिखाई देती हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की जानबूझकर की गई अनदेखी सिर्फ कट्टरता और असहिष्णुता को दर्शाती है।

सीसीआईटी को जल्द दें अंतिम रूप देने की अपील

देब ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक समझौता (सीसीआईटी) अब तक नहीं बन पाया है, जबकि भारत ने इसका मसौदा 1996 में ही पेश कर दिया था। उन्होंने कहा कि सीसीआईटी को जल्द अंतिम रूप दिए जाने से आतंकवाद के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय कानूनी व्यवस्था और मजबूत होगी।

सीमा पार आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा

देब ने कहा कि आतंकवाद के हर रूप और हर तरीके के खिलाफ लड़ाई जरूरी है। सीमा पार आतंकवाद समेत आतंकवाद आज मानवता के सामने सबसे गंभीर खतरों में से एक है। इसका असर अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के साथ-साथ आर्थिक विकास, लोकतांत्रिक व्यवस्था और मानवाधिकारों पर भी पड़ता है। आतंकवाद हर इंसान के सबसे बुनियादी अधिकार यानी जीवन के अधिकार पर हमला करता है। आतंकवाद संयुक्त राष्ट्र के मूल्यों के पूरी तरह खिलाफ है और किसी भी स्थिति में आम नागरिकों को जानबूझकर निशाना बनाने को सही नहीं ठहराया जा सकता।

यूक्रेन का काला सागर में बड़ा हमला

तेल टैंकर को ड्रोन से बनाया निशाना, 23 भारतीय बचाए

भारतीय नाविकों वाले जहाज पर 48 घंटे में तीसरा हमला



हमले के बाद जहाज में आग लगी और समुद्र में कच्चा तेल जलता दिखाई दिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

काला सागर (ब्लैक सी) में रूसी तट के पास एक लाइबेरियाई ध्वज वाले तेल टैंकर पर यूक्रेनी नेवल ड्रोन से भीषण हमला हुआ है। इस जहाज पर चालक दल के रूप में सभी 23 भारतीय नाविक तैनात थे। हमले के तुरंत बाद समुद्र में फैले कच्चे तेल में भयानक आग लग गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि सभी 23 भारतीय क्रू मेंबर्स को रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाल लिया गया है। रूसी परिवहन मंत्रालय के मुताबिक, यह हमला रूस के प्रमुख रिसॉर्ट शहर सोची के पास हुआ, जिसकी आबादी लगभग पांच लाख है। यूक्रेनी समुद्री ड्रोन टकराते ही जहाज और समुद्र के पानी में कच्चे तेल के कारण भयानक लपटें उठने लगीं।

जहाज यूक्रेन की प्रतिबंध सूची में था

लाइबेरिया के झंडे वाले इस जहाज का नाम एफ्रामैक्स रियो है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यह यूक्रेन की प्रतिबंध सूची में शामिल था। इसे रूस के कथित शैडो फ्लीट का हिस्सा बताया गया था। रूस का शैडो फ्लीट उन टैंकरों और जहाजों का नेटवर्क है, जिनका इस्तेमाल रूस पश्चिमी प्रतिबंधों से बचकर तेल समेत दूसरे सामान के निर्यात में करता है। यूक्रेन ने फरवरी में जहाज पर प्रतिबंध लगाए थे। उसका कहना था कि इस नेटवर्क के जहाज रूस को जरूरी ऊर्जा आय बनाए रखने में मदद करते हैं। इसी आय से रूस यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को फंड करता है। हमले के बाद जहाज में आग लगी और समुद्र में कच्चा तेल जलता दिखाई दिया।

भारतीय नाविकों वाले जहाजों पर हमले

इससे पहले 5 और 6 अक्टूबर को होर्मुज स्ट्रेट और ब्लैक सी में भी भारतीय नाविकों वाले जहाजों पर हमला हुआ। इन हमलों में 11 भारतीय जख्मी हुए। 5 अक्टूबर को ब्लैक सी में एमवी रोयाद मम्मदोव रोमेनिया के पास एक जहाज पर हमला हुआ। इसमें 3 भारतीय नाविक सवार थे। हादसे के बाद जहाज डूब गया और 2 विदेशी नागरिकों की मौत हो गई। 11 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बचा लिया गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने दावा किया कि जहाज पर रूसी ड्रोन से हमला हुआ था। इसके बाद 6 अक्टूबर को होर्मुज स्ट्रेट में पनामा के झंडे वाले व्यापारिक जहाज 'एमटी ऑन पीस' पर हमला हुआ।

अफ्रीका में बढ़ेगा भारत का प्रभाव

भारत-घाना के बीच कृषि, व्यापार, रक्षा समेत कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और घाना ने आपसी रिश्तों को और मजबूत बनाने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मिलकर काम करने, व्यापार बढ़ाने और विकास से जुड़े क्षेत्रों में सहयोग का दायरा बढ़ाने पर चर्चा की है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने घाना के विदेश मंत्री सैम ओकुजेटो अबलाक्वा से मुलाकात कर दोनों देशों के बीच व्यापक साझेदारी को आगे बढ़ाने के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत की। इस दौरान अफ्रीकी संघ और पश्चिम अफ्रीकी देशों के आर्थिक संगठन के साथ भारत के बढ़ते जुड़ाव पर भी जोर दिया गया।

दो एमओयू साइन किए



भारत-घाना के बीच कृषि क्षेत्र में एमओयू

जयशंकर और अबलाक्वा की मौजूदगी में दोनों देशों के बीच दो समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान भी हुआ। पहला समझौता भारतीय प्राणी सर्वेक्षण और घाना विवि के बीच हुआ। दूसरा समझौता आईसीएआर और घाना के सीएसआईआर-क्रॉप्स रिसर्च इंस्टीट्यूट के बीच हुआ।

दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक रिश्ता

जयशंकर ने कहा कि भारत और घाना ग्लोबल साउथ यानी विकासशील देशों के साझेदार हैं। दोनों देशों की विकास संबंधी प्राथमिकताएं काफी हद तक एक जैसी हैं और उनके बीच ऐतिहासिक एकजुटता का रिश्ता रहा है। दोनों व्यापार, निवेश, विकास, दवाइयों, कौशल विकास, रक्षा, तकनीक, कृषि क्षेत्र में सहयोग करेंगे।

मोदी के व्यक्तित्व से प्रभावित हुए भूटान पीएम

'बड़े भाई' पीएम मोदी को बताया 'विष्णु अवतार', हमेशा स्नेह रखा



भूटान पीएम तोगबे और पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भूटान के पीएम शेरिंग तोगबे ने पीएम नरेंद्र मोदी को 'विष्णु अवतार' बताया है। उनके व्यक्तित्व से खासा प्रभावित तोगबे ने भावनात्मक पोस्ट के जरिए जनसेवा को समर्पित 25 वर्षों के लिए शुभकामनाएं देते हुए एक खत लिखा है। खत में पीएम मोदी को 'आज के समय का एक अवतार' बताते हुए लिखते हैं कि 27 जुलाई 2019 को, मैं दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी से मिला। मेरी पार्टी भूटान के चुनावों में दस महीने पहले ही हार गई थी और संसद में उसका कोई प्रतिनिधित्व नहीं था। मैं न तो पीएम था और न ही सांसद; मैं पीएम मोदी से एक आम नागरिक के तौर पर मिला था। मैंने अपने कार्यकाल के दौरान उनके सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। और मैंने उनसे कहा कि वे हमेशा मेरे बड़े भाई रहेंगे- उन्होंने मेरे साथ वैसा ही स्नेह दिखाया।

वाणिज्य सचिव का उद्योगपतियों से आग्रह

भारत-ईएफटीए टीईपीए के अवसरों का उठाएं लाभ, निवेश व निर्यात करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए)



राजेश अग्रवाल

व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) के तहत भारत और ईएफटीए सदस्य देशों ने एक-दूसरे के लिए अपने बाजार खोल दिए हैं। निकट भविष्य में शुल्क स्थिर रहेंगे, कोई अप्रत्याशित बदलाव नहीं होगा। इसलिए व्यवसाय आत्मविश्वास के साथ निवेश कर सकते हैं, आपूर्ति श्रृंखलाएं बना सकते हैं और भविष्य की योजना बना सकते हैं।

गुणवत्ता को दें महत्व

अग्रवाल ने कहा कि ईएफटीए देश उच्च आय वाले बाजार हैं जो गुणवत्ता की मांग करते हैं और उसे महत्व देते हैं। यदि आप इस बाजार में गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बनाने में सक्षम हैं, तो आप किसी भी अन्य बाजार के लिए तैयार हैं। इन बाजारों में अर्जित गुणवत्ता की हर बाजार में सराहना और कद्र की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन उच्च खपत वाले बाजारों में कृषि के निर्यात के भी बड़े अवसर हैं, जहां कई उत्पादों पर शुल्क घटकर शून्य हो गया है। निर्यातकों को इन उत्पादों की पहचान करनी चाहिए और ईएफटीए देशों को दीर्घकालिक आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए।

ईएफटीए में 92.2% उत्पाद टैरिफ फ्री

अग्रवाल ने ईएफटीए की प्रतिबद्धताएं इसकी 92.2% टैरिफ लाइनों को कवर करती हैं, जो भारत के निर्यात का 99.6% है, जिसमें गैर-कृषि उत्पाद भी पूरी तरह से शामिल हैं। वहीं, भारत की प्रतिबद्धताएं 82.7% टैरिफ लाइनों को कवर करती हैं, जो ईएफटीए निर्यात का 95.3% है।

असीम मुनीर के करीबी का शहबाज पर तंज

विदेश यात्राओं को लेकर बोले पीएम कार्यालय से गायब रहते



एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। असीम मुनीर खुद तो कुछ नहीं कह रहे हैं लेकिन अपने रश्तेदार और पाकिस्तानी गृहमंत्री मोहसिन नकवी के जरिए जुबानी हमला बोल रहे हैं। मोहसिन नकवी ने अब पीएम शहबाज शरीफ की विदेश यात्राओं पर निशाना साधा है। मोहसिन नकवी ने शहबाज शरीफ के सामने ही उनको ज्ञान दिया और कहा कि कुछ नेता एक महीने तक अपने कार्यालय से गायब रहते हैं। शहबाज शरीफ हाल ही में अमेरिका और ब्रिटेन की कई सप्ताह लंबी यात्रा से लौटे हैं। असीम मुनीर चाहते हैं कि पाकिस्तान में कई नए प्रांत बनाए जाएं और खुद राष्ट्रपति बनकर मोहसिन नकवी को नया पीएम बनाया जाए। असीम मुनीर के इस प्लान का शहबाज शरीफ और राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी दोनों ही विरोध कर रहे हैं।

यूएनएफसीसीसी की बैठक में भारत ने जलवायु संबंधी आपदाओं पर जताई चिंता

पेरिस समझौते को तेजी से लागू करने पर जोर

वैश्विक तापमान वृद्धि 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने की विश्व से की अपील

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने ऑस्ट्रेलिया, फिजी और तुवालू द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (यूएनएफसीसीसी) की पूर्व-कॉप-31 बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। बुधवार को फिजी में आयोजित यूएनएफसीसीसी) की पूर्व-कॉप-31 बैठक में कॉप-31 प्राथमिकताओं पर पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए जलवायु संबंधी समझ में मौजूद कमियों को दूर करने, मौजूदा जलवायु प्रतिबद्धताओं को पूरा करने और पेरिस समझौते के कार्यान्वयन में तेजी लाने पर अधिक ध्यान देने का आह्वान किया।

समझौते की कमियों को दूर करने का आह्वान



भूपेंद्र यादव बैठक को संबोधित करते हुए

अंतरराष्ट्रीय कानूनी रूप से बाध्यकारी संधि है पेरिस समझौता

पेरिस समझौता जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय कानूनी रूप से बाध्यकारी संधि है। इसे 12 दिसंबर 2015 को पेरिस में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (कॉप-21) के दौरान 196 देशों द्वारा अपनाया गया था और यह 4 नवंबर 2016 को लागू हुआ था।इस समझौते का मुख्य लक्ष्य वैश्विक औसत तापमान में वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 2 डिग्री सेल्सियस से काफी नीचे रखना है, और कोशिश यह करना है कि यह वृद्धि 1.5 डिग्री सेल्सियस तक ही सीमित रहे। साथ ही प्रत्येक देश को हर 5 साल में अपनी राष्ट्रीय जलवायु कार्य योजना प्रस्तुत करनी होती है, जिसे 'राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान' कहा जाता है।

विज्ञान और पारंपरिक ज्ञान की समझ बढ़ाएं

यादव ने कहा कि यूएनएफसीसीसी और इसके पेरिस समझौते के तहत दीर्घकालिक उद्देश्य और लक्ष्य पहले ही निर्धारित किए जा चुके हैं, जिनमें वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने की महत्वाकांक्षा भी शामिल है। उन्होंने कहा कि विज्ञान और पारंपरिक ज्ञान तथा सामुदायिक प्रथाओं के बीच, व्यवहार और नैतिकता के बीच और उपलब्ध संसाधनों तथा आवश्यक जरूरतों के बीच मौजूद समझ की कमियों को पहचानना और उन पर आम सहमति विकसित करना जरूरी है।

जो कहा था, सभी पक्ष उसे पूरा करें

यादव ने कहा कि सभी पक्षों से यह अपेक्षित है कि वे यूएनएफसीसीसी और पेरिस समझौते के तहत अपनी प्रतिबद्धताओं को सही मायने में पूरा करें और प्रत्येक पक्ष को इन प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में सक्षम बनाएं। कार्यान्वयन के विषय पर उन कमियों को दूर करने का आह्वान किया।

ठोस उदाहरण प्रस्तुत करें

केंद्रीय मंत्री ने क्षमता निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया और सभी पक्षों से आग्रह किया कि वे हर साल ठोस उदाहरण और सफलता की कहानियां प्रस्तुत करें - जो कार्यान्वयन के साधनों की प्रभावी डिलीवरी को प्रदर्शित करें। उदाहरणों को साल दर साल लगातार साझा करने और उनका विस्तार करने से लक्ष्यों को प्राप्त करने में जमीनी स्तर पर बेहतर परिणाम मिलेंगे।



इंटर स्कूल क्रिकेट में डीपीएस नीलबड़ और डीपीएस कोलार की टीमें जीतीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

डॉ. गोविंद नारायण सिंह 'दाऊ साहेब' इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में डीपीएस नीलबड़ ने इंटरनेशनल स्कूल को 5 विकेट से पराजित किया। ओल्ड चैंपियन मैदान पर खेले गए मुकाबले में इंटरनेशनल स्कूल ने तय 25 ओवर में 4 विकेट पर 127 रन बनाए। जवाब में डीपीएस नीलबड़ ने 19.3 ओवर में 5 विकेट खोकर 131 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया।

पहले मुकाबले में अरनव शर्मा गेंद से चमके, झटके 3 विकेट

इंटरनेशनल स्कूल की पारी में अमय जैन ने 73 रन की शानदार पारी खेली। इसके अलावा सूर्यांश मीणा ने 20 और युवराज दुबे ने 9 रन का योगदान दिया। डीपीएस नीलबड़ की ओर से अरनव शर्मा ने 3 विकेट झटके, जबकि अरनव वीर, श्रेयस कांत, अमय जैन और मन्नू कुमार को एक-एक सफलता मिली। जवाब में डीपीएस नीलबड़ के रबजीत सिंह ने 54 रन की उपयोगी पारी खेली। इसके बाद प्रयांश रॉयल ने 24, युवराज राठौरवंशी ने 25 और जतिन माहोनी ने 7 रन बनाए। राहुल ने भी 2 रन का योगदान दिया। टीम ने 19.3 ओवर में 131 रन बनाकर पांच विकेट से जीत दर्ज की। डीपीएस नीलबड़ के अरनव शर्मा ने 4 ओवर में 31 रन देकर 3 विकेट लिए। राम हरमान वीर ने 4 ओवर में 29 रन देकर 1 विकेट, श्रेयस कांत ने 4 ओवर में 23 रन देकर 1 विकेट, अमय जैन ने 5 ओवर में 24 रन देकर 1 विकेट तथा मन्नू कुमार ने 5 ओवर में 24 रन देकर 1 विकेट लिया। रबजीत सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार डॉ. सुशील सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष बीडीसीए, जितेन्द्र प्रताप सिंह कोच एवं विश्वा रावत ने प्रदान किया।

डीपीएस कोलार ने कैंपियन स्कूल को 86 रन से हराया

आज खेले गए दूसरे मुकाबले में डीपीएस कोलार ने कैंपियन स्कूल को 86 रन से करारी शिकस्त दी। डीपीएस कोलार ने तय 25 ओवर में 7 विकेट पर 177 रन बनाए। टीम के रिदय माहेश्वरी ने 65 रन की शानदार पारी खेली। आरोन शर्मा ने 26 रन तथा अन्य बल्लेबाजों ने उपयोगी योगदान दिया। कैंपियन स्कूल की ओर से गेंदबाजी में धैर्य, नितिक शर्मा और आकाश ने विकेट हासिल किए। जवाब में कैंपियन स्कूल की पूरी टीम 25 ओवर में 91 रन पर सिमट गई। इस तरह डीपीएस कोलार ने मुकाबला 86 रन से अपने नाम किया। डीपीएस कोलार के आयुष्मान ने 4, अमन ने 3, जबकि अहान ने 1 विकेट लिया। अंशुमान ने 2 विकेट हासिल किए। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए रिदय माहेश्वरी को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

डीजीपी मकवाणा ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम को दी शुभकामनाएं

भोपाल। 20वें एशियाई खेल आइची-नागोया, जापान में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। 3 अक्टूबर को खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने मलेशिया को 5-1 से पराजित कर एशियाई खेलों में लगातार दूसरी बार हॉकी का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस स्वर्णिम सफलता के साथ भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए भी सीधे क्वालिफाई किया। भारतीय टीम की इस शानदार उपलब्धि पर मध्यप्रदेश पुलिस के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने पूरी भारतीय पुरुष हॉकी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने टीम के सदस्य एवं मध्यप्रदेश पुलिस में पुलिस उप अधीक्षक विवेक सागर प्रसाद को भी इस गौरवपूर्ण उपलब्धि का हिस्सा बनने पर बधाई दी। इटारसी क्षेत्र के चांदौन निवासी विवेक सागर प्रसाद वर्ष 2021 में मध्यप्रदेश पुलिस में उप पुलिस अधीक्षक के पद पर नियुक्त हुए। इससे पूर्व वे टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम, 19वें एशियन गेम्स 2023 में स्वर्ण पदक, पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक तथा कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में रजत पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के भी सदस्य रहे हैं। इस प्रकार विभिन्न प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारतीय हॉकी टीम के साथ उनकी निरंतर सहभागिता देश के लिए गौरव का विषय है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम की एशियाई खेलों में यह स्वर्णिम उपलब्धि देश के खेल इतिहास में एक और गौरवपूर्ण अध्याय है। टीम के सदस्य के रूप में विवेक सागर प्रसाद की सफलता मध्यप्रदेश पुलिस के लिए भी गौरव का विषय है।

फाइनल में इनकम टैक्स के दिग्विजय को 9-3 से रौंदा

चावला ने जीता एनएससीआई कप ऑल इंडिया 8-बॉल पूल चैंपियनशिप का खिताब

सेमीफाइनल में शहबाज को 8-6 से दी मात और फाइनल में बनाई जगह

प्री-क्वार्टर और क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 7-1 की शानदार जीत दर्ज की



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश के विश्व चैंपियन कमल चावला ने दिल्ली में 25 सितंबर से 5 अक्टूबर तक आयोजित एनएससीआई कप ऑल इंडिया 8-बॉल पूल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया।

चावला ने नॉकआउट चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक के कुशल सी. को 7-1 से हराया। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में पंजाब के पूरन कोरी को 7-1 से पराजित किया। सेमीफाइनल में मुकाबला काफी रोमांचक रहा, जहां कमल ने भारत पेट्रोलियम के शहबाज खान को 8-6 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में विश्व चैंपियन कमल चावला ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए इनकम टैक्स के दिग्विजय को 9-3 से हराकर कप ऑल इंडिया 8-बॉल पूल चैंपियनशिप का प्रतिष्ठित खिताब जीत लिया।

भोपाल के लिए दोहरी सफलता तीसरे नंबर पर रहे उजैर



इस चैंपियनशिप में भोपाल के लिए एक और बड़ी उपलब्धि रही। कमल चावला के स्टूडेंट उजैर खान, जो भोपाल से हैं, ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। उजैर खान ने क्वार्टर फाइनल में इनकम टैक्स के शोएब खान को 8-5 से हराया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला दिग्विजय से हुआ, जिसमें उन्हें 5-8 से हार का सामना करना पड़ा। इस प्रकार प्रतियोगिता में कमल चावला ने चैंपियनशिप का खिताब जीता, जबकि उनके छात्र उजैर खान ने तीसरा स्थान हासिल किया, जो भोपाल और मप्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। यह सफलता भोपाल और मध्य प्रदेश में क्यू-स्पोर्ट्स की बढ़ती प्रतिभा और मजबूती को राष्ट्रीय स्तर पर दर्शाती है।



श्रीनगर के पोलो ग्राउंड पर संपन्न पहली मास्टर्स कप हॉकी प्रतियोगिता

एमटीएफसी भोपाल 50+ में विजेता और 40+ कैटेगिरी में रही उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्लेयर ऑफ़ द मैच इंटरनेशनल हॉकी प्लेयर अल्ताफ उर रहमान के दो गोलों के सहारे एमटीएफसी भोपाल ने पंजाब को 4-1 से हराकर पहली मास्टर्स हॉकी प्रतियोगिता में 50+ वर्ग का खिताब जीत लिया, जबकि 40+ ऐज ग्रुप के कश्मकशपूर्ण फाइनल में भोपाल टीम शूट आउट में माज क्लब, पंजाब से 4-3 से पराजित होकर उपविजेता हुई।

श्रीनगर के पोलो ग्राउंड पर संपन्न पहली मास्टर्स कप हॉकी प्रतियोगिता के 50+ वर्ग के फाइनल में भोपाल के इंटरनेशनल प्लेयर अल्ताफ उर रहमान ने अपने शानदार खेल के सहारे 2 गोल दागकर अपने पुराने दिनों की झलक दिखाकर मैदान पर उपस्थित खेलप्रेमियों को मुक्तकंठ से प्रशंसा करने पर मजबूर किया। अमज़द खान-मेराज उद्दीन ने 1-1 गोल किये. टीम के कप्तान असद कमाल और मैनेजर मुजीब थे।

शूटआउट में पंजाब से मिली हार

40+ का खिताबी मुकाबला संघर्षपूर्ण रहा। निर्धारित समय तक भोपाल व माज़ा क्लब, पंजाब 1-1 से बराबर थी। भोपाल की ओर से मोहम्मद आरिफ़ ने टीम के लिए गोल किया। शूट आउट में एमटीएफसी भोपाल टीम माज़ा क्लब पंजाब से 4-3 से पराजित हो गई।



विजेता 50+ टीम और प्लेयर ऑफ द मैच अल्ताफ उर रहमान।

भोपाल

विजयादशमी पर शुरू होगी सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा

उज्जैन से अयोध्या पैदल सफर करेंगे पूर्व सीएम



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह विजयादशमी, 20 अक्टूबर से सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा शुरू करेंगे। यात्रा उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर से शुरू होकर अयोध्या में रामलला के दर्शन के साथ समाप्त होगी।

यह यात्रा शाजापुर, राजगढ़, अशोकनगर, चंदेरी, ओरछा, कानपुर देहात और बाराबंकी से गुजरेगी। करीब 930 किमी की यह दूरी 70 दिन में पूरी करने का लक्ष्य है, रोज लगभग 15 किमी पैदल चलने की योजना है। 2017 में उन्होंने नर्मदा परिक्रमा भी विजयादशमी से ही शुरू की थी। अधर्म पर धर्म की विजय का प्रयास बताते हुए लोगों से यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया।

लगातार किया जा रहा ट्रेस, गांवों में अलर्ट

बांधवगढ़ से 100 किमी दूर चंदिया पहुंच गया कॉलर वाला हाथी, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरिया

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के जंगलों से निकलकर एक कॉलर वाला जंगली हाथी 100 किमी दूर सामान्य वन मंडल के चंदिया क्षेत्र में पहुंच गया है। बीती रात हाथी के धतूरा, कौडिया और मझगवां के जंगलों में मूवमेंट की सूचना मिलते ही वन विभाग अलर्ट मोड पर आ गया था। वहीं, चंदिया क्षेत्र में हाथी की मौजूदगी की खबर फैलते ही आसपास के ग्रामीण इलाकों में दहशत का माहौल है। हालांकि, अब तक हाथी द्वारा किसी तरह के नुकसान की कोई सूचना सामने नहीं आई है.। बांधवगढ़ के जंगलों से निकालने के बाद हाथी ने सामान्य वन मंडल की ओर रुख किया। धतूरा, कौडिया और मझगांव क्षेत्र में उसकी गतिविधियों की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग ने निगरानी बढ़ा दी है। हाथी की लोकेशन लगातार ट्रेस करने के लिए बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की टीम भी सक्रिय है।



नाम परिवर्तन सूचना

मैं, सरिता मालवीय, निवासी E1/118 कृष्णा कैंपस 80 फीट रोड अशोका गार्डन हिनोतिया कछियान, ने अपने नाबालिग बच्चे के नाम की स्पेलिंग (वर्तनी) को "लविना" से बदलकर "लवीना" कर दिया है भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए, शपथ पत्र (एफिडेविट) दिनांक 23.08.2026 के अनुसार जो नोटरी भोपाल, मध्य प्रदेश, भारत के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

M.P. STATE CO-OP MARKETING FEDERATION LIMITED
Jehangirabad, Bhopal, E-mail :markfedit@gmail.com
Website : www.mpmarkfedmp.gov.in
NOTICE INVITING TENDER (NIT)
Tender No. 2026_SCMFL_541085_1 Dated 08.10.2026
Online Tender is invited for RFP for "Supply of Laptop". Interested eligible bidders may download the tender document from www.mptenders.gov.in and view in www.mpmarkfed.mp.gov.in.
M.P. Madhyam/128425/2026 GENERAL MANAGER (IT)

आम सूचना
मूल रजिस्ट्री गुम हो जाने के संबंध में

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री किसलय कुमार मिश्रा आत्मज श्री टीकम कुमार मिश्रा निवासी फ्लेट नं. 03, प्लाट नं. 62, स्वप्निल अपार्टमेंट, 9–ए, एम्स अस्पताल के पास, साकेत नगर, भोपाल ने श्री सुभाष चन्द्रपाल आत्मज स्व. श्री कोदईपाल से उक्त सम्पत्ति फ्लेट नं. एफ–टी –3, जिसका क्षेत्रफल 459.80 वर्गफिट है, जो स्थित मनोरा होम्स, ग्राम बावडिया कलां तहसील हुजूर जिला भोपाल मध्यप्रदेश से क्रय की गई थी, जिसका उप पंजीयक कार्यालय भोपाल में पुस्तक क्र. अ–1, ग्रन्थ क्र. 15834 दस्तावेज क्र.–408 दिनांक 05.05.2000 पर पंजीबद्ध है। यह कि मेरे पक्षकार ने उक्त संपत्ति के संबंध मे किसी अन्य को संस्था, बैंक कोई ऋण, भार, दान, बंधक आदि नहीं किया है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उक्त संपत्ति की मूल रजिस्ट्री मिल जाती है तो मेरे पक्षकार व मुझे सुचित करने की कृपा की जाये।

भवदीय **यशवंत मावलीय** अधिवक्ता
कार्या.: शॉप नं.-10, आईएसबीटी परिसर, भोपाल
मो. : 9827020394, 7898940430

सौदा निरस्तीकरण
(एक किता आवासीय प्लाट क्रं. 26 ब्लॉक ई क्षेत्रफल 441.44 वर्गमीटर पटेल नगर भोपाल जो कि गंदर्भ लेण्ड एण्ड फाइनेंस (पी) लिमिटेड, द्वारा ग्राम-हताईखेड़ा एवं खजूरी खुर्द के खसरा क्र.-192/140/2 पर विकसित कालोनी मे उक्त प्लाट स्थित है)

मैं मेरे पक्षकार की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार श्री भानुप्रताप सिंह आत्मज राम शंकर सिंह आयु वयस्क निवासी–31, अहिंसा विहार कॉलोनी, तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. से उनके स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति एक किता आवासीय प्लाट क्र. 26 ब्लॉक ई क्षेत्रफल 441.44 वर्गमीटर पटेल नगर भोपाल जो कि गंदर्भ लेण्ड एण्ड फाइनेंस (पी) लिमिटेड, द्वारा ग्राम–हताईखेड़ा एवं खजूरी खुर्द के खसरा क्रमांक–192/140/2 पर विकसित कालोनी मे उक्त प्लाट स्थित है, माननीय अधिवक्ता सत्येन्द्र कोचर द्वारा दिनांक 23.09.2026 को दैनिक भास्कर में क्रय करने हेतु आम सूचना का प्रकाशन किया गया था यह कि दोनों पक्षकार की आपसी सहमति से सौदा निरस्त कर उक्त सम्पत्ति की टोकन राशि वापस कर दी है। सर्वसाधारण को सूचित हो।

दिलीप कुमार खरया (अधिवक्ता)
कार्या.: 9, 10, ज्योति सिनेमा काम्प्लेक्स, गागर मिष्ठान के ऊपर, प्रथम तल, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. मो. : 9893991953

न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त - 2, तहसील हुजूर जिला भोपाल
प्र.क्रमांक /अ-20(3)/2026-27
ग्राम- कानासैया प.ह.न.-37
तहसील हुजूर भोपाल
उदघोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला खेल ओर युवा कल्याण अधिकारी जिला भोपाल का पत्र क्रमांक 1267/ संभाग खे.यु.क./2025-26 भोपाल दिनांक 21.08.2026 द्वारा ग्राम कानासैया स्थित भूमि खसरा कमांक 685 कुल रकबा 10.0500 हे. भूमि खेल परिसर/स्टेडियम स्थापना हेतु खेल और युवा कल्याण विभाग को भूमि आवंटन मध्यप्रदेश नजूल भूमि निर्वतन निर्देश 2020 के अनुसार प्रारूप 1 में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में प्रचलित है।

अतः प्रश्नाधीन भूमि का आवंटन आवेदित संस्था के नाम पर किये जाने पर किसी भी व्यक्ति/संस्था या अनुबंधकर्ता आदि को किसी भी प्रकार की आपत्ति दिनांक 15/10/2026 को स्वयं या अधिकृत व्यक्ति / अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर समक्ष में प्रस्तुत कर सकता है। वाद-म्याद किसी भी प्रकार की आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जायेगी तथा नियमानुसार आगामी कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 01/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी की गई है।

नायब तहसीलदार
तहसील हुजूर भोपाल

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार वृत्त - 2, तहसील हुजूर जिला भोपाल
प्र.क्रमांक 0001 /अ-20 (3)/ 2026-27
ग्राम- झागरिया खुर्द प.ह.न.-45
तहसील हुजूर भोपाल
उदघोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला खेल ओर युवा कल्याण अधिकारी जिला भोपाल का पत्र क्रमांक/219/जि.खे.यु.क./2025-26 भोपाल दिनांक 03.02.2026 द्वारा ग्राम झागरिया खुर्द स्थित भूमि खसरा क्रमांक 9/2/2 एवं खसरा क्रमांक 10 भूमि खेल परिसर/स्टेडियम निर्माण हेतु खेल और युवा कल्याण विभाग को भूमि आवंटन मध्यप्रदेश नजूल भूमि निर्वतन निर्देश 2020 के अनुसार प्रारूप 1 में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में प्रचलित है।

अतः प्रश्नाधीन भूमि का आवंटन आवेदित संस्था के नाम पर किये जाने पर किसी भी व्यक्ति/संस्था या अनुबंधकर्ता आदि को किसी भी प्रकार की आपत्ति दिनांक 15/10/2026 को स्वयं या अधिकृत व्यक्ति/अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर समक्ष में प्रस्तुत कर सकता है। वाद-म्याद किसी भी प्रकार की आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जायेगी तथा नियमानुसार आगामी कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक01/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी की गई है।

नायब तहसीलदार
तहसील हुजूर भोपाल

कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल
जोन क्रं 09 वार्ड क्रं 69

सर्वसाधाराण को सूचित किया जाता है। कि जोन कार्यालय क्रं.09 नगर निगम भोपाल के निम्न वार्ड कार्यालय 69 से प्राप्त आवेदन पत्रों को आधार पर नियमानुसार शुल्क जमा कराए जाने के पश्चात उनके नाम लीज अभिलेखों में परिवर्तित किए जाना है। यदि किसी को भी इन लीज नामान्तरण पर कोई आपत्ति हो तो अभिलेखों के साथ जोन क्रं .09 नगर निगम भोपाल में 15 दिवस के अंदर प्रस्तुत कर सकते है। उक्त निर्धारित समयवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति अमान्य कर दी जावेगी।

क्रं	वार्ड क्रं	आवेदक का नाम	पूर्व स्वामी का नाम	भूखण्ड का पता	खाता नं/सम्पत्तिकर आई.डी
1	69	श्री जलील खां पुत्र श्री फत्तू खां	श्रीमती प्रभा पटेल पत्नि श्री आर.एस. पटेल	271 अशोक विहार	P006402556

सू. क्रं 843/026/027
जोनल अधिकारी
जोन क्रं.-09
नगर निगम भोपाल

कार्यालय नगर पालिक निगम, (यांत्रिकी शाखा), भोपाल
निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 192/याँ.वि./26 भोपाल, दिनांक 2/10/2026

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से आनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

क्र.	निविदा क्र.	कार्य का संक्षिप्त विवरण	अनुमानित लागत (रू.में)	निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक	समय
1.	2026_UAD_525904_2	CONST. OF DRAIN IN GALI NO. 23, IN SURYKANT WALI GALI, TAHIR BHAI TO ARHAM KIRANA GALI NO. 10, YUVRAJ KE GHAR KE PICHHE, RAMESH KUSHWAH TO LATIF NAGAR AT NARIYAL KHEDA WARD 12 ZONE 03	25,20,649/-	22-Oct-2026	05:30 PM

नोट - संशोधन केवल वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।

नि.क्र.845/026/027
कार्यपालन यंत्री (सिविल)
नगर पालिका निगम भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल
आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, रूसल्ली, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक एल.आई.जी.-99 मण्डल द्वारा श्रीमती शहाना कमर पत्नी स्व. श्री नासिर अली खान के नाम से नामांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख मण्डल द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 02/02/1994 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 23/07/2026 को पंजीकृत है। श्रीमती शहाना कमर पत्नी स्व. श्री नासिर अली खान द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती यास्मीन फरीदी पत्नी श्री एम. एम. ए. फरीदी को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 30/09/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती यास्मीन फरीदी पत्नी श्री एम. एम. ए. फरीदी के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल
आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, सुदामा नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित शेड क्रमांक- 107 मण्डल द्वारा श्री नारायण धूडकू मोरे आत्मज स्व. श्री धूडकू मोरे के नाम से नामांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय-विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 21/08/1991 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 15/09/2026 को पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति की लीज समयावधि दिनांक 31/03/2036 तक वैध है। श्री नारायण धूडकू मोरे आत्मज स्व. श्री धूडकू मोरे द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती वैशाली मैना पत्नी श्री हर्षद मैना को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 23/09/2026 को निष्पादित करा दिया है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति, प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती वैशाली मैना पत्नी श्री हर्षद मैना के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल

न्यायालय नायब तहसीलदार, नजूल शहर वृत्त, भोपाल (म.प्र.)
प्रकरण क्रमांक - 0029/अ-6/2026-27
भोपाल, दिनाँक 01/10/2026
// सार्वजनिक इश्तेहार //

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री असद खान आत्मज श्री हमीद खान निवासी सरदार वार्ड पिपरिया जिला नर्मदापुरम भोपाल द्वारा एक मंजिला मकान जो खसरा क्रमांक 1426 के अंशभाग पर होकर कुल क्षेत्रफल 1800 वर्गफिट स्थित कुतबी हाउस सिविल लाईन प्रोफेसर कालोनी भोपाल का नामांतरण किये जाने हेतु म.प्र. भू-राजस्व संहिता-1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि नामान्तरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर विज्ञप्ति / इश्तेहार प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय के पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 01/10/2026 जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
नजूल शहर वृत, भोपाल

खबर संक्षेप



उद्यमिता कार्यशाला का किया गया आयोजन

औबेदुल्लागंज। विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने के लिए समर्पित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसेवा यात्रा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर जेपी शर्मा मित्र मंडल द्वारा नारायणी उद्यमिता अभियान के अंतर्गत युवा उद्यमिता कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को नए कौशल से जोड़कर स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाना है। कार्यशाला में कृत्रिम आभूषण निर्माण, आधुनिक डिजाइन, ब्रांडिंग, पैकेजिंग, सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार एवं व्यवसाय को आगे बढ़ाने की जानकारी दी जाएगी। इस पहल के माध्यम से युवाओं को अपने हुनर को व्यवसाय में बदलने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

वर्दीधारी महिलाएं विषय पर सम्मेलन आज

भोपाल। पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआएंडडी), नई दिल्ली के सहयोग से केंद्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी (सीएपीटी), भोपाल में आज गुरुवार को 'कारागार प्रशासन में वर्दीधारी महिलाएं' विषय पर आयोजित होने जा रहे 5वें राष्ट्रीय सम्मेलन के भव्य उद्घाटन समारोह की मेजबानी कर रहा है। इस आयोजन में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, बंडी संजय कुमार मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य देश की जेल प्रणालियों में महिलाओं की प्रभावी भूमिका, उनके नेतृत्व मंथन करना है।

आरक्षक (चालक) के एक हजार पदों पर भर्ती

भोपाल। मध्य प्रदेश पुलिस में आरक्षक (चालक) के 1 हजार पदों पर सीधी भर्ती के लिए कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा भर्ती परीक्षा-2026 की नियम पुस्तिका जारी की गई है। इनमें 200 पद विशेष सशस्त्र बल और 800 पद जिला पुलिस बल के लिए निर्धारित हैं। भर्ती केवल पुरुष अभ्यर्थियों के लिए है। पुलिसिंग में वाहनों की भूमिका घटनास्थल पर त्वरित पहुंचने व सुरक्षा की है।

वरिष्ठ पत्रकार त्रिवेदी को मातृ शोक

भोपाल। वरिष्ठ पत्रकार शशिकांत त्रिवेदी की माताजी श्रीमती माधुरी त्रिवेदी का बुधवार को निधन हो गया। वे 83 वर्ष की थीं व काफी समय से अस्वस्थ थीं। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार को सुबह 11 बजे शशिकांत त्रिवेदी के निज निवास 107, ऋषि ईस्ट, ऋषिपुरम फेस-1 से सुभाष नगर विश्राम घाट के लिए प्रस्थान करेगी।



शुभांक			
कल्याणः	2716		
दिनः	370	07	124
रातः	278	72	237
तारा:			
दिनः	456	54	130
रातः	579	14	158

युवक ने पीछा किया, पर तेजी से भाग निकला बदमाश

आरिफ नगर ओवरब्रिज पर ई-रिक्शा से उतरते ही बदमाश ने झपटा मोबाइल

मोबाइल झपटकर करोंद चौराहे की तरफ भाग निकला आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



गौतम नगर थाना क्षेत्र आरिफ नगर ओवरब्रिज पर मंगलवार रात ई-रिक्शा से उतरते समय एक युवक का मोबाइल बदमाश झपटकर भाग गया। युवक ने बदमाश को पकड़ने के लिए कुछ दूर तक पीछा किया, लेकिन वह तेज रफ्तार से भागते हुए नजरों से ओझल हो गया। इसके बाद युवक ने थाने पहुंचकर शिकायत की।

पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ झपटमारी का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शारदा नगर, नारियलखेड़ा निवासी संदीप विश्वकर्मा (35) फैब्रिकेशन का काम करता है। मंगलवार रात काम खत्म करने के बाद वह ई-रिक्शा से आरिफ नगर ओवरब्रिज पहुंचा था। रात करीब साढ़े नौ बजे ई-रिक्शा से उतरते समय पीछे से आया बदमाश उसके हाथ से मोबाइल झपटकर करोंद चौराहे की तरफ भाग गया। अचानक हुई वारदात के बाद संदीप ने शोर मचाते हुए बदमाश का पीछा किया। वह कुछ दूर तक उसके पीछे दौड़ा, लेकिन बदमाश तेजी से भागते हुए नजरों से ओझल हो गया। आरोपी के भागने के बाद संदीप वापस मौके पर पहुंचा और थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दी है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने की कोशिश कर रही है। साथ ही वारदात के समय मौके पर मौजूद लोगों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी में 3 करोड़ 62 लाख की हेराफेरी करने वाला धराया

किसानों के लोन और बीमा की राशि का किया था गबन

एमपी नगर थाना पुलिस ने एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया से करीब 3.62 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

पुलिस के मुताबिक विगत 27 मार्च 2026 को दीपक पुंडलीक पाटिल ने एमपी नगर थाने में राजेश विश्वकर्मा और अन्य के खिलाफ एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया में तीन करोड़ 62 लाख 62 हजार 422 रुपए की धोखाधड़ी किए जाने की शिकायत की थी। आरोपी अकाउंट सेक्शन मन काम करता था। उसने किसानों के लोन और बीमे की रकम का गबन किया था। आरोपी ने किसानों के बैंक खातों की जगह अपने रिश्तेदारों के खातों के नंबर बदल दिए थे। जांच के बाद धोखाधड़ी का मामला सामने आने पर आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ धारा 318(4) और 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस के अनुसार अपराध दर्ज होने के बाद से ही आरोपी राजेश विश्वकर्मा (32), निवासी न्यू आरटीओ के सामने राजधानी परिसर ट्रांसपोर्ट नगर बिलखिरिया, फरार चल रहा था। उसकी तलाश में पुलिस टीम ने कई बार उसके संभावित ठिकानों और घर पर दबिश दी, लेकिन वह हाथ नहीं लगा। इसी दौरान पुलिस को आरोपी के भोपाल में होने की सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ कर धोखाधड़ी में शामिल अन्य लोगों और रकम के लेनदेन से जुड़े तथ्यों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

पहिया सिर से गुजरने के कारण मौके पर हुई टेलर की मौत

नीलबड़ में तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार बुजुर्ग को कुचला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आरोपी चालक डंपर लेकर भागा



रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित नीलबड़ में बीकानेर मिष्ठान के सामने मंगलवार शाम तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह बाइक सहित सड़क पर गिर गए। डंपर का पहिया उनके सिर से होता हुआ गुजरने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक डंपर लेकर मौके से भाग निकला। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार लक्ष्मी नारायण (62) शाहपुरा में रहते थे और टेलरिंग का काम करते थे। उनकी अधिकतर ग्राहकी देहात इलाके में थीं। वह बाइक से गांव पिपलिया खजूरी सड़क जाने के लिए निकले थे। उन्हें वहां कुछ कपड़े देने थे और कपड़े सिलाई के लेकर भी आने थे।

टक्कर लगते बाइक सहित गिर गए

मंगलवार शाम करीब साढ़े छह बजे के आसपास वह नीलबड़ स्थित बीकानेर होटल के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रहे डंपर ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह बाइक सहित सड़क पर गिर गए। सड़क की तरफ गिरने से डंपर का पहिया उनके सिर से होता हुआ गुजर गया था। इस हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

मिसरोद में शादी के तीन साल बाद ही नव विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित भैरोंपुर में मंगलवार रात नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी तीन साल पहले ही शादी हुई थी। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग डायरी एसीपी मिसरोद को सौंपी गई है।

पुलिस के अनुसार मोना दांगी पति सिद्धार्थ दांगी (23) भैरोपुर, मिसरोद में रहती थी। मूलतः विदिशा निवासी मोना की शादी सिद्धार्थ दांगी से तीन साल पहले हुई थी। सिद्धार्थ प्राइवेट काम करता है और परिवार के साथ रहता है। मंगलवार रात करीब 9 बजे मोना ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उसे फंदे से उतारकर एम्स ले गए थे। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर मोना को मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि मोना के मायके पक्ष के बयान दर्ज किए गए है। बयान में उन्होंने बेटी को प्रताड़ित करने की बात कही है।

बाइक खंती में गिरी, युवक की मौत

कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र इस्कॉन मंदिर के पास सड़क किनारे खंती में बाइक गिरने से युवक की मौत हो गई। हादसा सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात का है। मंगलवार सुबह घूमने निकले कुछ लोगों ने उसका शव खंती में देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। टायर के निशान देखने से अनुमान लगाया जा रहा है कि बाइक टर्न नहीं होने के कारण वह सीधे ही बाइक सहित खंती में जा गिरा था। पुलिस के अनुसार नितेश देशमुख (35) खेतकला में अपने जीजा रविंद्र डोंगरे के साथ रहता था। मूलतः मुलताई, जिला बैतूल के गांव का रहने वाला नितेश यहां प्राइवेट काम कर रहा था। सोमवार देर रात वह घर लौट रहा था। इस दौरान इस्कॉन मंदिर के पास उसकी बाइक खंती में जा गिरी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान पता चला कि नितेश खंती के कीचड़ में पड़ा था, जबकि बाइक उसके ऊपर थी। पहिए के निशान से पता चला कि बाइक रोड से सीधे ही खंती में जा घुसी थी।

रैगिंग पीड़ित छात्र को न्याय दिलाने आज इंजीनियरिंग कॉलेज में होगा प्रदर्शन

भोपाल। राजधानी के बिलखिरिया थाने स्थित एक एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ने वाले बीई के छात्र उदयवीर के साथ हुई रैगिंग और मारपीट के मामले में कॉलेज प्रबंधन पर मामला दर्ज नहीं होने से गुस्साएं परिजन गुरूवार को कांग्रेस नेताओं के साथ कॉलेज का घेराव कर प्रदर्शन करेंगे। छात्र के पिता करणी सेवा की राष्ट्रीय महामंत्री बलराज सिंह और कांग्रेस नेता राहुल सिंह राठौर ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन रैगिंग कांड और मामले को दबाने की कोशिश कर रहा है। कॉलेज प्रबंधन ने पुलिस से झूठ बोला कि कॉलेज में ना तो रैगिंग हुई और ना ही मारपीट जैसी घटना हुई है। जबकि छात्र उदयवीर के सिर में पांच से ज्यादा टाके आए हैं। छात्र को न्याय दिलाने की मांग की गई है।

किसानों ने बिजली कंपनी को सौंपा ज्ञापन

अघोषित बिजली कटौती और लो-वोल्टेज से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज


ज्ञापन सौंपते किसान।

औबेदुल्लागंज क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या से परेशान किसानों ने बुधवार को बिजली कंपनी पहुंचकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार किए जाने की मांग की।

किसानों का कहना है कि पंप फीडर से किसानों को निर्धारित 10 घंटे बिजली मिलनी चाहिए, लेकिन वर्तमान में कई बार केवल 5 से 6 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। इसके साथ ही लो-वोल्टेज की समस्या के कारण किसानों को सिंचाई में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में किसानों ने बिजली कटौती और वोल्टेज की समस्या का शीघ्र निराकरण करने की मांग की। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि आने वाले दिनों में समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे एनएच पर प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। किसानों ने कहा कि बिजली की अनियमित आपूर्ति का असर सिंचाई व्यवस्था और फसलों पर पड़ रहा है।

संत गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं को कैटा वी पीपल एंड मैनेजमेंट एडवाइजरी में इंटर्नशिप

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर



संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है कि कॉलेज की चार छात्राओं का चयन कैटा वी पीपल एंड मैनेजमेंट एडवाइजरी में मानव संसाधन और मार्केटिंग के विभिन्न क्षेत्रों में इंटर्नशिप के लिए हुआ है।

यह चयन छात्राओं की प्रतिभा, समर्पण और बढ़ती व्यावसायिक दक्षता को दर्शाता है। सुश्री सुभाना खान, बीबीए तृतीय वर्ष तथा सुश्री सोबिया खान, बीसीए प्रथम वर्ष का चयन एचआर इंटर्न के रूप में हुआ है, जबकि सुश्री नंदिनी साहू, बीसीए तृतीय वर्ष का चयन मार्केटिंग इंटर्न कंटेंट क्रिएशन तथा सुश्री ईशा शांगानी का चयन मार्केटिंग इंटर्न के रूप में हुआ है। यह उपलब्धि छात्राओं के प्रयासों के साथ-साथ संस्थान द्वारा अपने ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के माध्यम से विद्यार्थियों को उद्योग जगत से परिचित कराने और करियर-केंद्रित अवसर उपलब्ध कराने की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। डॉ. डालिमा पारवानी, प्राचार्य, संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज, ने चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

जरूरतमंदों के जीवन में रोशनी लाना ही सच्ची जनसेवा: पटवा

591 नेत्र रोगियों को चश्मे, 192 बुखार सर्दी जुकाम की दवाई की वितरित


अस्पताल में विधायक पटवा का स्वागत करते आयोजक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

शासकीय अस्पताल औबेदुल्लागंज में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय, भोपाल के सहयोग से सेवा संकल्प अभियान के तहत निःशुल्क नेत्र रोग परीक्षण एवं चश्मा वितरण शिविर लगाया गया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के साथ लोगों को नेत्र संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर में नागरिकों की निःशुल्क नेत्र जांच की गई तथा जांच के बाद मरीजों को निःशुल्क चश्मों का वितरण किया गया। साथ ही स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की भी जांच की गई।

इस अवसर पर विधायक सुरेंद्र पटवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प के अनुरूप पीड़ित, दीन-दुखियों और जरूरतमंद लोगों की सेवा के उद्देश्य से मंडीदीप, औबेदुल्लागंज और सुल्तानपुर में स्वास्थ्य शिविर लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसी जरूरतमंद के जीवन में रोशनी लाना ही सच्ची जनसेवा है। विधायक पटवा ने नेत्र रोगियों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए तथा जरूरतमंद लोगों को आवश्यक सामग्री भी प्रदान की। शिविर से बड़ी संख्या में लोगों को नेत्र जांच, आवश्यक परामर्श और चश्मे की सुविधा मिली। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अशोक यादव, डॉ. भूपेंद्र नागर, नरेंद्र शर्मा, देवेंद्र सिंह राजू, माधव यादव, गजेंद्र नागर, दीपू परमार, राहुल प्रजापति मनोज चौरसिया जीतू नंदवंशी , नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, आरती यादव, एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, तहसीलदार निलेश सरवटे, बीएमओ डॉ. धर्मेंद्र गौर सहित शासकीय अस्पताल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

वार्ड 1 में निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण

ठेकेदार को सड़क गुणवत्ता के लिए सीएमओ ने दिए निर्देश


सड़क का निरीक्षण करतीं सीएमओ किरण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

बुधवार को नगर परिषद सीएमओ किरण रेहंगडाले ने मंगलवार को वार्ड 1 में पहुंचकर निर्माणाधीन सड़क का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण की गुणवत्ता और मौके की स्थिति का जायजा लिया गया।

सीएमओ ने सड़क निर्माण में आवश्यक सुधार करने के निर्देश संबंधित ठेकेदार को दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए तथा सड़क का कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप किया जाए। सीएमओ ने संबंधित अधिकारियों को भी निर्माण कार्य की निगरानी करने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय स्तर पर सड़क की स्थिति और आवश्यक सुधार कार्यों को लेकर भी जानकारी ली गई।

पढ़ाई, परीक्षा, पारिवारिक अपेक्षाओं के दबाव से निपटने के बताए तरीके


कार्यशाला में तनाव से निपटने की जानकारी देते विशेषज्ञ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

अच्छे अंक और परीक्षा में सफलता का दबाव, परिवार की अपेक्षाएं और दूसरों से तुलना विद्यार्थियों में तनाव बढ़ा सकती है। इसे नजरअंदाज करने के बजाय समय रहते कारण पहचानकर प्रबंधन करना जरूरी है। इसी संदेश के साथ राजा भोज शासकीय महाविद्यालय में बुधवार को तनाव प्रबंधन कार्यशाला हुई। इसमें करीब 70 विद्यार्थी और 15 शिक्षक शामिल हुए। विद्यार्थियों को तनावपूर्ण परिस्थितियों से निपटने के व्यावहारिक तरीके बताए गए।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता लायन संदीप खंडेलवाल ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए समय के दबाव, पढ़ाई और परिणाम की चिंता, पारिवारिक अपेक्षाओं तथा आपसी तुलना से होने वाले मानसिक दबाव पर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों से तनाव के कारणों को पहचानने और परेशानी होने पर अकेले रहने के बजाय सकारात्मक तरीके से समाधान तलाशने की बात कही।

विद्यार्थियों की परेशानी समझें शिक्षकः प्राचार्य

प्राचार्य डॉ. संतोष भदौरिया ने दैनिक जीवन के उदाहरणों से तनाव से निपटने के तरीके बताए। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों के साथ सहज व्यवहार रखने और उनकी परिस्थितियों को समझने की अपील की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की परेशानी को केवल पढ़ाई या परिणाम से जोड़कर नहीं देखना चाहिए, बल्कि उनके व्यवहार और परिस्थितियों को समझकर सहयोग करना भी जरूरी है। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने तनाव से जुड़े विषयों पर संवाद किया। सक्रिय सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया। आयोजन में सहयोग के लिए प्राचार्य डॉ. संतोष भदौरिया, संतोष कुमार वर्मा और डॉ. कृष्णा राय चौहान को लायंस क्लब भोपाल फ्रेंड्स की ओर से स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। लायन जीआर गांधी और लायन गोविंद शर्मा उपस्थित रहे।

ब्रीदिंग और व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करें

कार्यशाला में तनाव कम करने के लिए बॉक्स ब्रीदिंग, ध्यान और नियमित व्यायाम को दिनचर्या का हिस्सा बनाने की सलाह दी गई। पर्याप्त नींद और संतुलित आहार के साथ संगीत सुनने तथा कुछ समय बाहर बिताने के फायदे भी बताए गए। पढ़ाई के बीच छोटे अंतराल रखने और मोबाइल व सामाजिक माध्यमों के अनावश्यक उपयोग को सीमित करने पर जोर दिया गया।

नाम परिवर्तन के लिए जनता ने किया प्रदर्शन, चक्काजाम


चक्काजाम करते युवक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

औबेदुल्लागंज का नाम परिवर्तन करने के लिए नगर के लोगों ने चक्काजाम किया। नगर की जनता औबेदुल्लागंज नाम पसंद नहीं करती है। राहुल राजपूत ने बताया कि औबेदुल्लागंज नाम थोपा गया है। नाम परिवर्तन के लिए आवेदन निवेदन किया जा चुका है, परंतु 2 वर्ष बीतने के बाद अभी तक नगर का नाम परिवर्तन नहीं हुआ है। ज्ञात हो कि नगर परिषद औबेदुल्लागंज का नाम परिवर्तन कर करने के लिए प्रस्ताव पास कर चुकी है। जनता ने नगर में स्थाई गोशाला की मांग की। इस मौके पर राहुल राजपूत, वचन लोधी, रॉबिन अग्रवाल, चिराग शर्मा, शिवराज धाकड़, अभिषेक सेन, माकन यादव, मुकेश जोशी, चीकू पंडित, गंभीर राजपूत, कमलेश राजपूत, रितिक राजपूत, सुरेश मेहरा, कमलेश मेघानी, मोहित मेघानी आदि उपस्थित रहे।

दीप यज्ञ के साथ महिलाओं को नियमित गतिविधियों से जोड़ने की योजना

इंदिरा एकादशी पर दो नए महिला मंडल गठित हर एकादशी पर सत्संग-भजन का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप


आयोजन में शामिल श्रद्धालु।

पटेल नगर में इंदिरा एकादशी पर गायत्री परिवार की ओर से दीप यज्ञ एवं भजन संध्या आयोजित की गई। इस दौरान दो नए महिला मंडलों का गठन किया गया। दोनों मंडलों ने हर एकादशी सत्संग और भजन आयोजित करने का संकल्प लिया। मंडलों के माध्यम से महिलाओं को गायत्री परिवार की गतिविधियों से जोड़ने के साथ नारी जागरण और संस्कार से जुड़े कार्यक्रम कराने की योजना है।

यज्ञाचार्य माधुरी खादीपुरे ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दीप यज्ञ कराया। श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर परिवार, राष्ट्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं सद्बुद्धि की कामना की। आयोजन का उद्देश्य परिवार और समाज में सद्विचार व संस्कारों का प्रसार तथा महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना रहा। महिला मंडल संगठन प्रभारी रचना सिंह के सहयोग से जय शीतला माता गायत्री महिला मंडल और जागृति महिला मंडल का गठन किया गया। जय शीतला माता मंडल की संचालिका आशा राजपूत और जागृति महिला मंडल की संचालिका रेखा दुबे रहेंगी।

दीप यज्ञ के बाद हुए भजन

चेतना केंद्र के व्यवस्थापक एवं समन्वयक धीरज मणि ने बताया कि दीप यज्ञ के बाद भजन संध्या हुई। कार्यक्रम के दौरान स्व. गोकुल राजपूत दरबार की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में नव विस्तार गायत्री चेतना केंद्र के यतीश गुप्ता, धीरज मणि, भोपाल जिला समिति के हरीश केथुनिया, सतलापुर महिला मंडल की संचालिका विमला मालवीय, शिव शक्ति महिला मंडल की संचालिका किरण वर्मा और शीतल सिटी महिला मंडल की संचालिका सुमन वर्मा सहित गायत्री परिवार के परिजन मौजूद रहे।

थाईलैंड की यूनेस्को धरोहर 'खोन' में दिखेगा 'राम-रावण युद्ध' तो मॉस्को के कलाकार करेंगे 'सीता स्वयंवर' का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सात दिवस, सात से अधिक नृत्य शैलियां, सौ से अधिक कलाकारों की प्रस्तुतियों से सजेगा 'अंतरराष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव'

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला सुप्रतिष्ठित 'अंतरराष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव' इस वर्ष भी 12 से 18 अक्टूबर तक रवींद्र भवन में आयोजित किया जा रहा है। श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास, मप्र शासन, संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित इस उत्सव की प्रेस वार्ता बुधवार को आयोजित की गई, जिसमें जानकारी देते हुए संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव का शुभारंभ 12 अक्टूबर को शाम 7 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में होगा। वहीं संचालक, संस्कृति एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास, एन.पी. नामदेव ने बताया कि सात दिवस, सात से अधिक नृत्य शैलियां, सौ से अधिक कलाकार इस महोत्सव में प्रस्तुति देंगे।


थाईलैंड की रामायण खोन में अभिनय करते थाई कलाकार। (फाइल)



इन प्रस्तुतियों से सजेगा महोत्सव

- अक्टूबर को जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादमी, इंफाल, मणिपुर के कलाकारों द्वारा मणिपुरी नृत्य शैली में नारद मोह, श्रीराम जन्म, विद्या अभ्यास एवं ताड़का वध प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद रात 9 बजे से हृदय बैंड, भोपाल द्वारा भजन जैमिंग की प्रस्तुति होगी।
- अक्टूबर को सत्रिया केंद्र, गुवाहाटी, असम के कलाकारों द्वारा सत्रिया नृत्य शैली में अहल्या उद्धार व लक्ष्मण-परशुराम संवाद प्रस्तुत किया जाएगा।
- अक्टूबर को पूर्वरंग में चंडूला कृष्णैया बुंदम, तेलंगाना द्वारा चंडू भागवतम में सीताहरण, श्रीराम-सुग्रीव मिलन, सुग्रीव-हनुमान संवाद एवं लंका दहन के प्रसंग प्रस्तुत किए जाएंगे।
- अक्टूबर को पूर्वरंग में रामाकेन दल, थाईलैंड द्वारा 'खोन' नृत्य शैली, जो यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर है, में राम रावण युद्ध की प्रस्तुति। इसके बाद कुटियाट्टम केंद्र, तिरुवनंतपुरम, केरल के कलाकारों द्वारा कुटियाट्टम नृत्य शैली की प्रस्तुति।
- अक्टूबर को पूर्वरंग में विभूति श्रीनिवास राजू चंडू यक्षगान बुंधम, आंध्रप्रदेश द्वारा यक्षगान शैली में महर्षि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा, सीता स्वयंवर, श्रीराम वनवास एवं श्रीराम-रावण युद्ध की प्रस्तुति होगी।
- अक्टूबर को छठे दिन पूर्वरंग में पद्मश्री गेनादी पेचनीकोव स्मृति दिशा रामलीला, मॉस्को, रूस के कलाकारों द्वारा सीता स्वयंवर, श्रीराम का अयोध्या में स्वागत, सीता हरण, लंका में सीता एवं श्रीराम-रावण युद्ध की प्रस्तुति होगी।
- सातों दिन 'कौशलेय की वन गमन गाथा' में युवा कथाकारों के स्टोरीटेलिंग सत्र का आयोजन होगा।


सीता स्वयंवर में प्रस्तुति देते रशियन कलाकार। (फाइल)

14वें करुणेश नाट्य समारोह के पहले दिन नाटक 'मजनू अनाउंसमेंट' का मंचन

टेंट हाउस की नौकरी, मुनादियों की आवाज और फिल्मी अंदाज में लिखा एक उपन्यास...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुनादी करने वाले मजनूं की अपनी कहानी भी थी, मगर उसके हिस्से में नहीं आई कोई मुनादी.... टेंट हाउस की नौकरी, मुनादियों की आवाज और फिल्मी अंदाज में लिखा एक उपन्यास... इन सबके बीच बुनी गई एक ऐसी कहानी, जिसमें जिंदगी का दर्द भी है और विडंबना भी। प्रेमचंद परंपरा के कहानीकार तारा पांचाल की कहानी 'मुनादियों के पीछे' का नाट्य रूपांतरण 'मजनू अनाउंसमेंट' इसी दर्द और विडंबना को मंच पर बेहद अनूठे अंदाज में कुलदीप कुणाल सामने लाते हैं। राइजिंग सोसायटी ऑफ आर्ट एंड कल्चर सोसायटी के 14वें करुणेश नाट्य समारोह के पहले दिन रवींद्र भवन में मंचित इस नाटक में मजनू की वास्तविक जिंदगी और उसके द्वारा लिखे फिल्मी उपन्यास की कहानी समानांतर चलती है।


मुनादी करते आर्टिस्ट


नाटक मजनू अनाउंसमेंट में अभिनय करते कलाकार।

जब मंच पर चलती हैं एक साथ दो कहानियां...



50 से 60 के दशक का एक पात्र है मजनू, जो एक टेंट हाउस में काम करने के साथ मुनादियों का काम करता है, साथ ही फिल्मी अंदाज में नॉवेल लिखता है। जिसमें एक पात्र है हीरो, हीरो का एक दोस्त है हामिद। मजनूं अपनी कहानी पांचाल बाबू को पढ़ने को देता है इस उम्मीद से कि उसने कैसा लिखा है। पांचाल बाबू पढ़ते हैं और वहीं नाटक की शक्ल में मंच पर आता है। नाटक में दो कहानी एक साथ चलती हैं। एक मजनूं की स्वयं की जिंदगी पर और दूसरी वो जो उसने नॉवेल में लिखी है। नॉवेल की कहानी चुटीले अंदाज में चलती है, जबकि मजनूं के जीवन की कहानी में दर्द और पीड़ा सामने लाती है।


मुनादी का एक अंदाज यह भी।


नाटक की प्रस्तुति का एक दृश्य।

सेव वाइल्ड लाइफ के संदेश से सजे चेहरे...

टॉडलर वॉक और फेस पेंटिंग से हुआ वन्यजीव सप्ताह का समापन





हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में वन्यजीव सप्ताह-2026 का समापन बुधवार को हुआ। इस अवसर पर 'मध्यप्रदेश के वन्यजीव' थीम पर टॉडलर वॉक आयोजित की गई,

- टॉडलर वॉक में 13 बच्चों ने तो फेस पेंटिंग में 140 कॉलेज छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

जिसमें 13 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के लिए इसी थीम पर फेस पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें 140 प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता के रंगों से वन्यजीवों के प्रति प्रेम और संरक्षण का संदेश दिया।

फेस पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने सेव वाइल्ड लाइफ, सेव टाइगर, सेव इन्वायरमेंट जैसे संदेश दिए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को प्रकृति के साथ वन्यजीवों के प्रति सदैव संवेदनशील बनाने का संकल्प दिलया गया।

ये रहे विजेता

टॉडलर वॉक
प्रथम-पर्णिका डोंगरे
द्वितीय-अरना मुंगी

फेस पेंटिंग
प्रथम-पवन बर्मन
द्वितीय-धारू सावले।



राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान-26 अभिनेता रघुवीर यादव को



भोपाल। मप्र शासन, संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन खंडवा के सहयोग से हरफनमौला कलाकार किशोर कुमार की पुण्य स्मृति में उनकी जन्मस्थली खंडवा स्थित पुलिस ग्राउण्ड में दो दिवसीय 'राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान अलंकरण समारोह एवं गीत-संगीत संध्या' का आयोजन किया जा रहा है। संचालक, संस्कृति एनपी नामदेव ने बताया कि राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान-26 अभिनेता रघुवीर यादव को प्रदान किया जाएगा। इस वर्ष दो दिवसीय आयोजन में पहले दिन 12 अक्टूबर को सायं 7 बजे से 'ये शाम मस्तानी' गीत-संगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति होगी। दूसरे दिवस 13 अक्टूबर को किशोर कुमार की पुण्य स्मृति के अवसर पर किशोर कुमार सम्मान अलंकरण समारोह एवं गीत-संगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें गायक सुदेश भोंसले एवं साथी, मुंबई की गीत-संगीत प्रस्तुति होगी।

वूमंस पॉलिटेक्निक में इनोवेशन बूट कैंप शुरू

आइडिया से इनोवेशन और इनोवेशन से स्टार्टअप तक का सफर....

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एक आइडिया कितना बड़ा बदलाव ला सकता है और उसे बाजार की जरूरत के मुताबिक उपयोगी उत्पाद या सेवा में कैसे बदला जा सकता है, इसी सोच को उड़ान देने के लिए वूमंस पॉलिटेक्निक कॉलेज में दो दिवसीय स्टार्टअप एवं इनोवेशन बूट कैंप शुरू हुआ। भोपाल इन्क्यूबेशन फाउंडेशन (इन्क्यूबेशन सेंटर) द्वारा आयोजित बूट कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों और स्टार्टअप व नवाचार में रुचि रखने वाले प्रतिभागियों को उनके नए विचारों को व्यवहारिक और बाजार उपयोगी उत्पाद या सेवा में बदलने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण देना है। दो दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में आइडिएशन, इनोवेशन, प्रोटोटाइप निर्माण, मार्केट वैलिडेशन और बिजनेस मॉडल कैनवस जैसे स्टार्टअप के महत्वपूर्ण पड़ावों को विशेषज्ञों के माध्यम से समझाया जा रहा है।





'पिच डेस्क' से समझा आइडिया को स्टार्टअप में बदलने का तरीका

पहले सत्र में 'पिच डेस्क' विषय पर आयोजित विशेष सत्र में कृति जैन, इन्क्यूबेशन मैनेजर, अटल इन्क्यूबेशन सेंटर ने लिया। उन्होंने बेहद सहज और रोचक अंदाज में विद्यार्थियों को समझाया कि किसी आइडिया पर काम करने की शुरूआत कहां से की जाए और उसे विकसित करते हुए किस तरह इनोवेटिव आइडिया और आगे चलकर स्टार्टअप का रूप दिया जा सकता है।

संवाददाता की दृष्टि कैसी है, इसका प्रभाव उसके समाचार के माध्यम से समाज पर पड़ता है : दांगी

मामाजी माणिकचंद्र वाजपेयी की 107वीं जयंती प्रसंग पर विश्व संवाद केंद्र में विशेष व्याख्यान



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मामाजी माणिकचंद्र वाजपेयी की 107वीं जयंती पर विश्व संवाद केंद्र, की ओर से बुधवार को विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें मुख्य वक्ता माधव सिंह दांगी ने मामाजी की पत्रकारिता को याद करते हुए राष्ट्रहित और पत्रकारिता विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। दांगी ने कहा कि संवाददाता की दृष्टि कैसी है, इसका प्रभाव उसके द्वारा बनाए समाचार के माध्यम से समाज पर पड़ता है। समाचार लिखते समय एक पत्रकार को यह याद रखना चाहिए कि उस समाचार का प्रभाव समाज और राष्ट्र पर क्या पड़ेगा। अगर पत्रकार की कोई विचारधारा है तो उसकी छाप समाचार पर नहीं होनी चाहिए। किसी घटना को लेकर उसे अपने विचारों की अभिव्यक्ति करनी है तो वह लेख लिखे, विश्लेषण करे।

पत्रकारिता के श्रेष्ठ मानक किए स्थापित

कार्यक्रम के अध्यक्ष लाजपत आहूजा ने कहा कि मामाजी ने किसी संस्थान से पत्रकारिता की पढ़ाई नहीं की थी, लेकिन उन्होंने अपनी पत्रकारिता के माध्यम से श्रेष्ठ मानक स्थापित किए। एक बार कांग्रेस के एक नेता के नर्स के साथ आपत्तिजनक फ्रोटो सामने आए। पत्रकार ने उस पर एक समाचार भी तैयार किया। लेकिन मामाजी ने उस समाचार और उन फ्रोटो को प्रकाशित होने से रोक दिया। उन्होंने कहा कि जब हमारा समाचार पत्र परिवारों में पहुंचेगा तो वहां इसका अच्छा प्रभाव नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि आपातकाल में मामाजी को गिरफ्तार करके जेल में डाल दिया गया था।

कुशल मानव संसाधन तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य करता ग्लोबल स्किल पार्क

मावे द्वारा पलाश में 'एक्सेस टू बिजनेस फाइनेंस' विषय पर कार्यशाला का आयोजन



भोपाल । किसी भी उद्योग की सफलता में प्रशिक्षित और कुशल मैनपावर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ग्लोबल स्किल पार्क उद्योगों की जरूरत के अनुरूप कुशल मानव संसाधन तैयार करने की दिशा में कार्य कर रहा है, जिससे उद्यमियों को अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद मिल सके। उद्योगों के लिए कुशल मानव संसाधन की आवश्यकता पर जोर देते हुए उपरोक्त कथन कहे आईएएस सीईओ मप्र स्किल डेवलपमेंट बोर्ड एवं ग्लोबल स्किल पार्क अदिति गर्ग का, जो बुधवार को होटल पलाश में मप्र एसोसिएशन ऑफ वुमेन एंटरप्रेन्योर्स (मावे) द्वारा 'एक्सेस टू बिजनेस फाइनेंस' विषय पर आयोजित कार्यशाला में बोल रही थीं।

पैनल डिस्कशन में खुली फंडिंग की राह

कार्यशाला का प्रमुख आकर्षण मावे की चेयरपर्सन एवं फाउंडर प्रेसिडेंट डॉ. अर्चना भटनागर के साथ आयोजित पैनल डिस्कशन रहा। इसमें महिला उद्यमियों और स्टार्टअप्स के सामने आने वाली वित्तीय चुनौतियों, बिजनेस लोन, फंडिंग प्राप्त करने की प्रक्रिया के साथ बेहतर वित्तीय योजना पर सार्थक चर्चा हुई।

एमसीयू में टेड टॉक के दूसरे दिन संवाद

टेलिकम्युनिकेशन से सुदूर गांवों में भी बेहतर इलाज संभव...



भोपाल। आज कम्युनिकेशन के माध्यम से अब चिकित्सा जगत कई चमत्कार कर रहा है। गांवों और कस्बों में भी अच्छे चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध हैं। शहर में बैठे-बैठे रोबोटिक सर्जन अपनी गांवों तक विशेषज्ञता का लाभ दे रहे हैं। यह सब संभव हो पा रहा है टेलिकम्युनिकेशन तकनीक से। एमसीयू में आयोजित टेड टॉक में बुधवार के सत्र की विशेषज्ञ डॉ. प्रिया भावे चित्तावर ने ये बातें कहीं। डॉ भावे ने अपने उद्बोधन में कई दिलचस्प जानकारी साझा की। वहीं, दूसरे सत्र में प्रोफेसर दिवाकर शुक्ला ने इंडियन आर्ट ऑफ स्टोरी टेलिंग पर कहा कि कहानी को कहने में बहुत से ज्ञान की आवश्यकता नहीं होती। भारत में स्टोरी टेलिंग के हजारों तरीके हैं। हम भारतीय कहानियों को अपने जीवन में जीते हैं। ये कहानियां कभी खत्म नहीं होती।

क्लब लिटराटी के 'स्काई इज अलाइव एंड वेटिंग' बुक डिस्कसन में हुई डॉ. सिन्हा की कविताओं पर चर्चा

दर्द की गहराई तब और महसूस हुई, जब अपने ही परिजन को गंभीर बीमारी में खो दिया....

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शासकीय चिकित्सा सेवा के दौरान लोगों के दर्द को सुना, देखा और इलाज के महसूस किया। दर्द की गहराई तब और महसूस हुई जब अपने परिजन को एक गंभीर बीमारी में खो दिया। दर्द से गुजरते हुए पीड़ा ने शब्दों का रूप लिया और अंग्रेजी की कविता संग्रह 'स्काई इज अलाइव एंड वेटिंग' का सृजन हुआ।

यह बात डॉ वीणा सिन्हा ने बुधवार शाम क्लब लिटराटी द्वारा अरेरा क्लब में बुक डिस्कसन में रिटायर्ड आईपीएस एवं मॉडरेटर अरुणा एम राव के एक सवाल के जवाब में कही।



सवाल पूछतीं रिटायर्ड आईपीएस एवं मॉडरेटर अरुणा एम राव और जवाब देतीं डॉ. वीणा सिन्हा।

मुक्त छंद की सहज और प्रवाहपूर्ण शैली में रचा गया काव्य संग्रह



आईपीएस अरुणा एम राव ने कहा कि यह काव्य संग्रह मुक्त छंद की सहज और प्रवाहपूर्ण शैली में रचा गया है। प्रकृति, स्मृति, आत्मचिंतन और मानवीय अस्तित्व से जुड़े व्यापक प्रश्नों के बीच सहजता से विचरण करता है। सीमा रायजादा ने कहा कई बार बीत चुके क्षण भी अपनी स्मृतियों के रूप में हमारे भीतर लंबे समय तक जीवित रहते हैं। डॉ. सिन्हा की कविताओं में यही स्मृतियां और जीवनानुभव सशक्त रूप में नजर आता है।

वाग्वर्धिनी सभा में छात्रों ने दिए विद्वत्तापूर्ण व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्रीय संस्कृत विवि में वाग्वर्धिनी सभा का आयोजन किया गया। इसमें दर्शनशास्त्र विद्याशाखा के दस से अधिक छात्रों ने विभिन्न दार्शनिक एवं शास्त्रीय विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किए। परिसर निदेशक आचार्य हंसधर झा ने विद्यार्थियों को वाक-कौशल और अभिव्यक्ति क्षमता विकसित करने के लिए ऐसे बौद्धिक आयोजनों में निरंतर सहभागिता की प्रेरणा दी। वहीं वेदान्तशास्त्र के मर्मज्ञ श्रीनरसिंहुलु ने विविध दर्शनों में आत्मतत्त्व का स्वरूप विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिया।



मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए, हम क्या आहार ले रहे हैं, इसकी गुणवत्ता पोषण पर भी ध्यान देना जरूरी है। जानिए ऐसी डाइट के बारे में, जिससे आप रहेंगे मेंटली हेल्दी।

वर्ल्ड मेंटल हेल्थ-डे
10 अक्टूबर, स्पेशल

तन ही नहीं मन पर भी पड़ता है डाइट का असर

डाइट सजेशन
संध्या रानी



हम जो भी भोजन खाते हैं, उसका असर केवल हमारे शरीर पर ही नहीं, बल्कि हमारे मस्तिष्क और मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। संतुलित और पौष्टिक भोजन शरीर को ऊर्जा देने के साथ-साथ मस्तिष्क के सामान्य काम-काज, अच्छी नींद और मूड को अच्छा बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट: भोजन में ओट्स, ब्राउन राइस, ज्वार, बाजरा और साबुत अनाज जैसे कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट शामिल करने से इनका पाचन धीरे-धीरे होता है और रक्त में ग्लूकोज का स्तर अपेक्षाकृत स्थिर बना रहता है। रक्त शर्करा का स्तर अचानक कम होने पर चिड़चिड़ापन और घबराहट जैसी भावनाएं बढ़ सकती हैं। इसके विपरीत, स्थिर ग्लूकोज स्तर शरीर को लगातार ऊर्जा देने में मदद करता है। साथ ही, कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन सेरोटोनिन के निर्माण की प्रक्रिया में भी भूमिका निभा सकता है। सेरोटोनिन फील-गुड हार्मोन है, जो मूड तथा भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



प्रोबायोटिक-फर्मेंटेड फूड्स: पारंपरिक भारतीय खाद्य पदार्थ जैसे दही, इडली, डोसा, अचार और छाछ प्रोबायोटिक्स से भरपूर होते हैं। आंतों में मौजूद अच्छे जीवाणु लगभग 90 प्रतिशत सेरोटोनिन नामक यौगिक के उत्पादन में योगदान देते हैं। जब आंतों का सूक्ष्मजीव समुदाय संतुलित रहता है, तो यह तनाव, चिंता और मानसिक थकान जैसे लक्षणों को बेहतर ढंग से संभालने में शरीर का सहयोग कर सकता है।

ओमेगा-3 फैटी एसिड: मछली में पाया जाने वाला ओमेगा-3 फैटी एसिड मस्तिष्क की कोशिकाओं की झिल्ली की संरचना और उनके सामान्य कामकाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शरीर में ओमेगा-3 की कम मात्रा और डिप्रेशन के लक्षणों के बीच संबंध देखा गया है। इसलिए आहार में पर्याप्त मात्रा में ओमेगा-3 शामिल करना मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी उपयोगी हो सकता है। शाकाहारी लोग अखरोट, अलसी के बीज और चिया सीड्स से ओमेगा-3 प्राप्त कर सकते हैं।

ट्रिप्टोफैन युक्त फूड्स: अंडे, दूध, पनीर, केला और कद्दू के बीज जैसे खाद्य पदार्थों में ट्रिप्टोफैन (अमीनो एसिड) पाया जाता है। ट्रिप्टोफैन शरीर में सेरोटोनिन के निर्माण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यदि रात के भोजन में ट्रिप्टोफैन युक्त खाद्य पदार्थों को संतुलित मात्रा में शामिल किया जाए, तो वे अच्छी नींद और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। मैग्नीशियम की कमी से मांसपेशियों में जकड़न, थकान और घबराहट जैसी समस्याएं हो सकती हैं। मेथी, पालक, कद्दू के बीज, बादाम और डार्क चॉकलेट जैसे मैग्नीशियम से भरपूर खाद्य पदार्थ शरीर को मैग्नीशियम की आवश्यक मात्रा प्राप्त करने में मदद करते हैं। मैग्नीशियम तंत्रिका तंत्र के सामान्य कामकाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और तनाव से जुड़ी शरीर की प्रक्रियाओं को संतुलित रखने में भी सहायक हो सकता है।

विटामिन डी: अंडे की जर्दी, मशरूम और फोर्टिफाइड दूध विटामिन डी के अच्छे स्रोत हैं। विटामिन डी की कमी मौसमी तनाव और लगातार उदासी की भावना से जुड़ी हो सकती है। सुबह की धूप के साथ-साथ इन खाद्य पदार्थों को आहार में शामिल करना विटामिन डी की पूर्ति के लिए एक अच्छा विकल्प है।

एंटीऑक्सीडेंट युक्त फल-सब्जियां: नियमित रूप से अपने भोजन में रंग-बिरंगे फल और सब्जियों को शामिल करना मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक स्थिरता बनाए रखने में मददगार साबित हो सकता है। जामुन, संतरा, अनार, टमाटर और शिमला मिर्च जैसे रंगीन फल और सब्जियां एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं। ये शरीर में ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करने और मस्तिष्क की कोशिकाओं की रक्षा करने में मदद करते हैं। ये विटामिन मस्तिष्क को स्वस्थ बनाए रखने में सहायक हैं। *

(डाइटिशियन डॉ. अंशु चौहान से बातचीत पर आधारित)

पूरी तरह हेल्दी रहने के लिए केवल शारीरिक ही नहीं मानसिक तौर पर भी स्वस्थ रहना जरूरी होता है। आज के तनावपूर्ण और भागदौड़ भरी जीवनशैली में अनेक लोग चिंता, अवसाद और तनाव जैसी मानसिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं। ऐसे में यह जानना बहुत जरूरी है कि इन समस्याओं के कारण क्या हैं, इनकी पहचान कैसे होती है और इनका उपचार कैसे कर सकते हैं?

फिजिकल की तरह ही इंपॉर्टेंट है मेंटल हेल्थ

डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. अपर्णा रामकृष्णन
सीनियर साइकिएट्रिस्ट
कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में तनाव, चिंता और भावनात्मक थकान बहुत कॉमन हो गए हैं। काम का दबाव, पढ़ाई से जुड़ी जिम्मेदारियां, आर्थिक चिंताएं, रिश्तों में कठिनाइयां, नींद की कमी और लगातार डिजिटल दुनिया से जुड़े रहना धीरे-धीरे व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। कभी-कभार होने वाला तनाव कठिन परिस्थितियों के प्रति शरीर और मन की सामान्य प्रतिक्रिया है, लेकिन यदि भावनात्मक परेशानी लगातार बनी रहे तो उसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

तनाव जीवन का एक स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन जब यह लगातार बना रहे और व्यक्ति की नींद, भूख, एकाग्रता, रिश्तों या काम और दैनिक जीवन में सामान्य रूप से कार्य करने की क्षमता को प्रभावित करने लगे, तो डॉक्टर से कंसल्ट करने की आवश्यकता हो सकती है।

अपनाएं बैलेंस्ड लाइफस्टाइल

अच्छे मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए पहला कदम स्वस्थ दैनिक आदतें विकसित करना है। नियमित समय पर सोना-जागना, शारीरिक रूप से सक्रिय रहना, संतुलित भोजन करना, पर्याप्त आराम करना और अपने शौक के लिए समय निकालना भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में मदद कर सकता है। परिवार और दोस्तों के संपर्क में रहना तथा अपनी भावनाओं के बारे में खुलकर बातचीत करना अकेलेपन की भावना को भी कम कर सकता है। यह पहचानना भी बहुत जरूरी है कि रोजमर्रा का तनाव कहीं गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्या का रूप तो नहीं ले रहा है।

हार्मफुल है अधिक चिंता करना

चिंता का असर मन और शरीर दोनों पर पड़ सकता है। लगातार चिंता करते रहना, बेचैनी, चिड़चिड़ापन, ध्यान लगाने में परेशानी, नींद खराब होना तथा लगातार डर या घबराहट महसूस होना रोजमर्रा की जिंदगी में बाधा डाल सकता है।

कुछ लोगों में इसके शारीरिक लक्षण भी दिखाई दे सकते हैं, जैसे- दिल की धड़कन तेज होना, अधिक पसीना आना, मांसपेशियों में तनाव या थकान, मुंह का सूखना, सीने में जकड़न, गला घुटने जैसा महसूस होना, ऐसा लगना कि ठीक से सांस नहीं ले पा रहे हैं।



हालांकि हर बार चिंता या घबराहट होना एंग्जाइटी डिसऑर्डर (चिंता संबंधी विकार) का संकेत नहीं होता। लेकिन जब चिंता बार-बार होने लगे, बहुत ज्यादा बढ़ जाए, व्यक्ति को काफी मानसिक परेशानी देने लगे या उसके काम, पढ़ाई, रिश्तों अथवा दैनिक गतिविधियों को प्रभावित करने लगे, तो किसी योग्य मनोचिकित्सक या क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट से जांच/सलाह लेना महत्वपूर्ण है।

डिप्रेशन को समझना है जरूरी

आज के दौर में डिप्रेशन (अवसाद) एक सामान्य मानसिक स्वास्थ्य समस्या बनती जा रही है, जिसे कई बार पहचाना नहीं जा पाता। यह केवल कुछ समय के लिए उदास रहने या किसी काम को करने की इच्छा न होने तक सीमित नहीं होता है। डिप्रेशन व्यक्ति के सोचने और महसूस करने के तरीके को प्रभावित कर सकता है। वह अपने बारे में, अपने आस-पास की परिस्थितियों के बारे में और अपने भविष्य के बारे में किस तरह सोचता है। इसका असर नींद, काम और दूसरे लोगों के साथ बातचीत पर भी पड़ सकता है।

डिप्रेशन के प्रमुख लक्षण

डिप्रेशन के प्रमुख लक्षणों में शामिल हैं-दिन के अधिकांश समय उदासी या खालीपन महसूस होना। उन गतिविधियों में रुचि या आनंद कम हो जाना, जिनमें पहले खुशी मिलती थी। ऊर्जा की कमी महसूस होना। लोगों से बातचीत करने में रुचि कम होना। नींद या भूख में बदलाव होना। ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई महसूस होना। अपराधबोध या खुद को बेकार समझना। निराशा और असहायता की भावना। मृत्यु की इच्छा या आत्महत्या के विचार आना। इनके अलावा कुछ लोग परिवार और दोस्तों से दूरी बनाने लगते हैं या उन गतिविधियों को करना बंद कर देते हैं, जिनका वे पहले आनंद लेते थे। डिप्रेशन कभी-कभी बिना किसी स्पष्ट कारण के शरीर में दर्द, जल्दी चिड़चिड़ापन या नशीले पदार्थों के सेवन में बढ़ोतरी के रूप में भी दिखाई दे सकता है।

डिप्रेशन का ट्रीटमेंट

डिप्रेशन को केवल एक दौर या ऐसी चीज समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, जिसे व्यक्ति बस अपनी इच्छा से ठीक कर सकता है। जब लक्षण लगातार बने रहें और दैनिक जीवन को प्रभावित करने लगें, तो एक्सपर्ट डॉक्टर की गाइडेंस जरूरी है। डिप्रेशन का इलाज संभव है और समय पर उपचार शुरू करने से महत्वपूर्ण फर्क पड़ सकता है। डिप्रेशन का उपचार हर व्यक्ति के लिए अलग हो सकता है। इसमें साइकोथेरेपी, जीवनशैली में बदलाव और जरूरत के अनुसार दवाएं शामिल हो सकती हैं। अनुभवी मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ लक्षणों का मूल्यांकन करके उचित उपचार का सुझाव दे सकते हैं।

ऐसे करें मेंटल हेल्थ केयर

अपने मानसिक स्वास्थ्य पर भी नियमित ध्यान देने की जरूरत होती है, ठीक उसी तरह जैसे हम अपने शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखते हैं। इसके लिए पर्याप्त नींद लेना, सक्रिय रहना, अच्छे और महत्वपूर्ण रिश्तों को बनाए रखना, अपने लिए वास्तविक और उचित अपेक्षाएं रखना तथा आराम करने और तनाव कम करने के लिए समय



निकालना भावनात्मक रूप से सशक्त करने में मदद कर सकता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हेल्थ के लिए मदद मांगना कमजोरी की निशानी नहीं है। यह पहचानना कि कुछ ठीक नहीं है और किसी योग्य विशेषज्ञ से सहायता लेना सुधार और स्वस्थ होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। किसी भी प्रकार की मानसिक समस्या को शुरुआती स्तर पर पहचानने और मनोचिकित्सक से परामर्श लेने पर लोग तनाव और चिंता को बेहतर तरीके से नियंत्रित कर सकते हैं। इसी तरह डिप्रेशन का उचित उपचार लेना और रोजमर्रा की जिंदगी की चुनौतियों से निपटने के स्वस्थ तरीके विकसित करना सीख सकते हैं। इससे आप मेंटली हेल्दी रहेंगे। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला



कब लें साइकिएट्रिस्ट से सलाह

किसी भी तरह की मानसिक समस्या के बारे में डॉक्टर से कंसल्ट करने के लिए लक्षणों के बहुत गंभीर होने तक इंतजार करना जरूरी नहीं है। यहां बताई जा रही स्थितियां भी मनोचिकित्सक से बात करने के लिए पर्याप्त हो सकती हैं।

- अगर आप अपने मूड, नींद या भूख में लगातार बदलाव महसूस करते हैं।
- अगर आप अपनी रोजमर्रा की जिम्मेदारियों को संभालने में कठिनाई महसूसते हैं।
- अपने करीबी लोगों से दूरी बनाने लगना।
- हर समय बेवजह बहुत ज्यादा या नियंत्रण से बाहर लगने वाली चिंता।
- पहले पसंद आने वाली गतिविधियों में रुचि खत्म हो जाना।
- यदि किसी व्यक्ति को खुद को नुकसान पहुंचाने या आत्महत्या के विचार आ रहे हों, तो तुरंत मनोचिकित्सक से मदद लेनी चाहिए।

डिजीज
डॉ. जे. रावत
सीनियर फिजीशियन, दिल्ली

अकसर लोग मामूली चोट को नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन कई बार छोटी सी चोट भी सेप्सिस में बदल जाती है और जानलेवा साबित हो सकती है। इसलिए इसके बारे में पूरी जानकारी होना आवश्यक है। सेप्सिस के कारण, लक्षण और उपचार के बारे में बहुत उपयोगी सलाह।

कहीं चोट न बन जाए जानलेवा सेप्सिस



सेप्सिस या सेप्टिसीमिया सीवियर मेडिकल स्थिति है, जो छोटी-सी चोट या घाव से शुरू हो सकती है। जिस पर ध्यान न देने पर यह जानलेवा हो सकती है। सेप्सिस में हमारा शरीर किसी इंफेक्शन के प्रति इम्यून रिएक्शन देने लगती है। इसकी वजह से शरीर अपने ही टिश्यूज को डैमेज करने लगता है यानी खुद को नुकसान पहुंचाना शुरू कर देता है।

असल में हमें किसी तरह का इंफेक्शन (फंगल, वायरल, बैक्टीरियल) होता है, तब हमारे शरीर का इम्यून सिस्टम उस इंफेक्शन के खिलाफ रि-एक्शन करता है। इस रि-एक्शन के दौरान शरीर कई तरह के एंजाइम्स या प्रोकैल्सिटोनिन प्रोटीन रिलीज करता है, जो आमतौर पर शरीर को इंफेक्शन से बचाते हैं। लेकिन सेप्सिस की स्थिति में शरीर का इम्यून सिस्टम इन एंजाइम्स को ठीक तरह रिस्पांड नहीं कर पाता या कंट्रोल से बाहर हो जाता है। यह रिएक्शन इतना बढ़ जाता है कि शरीर अपने ही अंदरूनी अंगों को नुकसान पहुंचाना शुरू कर देता है।

सेप्सिस की एडवांस स्टेज को सेप्टिक शॉक मल्टीऑर्गन फेलियर कहा जाता है। इसमें इंफ्लामेटरी रिस्पांस की वजह शरीर में डिहाइड्रेशन होना शुरू हो जाता है, ब्लड सर्कुलेशन में बदलाव आने लगता है, मरीज का ब्लड प्रेशर बहुत कम हो जाता है। इस कॉम्प्रोमाइज सर्कुलेटरी सिस्टम के कारण शरीर के विभिन्न अंगों तक ऑक्सीजन ठीक तरह से नहीं पहुंच पाती। जिसका असर फेफड़ों, हार्ट, किडनी जैसे अंगों पर पड़ता है। शरीर में शॉक और मल्टीऑर्गन फेलियर जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। मरीज की मौत भी हो सकती है।

क्या कहते हैं आंकड़े: एक रिपोर्ट के हिसाब से पूरे एशिया में भारत सेप्सिस से होने वाली मौतों (तकरीबन 34 प्रतिशत) में दूसरे नंबर पर आता है। आईसीयू में भर्ती लोगों को इसका ज्यादा खतरा होता है। विडंबना है कि इसके बारे में लोगों में जागरूकता की कमी है और इसकी वजह से लाखों लोगों को जान गंवानी पड़ती है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़े बताते हैं कि दुनिया में हर 3 सेकेंड में किसी एक व्यक्ति की सेप्सिस से मौत हो जाती है।

क्या है कारण: शरीर में अधिकतर इंफेक्शन सेप्सिस की वजह बन सकते हैं जैसे- निमोनिया, यूरिनरी ट्रेक्ट इंफेक्शन, एब्डोमन इंफेक्शन, स्किन इंफेक्शन, मेनेंजाइटिस ब्रेन इंफेक्शन। कभी-कभी छोटी-सी चोट लगने, खरोंच आने, कटने, कीड़े के काटने पर भी सेप्सिस हो सकता है। अगर वो इंफेक्शन समय रहते ठीक न हो, तो बैक्टीरिया पूरे शरीर में फैल सकते हैं और सेप्सिस इंफेक्शन विकसित हो सकता है।

क्या हैं लक्षण: तेज बुखार आना, ब्लड प्रेशर में बार-बार उतार-चढ़ाव होना, असहनीय बदन दर्द होना, थकावट और कमजोरी महसूस होना। ब्लड प्रेशर कम होना। स्किन के घाव में से पस निकलना, पेट में दर्द होना। हार्टबीट बढ़ना। शरीर में सूजन आना और ब्लड क्लॉट होना।

क्या होता है असर: शरीर के विभिन्न अंगों



पर असर पड़ने से उन अंगों का ठीक तरह काम न कर पाना, जैसे- लिवर पर असर होने पर जांडिस होना, फेफड़ों में एक्यूट रेस्पेरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम होना, ऑक्सीजन लेवल कम होना, सांस लेने में दिक्कत होना, ब्रेन पर असर होने पर बेहोशी आना, दौरे पड़ना, सिर दर्द होना, किडनी पर असर होने पर यूरिन में कमी होना, स्किन पर रैशेज होना, स्किन के कलर में बदलाव होना।

किन्हें है ज्यादा रिस्क: किसी भी तरह के इंफेक्शन से जूझ रहे लोग, निमोनिया बुखार से पीड़ित, शुगर कंट्रोल न होने पर डायबिटीज, लिवर या हार्ट की बीमारी हो, इम्यूनिटी कमजोर होना, 60 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग या 2 साल से कम उम्र के बच्चे।

कब जाएं डॉक्टर के पास: सतर्क रहना जरूरी है। जब भी मरीज को बुखार के साथ किसी तरह की चोट या इंफेक्शन हो, सांस तेज चल रही हो, ब्लड प्रेशर कम हो रहा हो। तो बिना देर किए डॉक्टर को कंसल्ट करना चाहिए।

क्या है इलाज: मरीज की स्थिति के आधार पर इलाज किया जाता है। प्रो-कैल्सिटोनिन प्रोटीन का पता लगाने के लिए बीआरएएचएमएस प्रो. कैल्सिटोनिन ब्लड टेस्ट, ब्लड कल्चर, इंफेक्शन वाली जगह से कल्चर किया जाता है। कोशिश की जाती है कि मरीज के अंग कम से कम प्रभावित हों और सेप्सिस इंफेक्शन जल्द ठीक हो जाए। जैसे- ब्लड प्रेशर कम होने पर इंटरावैस्कुलर ड्रॉप से फ्ल्यूड दिए जाते हैं। ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने के लिए वेजो प्रेशर मेडिसिन दी जाती है। इंफेक्शन कंट्रोल करने के लिए एंटी-बायोटिक मेडिसिन दी जाती हैं। सांस लेने में दिक्कत होने पर मरीज को ऑक्सीजन भी दी जाती है। स्किन में इंफेक्शन होने पर पस निकल रही हो तो उसे साफ करने के लिए सर्जरी भी की जाती है। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा



सेप्सिस से ऐसे करें बचाव

- फ्लू, निमोनिया या इंफेक्शन से बचाव के लिए फ्लू वैक्सीन जरूर लगवाएं।
- साफ-सफाई और पर्सनल हाइजीन का ध्यान रखें। रेगुलर हैंडवॉश करें।
- हेल्दी लाइफस्टाइल मेंटेन करें। रेगुलर एक्सरसाइज करें।
- किसी भी तरह की चोट लगने या इंफेक्शन को नजरअंदाज न करें। डॉक्टर से कंसल्ट करें।
- अपने आप कोई दवाई न लें। डॉक्टर द्वारा दी गई एंटी-बायोटिक का कोर्स नियमित लें और कोर्स पूरा करें।
- पौष्टिक तत्वों से भरपूर संतुलित आहार लें।



मेस्सी की विदाई में दिखा जादू, अर्जेंटीना ने बेनिन को 3-0 से हराया

मेस्सी युग का अंत, 21 साल 126 गोल और अनगिनत यादें



एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स

अर्जेंटीना एक ऐसी वास्तविकता का सामना कर रहा है, जिसकी कल्पना करना भी कभी मुश्किल था कि राष्ट्रीय टीम में महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी नहीं होंगे। मेस्सी की विदाई सिर्फ एक महान खिलाड़ी के संन्यास की कहानी नहीं, बल्कि अर्जेंटीना के फुटबॉल के एक स्वर्णिम अध्याय के खत्म होने का भी अहसास है।

मेस्सी (39 वर्ष) ने अर्जेंटीना की जर्सी में अपना आखिरी मैच खेला और दो दशक से अधिक लंबे शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर को भावुक विदाई दी। जिस खिलाड़ी ने अर्जेंटीना के फुटबॉल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया, उसके जाने के साथ टीम एक ऐसे युग के अंत की गवाह बनी, जिसे हमेशा याद किया जाएगा। मेस्सी ने 21 वर्षों तक खेलते हुए 126 गोल दागे, दो कोपा अमेरिका खिताब और एक विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहा। उन्होंने विदाई मैच में बेनिन पर मिली 3-0 की जीत में पेनल्टी पर गोल किया और अन्य दो गोल करने में मदद की।



मैं इस मैदान को नहीं छोड़ना चाहता : मेस्सी

मेस्सी ने कहा, ' सच तो यह है कि मैं जितना कभी बोला हूं, उससे ज्यादा बोल रहा हूं। मैं यहां से नहीं जाना चाहता, मैं इस मैदान को नहीं छोड़ना चाहता। मैं बस आपसे कहना चाहता हूं कि मैं आपसे प्यार करता हूं, मुझे आपकी कमी खलेगी और मैं भगवान का शुक्रगुजार हूं कि मैं अर्जेंटीना का हूं। '' अपने लोगों का दिल जीतना

85,000 से अधिक टिकट 90 मिनट में बिके

ब्यूनस आयर्स के सबसे बड़े स्टेडियम के 85,000 से अधिक टिकट 90 मिनट में बिक गए। शुरुआत में करीब 60 से 300 डॉलर कीमत वाले इन टिकटों की दोबारा बिक्री वाली वेबसाइटों पर कीमत 2,500 डॉलर से भी अधिक पहुंच गई। अर्जेंटीना की 1978, 1986 और 2022 की विश्व कप विजेता टीमों के खिलाड़ी उन्हें विदाई देने के लिए लौटे। मैच खत्म होने के बाद मेस्सी की आंखें नम हो गईं, जब उनके साथी उनके चारों ओर इकट्ठा होकर तालियां बजाने लगे। ''ओले, ओले, ओले, ओले, मेस्सी, मेस्सी'' का गूंजता हुआ स्वर स्टैंड से उठा जबकि हजारों प्रशंसक उछलते हुए गा रहे थे और उनकी ओर ऐसे झुके मानो उनकी पूजा कर रहे हों। मिडफील्ड में एक बैनर ने उन्हें 'इटरनल' (शाश्वत) कप्तान घोषित किया।

आईसीसी रैंकिंग : भारतीय कप्तानों का जलवा अय्यर 7वें पायदान पर, टॉप पर बरकरार गिल

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के टी20 कप्तान श्रेयस अय्यर बुधवार को खेल के सबसे छोटे प्रारुप की ताजा आईसीसी रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गए जबकि वनडे कप्तान शुभमन गिल ने 50 ओवर की बल्लेबाजी सूची में शीर्ष स्थान बरकरार रखा।

अय्यर की 43 गेंदों पर 10 चौकों और छह छक्कों से सजी नाबाद 102 रन की पारी ने टी20 विश्व चैंपियन को मंगलवार को लखनऊ में वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में आठ विकेट की शानदार जीत दिलाई। इस विस्फोटक पारी से अय्यर को 18 पायदान का फायदा हुआ, जिससे वह इस प्रारुप में भारत के तीसरे सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग बल्लेबाज बन गए हैं।



शीर्ष 10 में शामिल भारत के 4 बल्लेबाज

आईसीसी के अनुसार ईशान किशन और अभिषेक शर्मा शीर्ष दो स्थानों पर बने हुए हैं जबकि तिलक वर्मा 10वें स्थान पर हैं, जिससे भारत के चार बल्लेबाज शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। पंद्रह वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी आठ स्थान के फायदे से 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

रदरफोर्ड को 10 पायदान का फायदा

वेस्टइंडीज के बल्लेबाज शेरफान रदरफोर्ड की तेजतर्रार 56 रन की पारी ने उन्हें 10 पायदान के फायदे से 37वें स्थान पर पहुंचा दिया जबकि पाकिस्तान के हसन नवाज (62 पायदान के फायदे से 48वें स्थान पर) एशियाई खेलों के बाद सूची में ऊपर बढ़े हैं। एशियाई खेलों के सेमीफाइनल और फाइनल में अबरार अहमद (29 रन देकर कोई विकेट नहीं और 29 रन देकर एक विकेट) के आंकड़े उन्हें गेंदबाजों में शीर्ष स्थान बरकरार रखने के लिए काफी नहीं थे। लेग स्पिनर राशिद खान आठवीं बार शीर्ष पर लौटे हैं। अक्षर पटेल 16 पायदान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गए।

गिल की शीर्ष पर स्थिति मजबूत

गिल ने गुवाहाटी में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे मैच में नाबाद 223 रन बनाने के बाद वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। यह वनडे प्रारुप में उनका दूसरा दोहरा शतक था, जिसने उन्हें 25 रेटिंग अंक दिलाए और इस प्रदर्शन से उन्होंने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 841 रेटिंग अंकों की बराबरी की। पूर्व कप्तान विराट कोहली दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे वनडे में शानदार शतक के बाद केएल राहुल को सात पायदान का फायदा हुआ, जिससे वह 10वें स्थान से शीर्ष 10 में वापस आ गए हैं।

स्वियातेक ने 1 घंटा 36 मिनट में जीता मैच, क्वार्टर फाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

इगा स्वियातेक ने अमेरिकी टीनएजर इवा जोविच के खिलाफ 6-1, 6-3 से जीत दर्ज करते हुए चाइना ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन को जीत हासिल करने में सिर्फ 1 घंटा 36 मिनट लगे। दूसरे सेट में जोविच ने वापसी की थोड़ी-बहुत कोशिश की, लेकिन इसके बावजूद जोविच ने मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा।

पोलिश स्टार ने लगभग तुरंत ही अपना दबदबा बना लिया और शुरुआती पांच गेम तेजी से जीत लिए। जोविच ने छठे गेम में दो सेट प्वाइंट्स बचाकर आखिरकार अपना खाता खोला, लेकिन स्वियातेक शांत रहीं और आखिरकार अपने पांचवें मौके पर सेट जीत लिया।

जोविच ने दिखाया आक्रामक खेल

वर्ल्ड नंबर-13 जोविच ने दूसरे सेट की शुरुआत में ज्यादा आक्रामक खेल दिखाया। स्वियातेक ने शुरुआती गेम में सर्विस तोड़ी और 2-0 की बढ़त बना ली, लेकिन टीनएजर ने अपने ग्राउंडस्ट्रोक में बेहतर गहराई हासिल करना शुरू किया और जल्द ही बराबरी कर ली। अगले गेम में दो ब्रेक प्वाइंट्स बचाकर 3-2 की बढ़त बनाने के बाद मोमेंटम कुछ समय के लिए जोविच की ओर झुक गया। हालांकि, स्वियातेक ने अहम मोड़ पर फिर से नियंत्रण हासिल किया और अमेरिकी खिलाड़ी की सर्विस लगातार दो बार तोड़कर मैच को अपनी पकड़ में कर लिया।



कोको से हो सकता है अगला मुकाबला

स्वियातेक का अगला मुकाबला तीसरी सीड कोको गॉफ या 13वीं सीड एलिस मर्टेंस से होगा। स्वियातेक का दोनों संभावित प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ हेड-टू-हेड रिकॉर्ड बेहतर रहा है। गॉफ के खिलाफ उनका रिकॉर्ड 11-5 और मर्टेंस के खिलाफ 2-0 का है। हालांकि, गॉफ के साथ संभावित मुकाबले में एक अतिरिक्त कहानी भी जुड़ी होगी। हालांकि स्वियातेक ने पिछले 16 मुकाबलों में से 11 जीते हैं, लेकिन गॉफ ने अपनी पिछली चार भिड़ंतों में जीत हासिल की है, और वे सभी सीधे सेटों में जीती हैं।

नेशंस लीग

हैरी केन ने खेला 125वां मैच, दागे शानदार दो गोल

इंग्लैंड ने चेकिया को 3-0 से हराया



एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड के स्टार स्ट्राइकर हैरी केन ने अपने करियर के 125वें अंतरराष्ट्रीय मैच में दो गोल दागकर एक खास रिकॉर्ड की बराबरी की। उनकी शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने चेकिया को हराया और अगले साल गर्मियों में होने वाले यूईएफए नेशंस लीग फाइनल के लिए क्वालिफाई करने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया। केन के दो गोल ने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। केन ने सिर्फ 11 साल और 193 दिनों में इंग्लैंड के लिए 125 मैच खेलने का मुकाम हासिल किया। यह शिलटन (19 साल, 224 दिन) की तुलना में 8 साल और 31 दिन कम समय है।

केन ने इस मुकाबले में दो गोल किए, जो उनके अंतरराष्ट्रीय करियर के 90वें और 91वें गोल रहे। इंग्लैंड ने चेकिया को 3-0 हराकर मैच अपने नाम कर लिया।

गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने हैरी

चेकिया के खिलाड़ी व्लादिमीर कौफल ने दबाव में आकर गेंद अपने ही गोल में डाल दी। इसके चलते वेम्बली स्टेडियम में इंग्लैंड ने 3-0 से आसान जीत दर्ज की। इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन ने वेम्बली स्टेडियम में एक और शानदार उपलब्धि अपने नाम की।

अहमदाबाद में शुरू हुई क्यू खेल चैंपियनशिप

अहमदाबाद। दूसरी राष्ट्रमंडल क्यू खेल चैंपियनशिप की बुधवार को शुरुआत हुई, जिसमें 42 देशों के 144 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस चार दिवसीय चैंपियनशिप में 72 पुरुष और 72 महिला खिलाड़ी इंग्लिश बिलियर्ड्स, स्नूकर, 10 बॉल पूल, हेबॉल और ब्लैकबॉल स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। यह पहली बार है जब कई स्पर्धाओं वाली इस प्रतिष्ठित राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप का आयोजन भारत में किया जा रहा है।

E-mail id- mobhopal@gmail.com

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला भोपाल

क्रमांक / 1097/ खनिज / उ.प.- / 2026 भोपाल, दिनांक 22/9/2026

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए,

द्वितीय सूचना

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक राम भरोस पता- म.नं. 193, वार्ड नं. 03, बहौरी, पोस्ट बहौरी, जिला भोपाल म.प्र. द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 27.07.2026 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्र. जी-17102/26 दिनांक 15.08.2026 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुनः प्रकाशन दिनाक से 15 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किये जाने हेतु आवेदन ई-खनिज 2.0 पोर्टल https://mines.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायगे हैं।

जिला	तहसील	ग्राम	खसरा नंबर	रकबा	भूमि का प्रकार शासकीय/निजी	खनिज का नाम	रिमार्क
भोपाल	हुजूर	मालीखेडी	246	3.999 हेक्ट,	शासकीय	यांत्रिकी क्रिया गिट्टी बनाने के लिये पत्थर (अर्थात क्रेशर के उपयोग हेतु)	रकबा 3.999 हेक्ट

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी (खनिज) जिला भोपाल

जी - 19611/26 स्वच्छता ही सेवा

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग बैतूल (म.प्र.)

निविदा सूचना क्रमांक 03-डी.एल./2026-27 -:: निविदा सूचना ::- बैतूल, दिनांक 06/10/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

स. क्र.	टेण्डर नम्बर	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनुमानित राशि (लाख मे)	अमानत राशि	समयावधि	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी. आर. एवं अन्य दस्वातेज)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	2026_PWDRB_541031_1	बैतूल	भवन कार्य	लो.नि.वि. उपसंभाग बैतूल के अन्तर्गत गैर आवासीय भवनों की मरम्मत, विशेष मरम्मत एवं लघुमूल गौण कार्य।	प्रथम आमंत्रण	19.50	39,000/-	06 माह (वषार्काल सहित)	EMD and all Documents Submission Online Only.
2	2026_PWDRB_541038_1	बैतूल	भवन कार्य	लो.नि.वि. उपसंभाग बैतूल के अन्तर्गत एफ टाईप के ऊपर के आवासीय भवनों की मरम्मत, विशेष मरम्मत एवं लघुमूल गौण कार्य।	प्रथम आमंत्रण	19.50	39,000/-	06 माह (वषार्काल सहित)	EMD and all Documents Submission Online Only.
3	2026_PWDRB_541039_1	बैतूल	भवन कार्य	लो.नि.वि. उपसंभाग बैतूल के अन्तर्गत एफ टाईप के नीचे के आवासीय भवनों की मरम्मत, विशेष मरम्मत एवं लघुमूल गौण कार्य।	प्रथम आमंत्रण	19.50	39,000/-	06 माह (वषार्काल सहित)	EMD and all Documents Submission Online Only.
4	2026_PWDRB_541040_1	बैतूल	भवन कार्य	'लो.नि.वि. उपसंभाग बैतूल के अन्तर्गत गैर आवासीय भवनों की रंगाई पुताई का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	19.50	39,000/-	06 माह (वषार्काल सहित)	EMD and all Documents Submission Online Only.
5	2026_PWDRB_541041_1	बैतूल	भवन कार्य	लो.नि.वि. उपसंभाग बैतूल के अन्तर्गत आवासीय भवनों की रंगाई पुताई का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	19.50	39,000/-	06 माह (वषार्काल सहित)	EMD and all Documents Submission Online Only.
6	2026_PWDRB_541043_1	बैतूल	सडक कार्य	लो.नि.वि. उपसंभाग बैतूल के अन्तर्गत पुल-पुलियों एवं पहुँच मार्गो की वार्षिक मरम्मत का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	19.50	39,000/-	06 माह (वषार्काल सहित)	EMD and all Documents Submission Online Only.
7	2026_PWDRB_541046_1	बैतूल	सडक कार्य	लो.नि.वि. उपसंभाग बैतूल एंव भैंसदेही के अन्तर्गत विभिन्न मार्गो के सर्वे एवं डी.पी.आर तैयार करने का कार्य।	प्रथम आमंत्रण	10.00	20,000/-	06 माह (वषार्काल सहित)	EMD and all Documents Submission Online Only.
8	2026_PWDRB_541055_1	बैतूल	भवन कार्य	लो.नि.वि. उपसंभाग बैतूल के अन्तर्गत न्यायालय भवनों की मरम्मत, विशेष मरम्मत कार्य।	प्रथम आमंत्रण	19.50	39,000/-	06 माह (वषार्काल सहित)	EMD and all Documents Submission Online Only.
9	2026_PWDRB_541056_1	बैतूल	भवन कार्य	लो.नि.वि. उपसंभाग बैतूल के अन्तर्गत न्यायालय आवास भवनों की मरम्मत, विशेष मरम्मत कार्य।	प्रथम आमंत्रण	19.50	39,000/-	06 माह (वषार्काल सहित)	EMD and all Documents Submission Online Only.

उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अन्तिम दिनांक 16/10/2026 सायं 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट मे देखा जा सकता है। निविदा मे होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों मे प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ./स.)
संभाग बैतूल (म.प्र.)

जी - 19627/26 स्वच्छता ही सेवा

18 से 24 अक्टूबर तक नागोया में खेले जाएंगे एशियाई पैरा खेल

एशियाई पैरा खेलों में भारत के ध्वजवाहक होंगे भगत-भाविना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत और भाविना पटेल 18 से 24 अक्टूबर तक जापान के नागोया में होने वाले एशियाई पैरा खेलों के उद्घाटन समारोह में भारतीय दल के ध्वजवाहक होंगे।

भारत के सबसे सफल पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों में शामिल भगत ने 2014 से 2023 के बीच एशियाई पैरा खेलों में छह पदक जीते हैं, जिनमें दो स्वर्ण और चार कांस्य पदक शामिल हैं। शीर्ष पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविना ने 2018 से 2023 के बीच एशियाई पैरा खेलों में एक रजत और एक कांस्य पदक जीता है।



भाविना ने कहा, 'भारत का ध्वजवाहक चुना जाना मेरे लिए बेहद गर्व का क्षण है।' उन्होंने कहा, 'जब आप तिरंगा थामते हैं तो आपको एहसास होता है कि आप अपने से कहीं बड़ी चीज का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। मैं प्रमोद के साथ उद्घाटन समारोह में भारतीय दल का नेतृत्व करने को लेकर उत्साहित हूं। मुझे उम्मीद है कि हमारे सभी खिलाड़ी आत्मविश्वास के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस पल का आनंद लेंगे और भारत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।'

8 अक्टूबर को रवाना होगा भारतीय दल

भारतीय पैरालंपिक समिति 8 अक्टूबर को विशेष विदाई समारोह में भारतीय दल को रवाना करेगी। समारोह में खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया मुख्य अतिथि होंगे जबकि युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे सम्मानित अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगी। पीसीआई अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया ने कहा, ' उद्घाटन समारोह में प्रमोद भगत और भाविना पटेल का भारतीय दल का नेतृत्व करना हमारे लिए बेहद गर्व की बात है।'





अभी भी तैयार नहीं हुआ सलमान की मातृभूमि का फाइनल वर्जन

मुंबई। अपूर्व लाखिया के डायरेक्शन में बनी सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमि'पर आए दिन कोई न कोई नया अपडेट सामने आ ही रहा है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया कि जल्द ही इस पिक्चर की रिलीज डेट का ऐलान हो सकता। ये भी कहा गया कि मेकर्स नवंबर में इस फिल्म को रिलीज करने का प्लान कर रहे हैं। अब एक नई रिपोर्ट में कहा गया कि अभी भी इस फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन पर काम चल रहा है। रिलीज डेट को लेकर फिलहाल स्पष्टता नहीं है। एक रिपोर्ट की मानें तो फिल्म में अभी भी बदलाव का काम जारी है और रवि बसरूर बैकग्राउंड स्कोर पर लगे हुए हैं। मेकर्स ने अभी फिल्म का फाइनल कट तय नहीं किया है। यानी फिल्म का फाइनल वर्जन तैयार होना बाकी है।



हॉलीवुड मसाला



दी एक्जॉरसिस्ट मार्टर्स का टीजर रिलीज

नई दिल्ली। हॉरर फिल्मों के शौकीनों के लिए मजेदार खबर आई है। 53 साल पुरानी दुनिया की सबसे हॉरर मूवी 'द एक्सॉर्सिस्ट' फ्रेंचाइजी के नए पार्ट की पहली झलक ने दस्तक दे दी है। इसकी पहली झलक ही होश उड़ाने के लिए काफी है। मशहूर फिल्ममेकर माइक फ्लैनगन की नई हॉरर फिल्म 'दी एक्जॉरसिस्टः मार्टर्स' का पहला टीजर रिलीज हो गया है। 15 सेकेंड का यह टीजर फिल्म की कहानी तो पूरी तरह नहीं खोलता, लेकिन इसके डरावने विजुअल्स ने फिल्म को लेकर फैन्स में जरूर दीवानगी का आलम पैदा कर दिया है।

लाइफ Style

कृति

लोग अपने काम से काम रखें

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बेहद लोकप्रिय टॉक शो और पॉडकास्ट 'व्हाट वीमेन वांट' का सीजन 6 जल्द शुरू होने वाला है। इस सीजन में अली फजल, नेहा कक्कड़, महीप कपूर, भावना पांडे, मिकी कॉन्ट्रैक्टर, पंकज त्रिपाठी, कृति सेनन और मीरा राजपूत समेत कई सितारे नजर आएंगे।

अब हाल ही में शो का ट्रेलर जारी किया गया, जिसमें देखने को मिला कि कृति अभिनेत्री के साथ रक्षाबंधन विज्ञापन विवाद पर खुलकर बात करते हुए नजर आती हैं। करीना से बात करते हुए कृति ने कहा, 'मुझे विश्वास ही नहीं हुआ कि मेरी चोली प्राइम टाइम न्यूज में छह लोगों की पैनल चर्चा का मुद्दा बन गई थी।' इस पर करीना ने कहा, 'मुझे पता है।' शो के आखिर में जब कृति से पूछा गया कि महिलाएं वास्तव में क्या चाहती हैं, तो उन्होंने जवाब दिया, 'जज न किया जाए और लोग अपने काम से काम रखें।' दरअसल, यह विवाद तब शुरू हुआ था, जब ज्वेलरी ब्रांड जिवा ने रक्षाबंधन पर कृति के साथ एक विज्ञापन जारी किया था। इस विज्ञापन में अभिनेत्री अपने भाई के साथ-साथ अपने पालतू कुत्ते को भी राखी बांधते हुए नजर आई थीं। इस दौरान उन्होंने इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहना था। विज्ञापन में कृति ऑफ-व्हाइट ब्रालेट स्टाइल ब्लाउज, केप और ड्रेप्ड स्कर्ट पहने नजर आई थीं। विज्ञापन के जरिए रक्षाबंधन जैसे पारंपरिक त्योहार को एक मॉडर्न अंदाज में दिखाने की कोशिश की गई थी, लेकिन कुछ लोगों को यह पसंद नहीं आया। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने सवाल उठाया कि इस त्योहार के लिए ऐसा पहनावा सही है या नहीं।

टॉम की फिल्म डिगर को 1350 करोड़ का नुकसान!



लॉस एंजिल्स। टॉम क्रूज की फिल्म 'डिगर' को बॉक्स ऑफिस पर बड़ी असफलता का सामना करना पड़ा है। फिल्म को लगभग 1,350 करोड़ रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। वैसे तो नॉर्थ अमेरिका में भी ये बुरी तरह पिट ही रही है, लेकिन भारत में अजय देवगन की 'दृश्यम 3' के रिलीज होने का भी इस पर असर पड़ा है। एलेजैंड्रो इनारितु की फिल्म 'डिगर' - जिसमें टॉम क्रूज ने एक लालची तेल कारोबारी का ऐसा रोल निभाया है जिसमें उन्हें पहचानना मुश्किल है - ओपनिंग वीकेंड में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन न कर पाने के बाद दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई है। 'द हॉलीवुड रिपोर्टर' के अनुसार, 19 साल पहले टॉम क्रूज की एक फिल्म ने नॉर्थ अमेरिका में 8 मिलियन डॉलर से कम की ओपनिंग की थी।

रॉबर्ट रेडफोर्ड की 2007 की वॉर ड्रामा 'लायंस फॉर लैम्ब्स' - जिसमें क्रूज, रेडफोर्ड और मेरिल स्ट्रीप ने काम किया था- इसने 6.7 मिलियन डॉलर की ओपनिंग की थी। हालांकि, उसका बजट सिर्फ 35 मिलियन डॉलर था, जो 'डिगर' के 125 मिलियन डॉलर बजट का लगभग एक-चौथाई था। प्रमोशन पर भी 100 मिलियन डॉलर खर्च किए गए थे।

टीवी मसाला



'कपिल शो' में महफिल जमाने आ रहे सुनील व रवि

नई दिल्ली। कॉमेडी किंग कपिल शर्मा का पॉपुलर शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' अपने नए सीजन के साथ आ गया है। जो नेटफ्लिक्स पर दर्शकों को खूब हंसा रहा है। इस शो में हर हफ्ते बॉलीवुड और स्पोर्ट्स जगत की जानी-मानी हस्तियां पहुंचती है। अब शो के अपकमिंग एपिसोड का धमाकेदार प्रोमो रिलीज हो चुका है। जिसमें क्रिकेट जगत के दो दिग्गज सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री कपिल की महफिल में चार चांद लगाते नजर आएंगे। कपिल शर्मा के इस सीजन में अब तक कई सितारे आ चुके हैं। शो के शुरुआती एपिसोड्स में बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर्स कपिल शर्मा की पूरी गैंग के साथ मजेदार मस्ती करते नजर आए हैं। जिसमें सुनील ग्रोवर, अर्चना पूरन सिंह, नवजोत सिंह सिद्धू, कृष्णा अभिषेक और कीकू शारदा शामिल हैं। हर शनिवार को आने वाला यह एपिसोड दर्शकों को हंसी का भरपूर डोज दे रहा है। सामने आए नए प्रोमो में सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री दिखाई दे रहे हैं। जहां वो कपिल शर्मा के साथ ड्रेसिंग रूम के दिलचस्प किस्से और क्रिकेट की पुरानी यादें शेयर करते दिख रहे हैं। वीडियो में नवजोत सिंह सिद्धू जब सुनील गावस्कर से पूछते हैं कि वो उस दौर में बिना हेलमेट के कैसे बैटिंग कर लेते थे? तो गावस्कर मजाकिया लहजे में जवाब देते हैं "क्योंकि अंदर कुछ था ही नहीं." यह सुनकर पूरा सेट ठहाकों से गूंज उठता है।

बिग बॉस में शैनन की होगी वाइल्ड कार्ड एंट्री

नई दिल्ली। सलमान खान होस्टेड शो 'बिग बॉस 20' को शुरू हुए एक महीना हो गया और इस एक महीने में शो के अंदर काफी कुछ देखने को मिला। शो की शुरुआत में 16 प्रतियोगियों ने इसमें हिस्सा लिया था।



इसके बाद जैसे-जैसे गेम आगे बढ़ा तो तीन कंटेस्टेंट्स बाहर भी हो गए। अब शो में जल्द ही कुछ वाइल्डकार्ड एंट्री देखने को मिल सकती हैं। बता दें कि सोशल मीडिया पर शैनन के का नाम काफी चर्चा में बना हुआ है। ऐसा बताया जा रहा है कि शैनन बिग बॉस के इस सीजन में घर में बतौर वाइल्डकार्ड कंटेस्टेंट एंट्री कर सकती हैं। बता दें कि शैनन के. बॉलीवुड सिंगर कुमार सानू की बेटी हैं। सिंगर ने दो शादियां की और उनकी पहली शादी से बेटे जान कुमार सानू हैं और दूसरी पत्नी के साथ गायक ने एक बेटी को गोद लिया, जो शैनन हैं। शैनन ने अपना डेब्यू पॉप सिंगल 'अ लॉन्ग टाइम' से किया था, जिसे जस्टिन बीबर के सहयोगी पू बी ने प्रोड्यूस किया था और लिखा था। शैनन के. सिंगर हैं और उनका करियर सिर्फ भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री तक सीमित नहीं है।

रामायण की दुनिया में वापस लौटे अरुण गोविल



नई दिल्ली। अभिनेता अरुण गोविल ने रामानंद सागर की 'रामायण' में भगवान श्रीराम का किरदार निभाया था। मगर नितेश तिवारी की रामायण में वह राजा दशरथ के किरदार में नजर आएंगे। मेकर्स ने फिल्म का पोस्टर सोशल मीडिया पर रिलीज किया है। इस पोस्टर में वह अयोध्या के राजा की वेश भूषा में सिंहासन पर बैठे हुए हैं। इतने साल बाद अरुण गोविल को दोबारा रामायण के जुड़े पात्र के रूप में देखना अपने आप में एक भावुक पल होगा। मेकर्स ने इस फोटो के साथ एक खास कैप्शन में लिखा, 'उन्होंने एक पीढ़ी के लिए राम को जीवंत किया था। अब, वे अयोध्या के राजा के रूप में रामायण की दुनिया में लौट रहे हैं। अरुण गोविल राजा दशरथ के रूप में।'





हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930